शर्मा हार्डওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 290 | गुवाहाटी | गुरुवार, 18 मई, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

आठ महीने हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 50,000 रुपए मुआवजा देने का निर्देश दिया पेज 3
आईएनएस सिंधुरत्न पनडुब्बी 97 दिनों की लंबी यात्रा के बाद रूस से मुंबई पहुंची पेज 4
उप्र में स्थापित होगा फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन इंस्टिट्यूट : मुख्यमंत्री पेज 5
पंजाब में सरकारी बसों को 2.29 पैसे सस्ता मिलेगा डीजल : भुल्लर पेज 8

## चरैवती के लक्ष्य के साथ भाजपा लगातार आगे बढ़ रही : मुख्यमंत्री



**तिनसुकिया ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को तिनसुकिया के बरगुड़ी में असम प्रदेश तिनसुकिया जिला समिति के भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित स्थायी कार्यालय भवन का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। यह असम प्रदेश भाजपा का 20वां स्थायी जिला कार्यालय भवन है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने भाजपा के लिए कार्यालयों को मंदिर बताया। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी में भाजपा का पूर्वोत्तर कार्यालय और असम प्रदेश कार्यालय पहले ही पूरा हो चुका है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुछ दिन पहले असम और अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर क्षेत्र के दौरे के दौरान ऊपरी असम के मांडलिक कार्यालय भवन निर्माण का डिब्रूगढ़ में आधारशिला रखी थी। इस भवन का निर्माण कार्य कुछ ही समय में पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में, असम प्रदेश भाजपा की आठ और जिला समितियों के कार्यालय भवनों का निर्माण चल रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय निर्माण की इस प्रक्रिया को एक कदम और आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया है और इस साल दिसंबर तक राज्य के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में एक मंडल कार्यालय का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा राज्य में पहली ऐसी पार्टी है जिसका मंडल स्तर से लेकर राज्य स्तर तक अपनी जमीन पर अपना कार्यालय है, कार्यालय का निर्माण पार्टी के लिए एक अहम लक्ष्य था। उन्होंने टिप्पणी की कि पार्टी का काम-काज किसी व्यक्ति के घर में नहीं, बल्कि केवल कार्यालयों में होता है, इसका उदाहरण कार्यालय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पार्टी कार्यालय में ही पार्टी की संसदीय समिति की बैठकें कीं। उन्होंने कहा कि भाजपा असम प्रदेश के अपने राज्य कार्यालय भवन के निर्माण के बाद उस कार्यालय में पार्टी की बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का कार्यालय पार्टी का है किसी का निजी है या एक परिवार की संपत्ति नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की संपत्ति है। भाजपा का जन्म और इसके पहले जनसंघ के दिनों से हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं की इच्छाओं और आकांक्षाओं के आधार पर हर निर्णय पर जोर दिया गया है ताकि यह पार्टी द्वारा तय किया जा सके, मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्णय हमेशा पार्टी और लोगों के हित में होने चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक स्पष्ट एजेंडा है और पार्टी कार्यकर्ता मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा चरैवती के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है और यह यात्रा जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने भाषण के संदर्भ में पार्टी कार्यकर्ताओं से तिनसुकिया जिला समिति -शेष पृष्ठ दो पर

## नगांव में मिड-डे मील खाने से 50 से अधिक छात्र बीमार



**नगांव।** असम के नगांव में एक लोअर प्राइमरी स्कूल में बुधवार को फूड पॉइजनिंग का एक संदिग्ध मामला सामने आया। स्कूल परिसर में मध्याह्न भोजन खान के बाद 50 से 60 छात्र बाद बीमार पड़ गए। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना असम के नगांव जिले के कामपुर शहर के राजागांव साउथ जोरबागान एलपी स्कूल में हुई। मिली जानकारी के मुताबिक मध्याह्न भोजन के बाद से ही छात्र बीमार पड़ने लगे। सभीको तुरंत शिंगिमारी स्टेट डिस्पेंसरी ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस बीच, डिस्पेंसरी परिसर में तनाव फैल गया क्योंकि बच्चों के माता-पिता वहां एकत्र हो गए। माता-पिता ने प्रिंसिपल स्वर्णाली पाठक की ओर से लापरवाही का आरोप लगाया, जिसके परिणामस्वरूप फूड प्वाइजनिंग की घटना हुई। उधर पश्चिम कार्बी आंग्लांग जिले के अंतर्गत खेरनी इलाके में आज एक अन्य घटना में प्रसाद खाने के बाद महिलाओं और बच्चों सहित 50 से अधिक लोग बीमार पड़ गए। घटना की सूचना उस व्यक्ति राजेश बे के घर पर मिली, जिसने पूजा का -शेष पृष्ठ दो पर

## मेदिनीपुर ब्लास्ट मामले में दो गिरफ्तार

**कोलकाता ( हि.स. )।** मेदिनीपुर के एगरा में अवैध पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट मामले में सीआईडी ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए देव सुंदर जाना और तपन देवनाथ पर आरोप है कि उन्होंने भारी मात्रा में विस्फोटक एकत्रित किया था, जिसकी मदद से यहां बम बनाए जाते थे। बुधवार अपराह्न जिला पुलिस सूत्रों ने बताया कि चार अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इधर, कारखाने के -शेष पृष्ठ दो पर

## गांवों की तत्काल बढ़ाई जाए सुरक्षा : एससी



**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा मामले को लेकर आज यानी बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने मणिपुर हाई कोर्ट के आदेश पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि फैसले पर रोक लगानी होगी। इसके अलावा याचिकाकर्ता की मांग ने कहा कि मणिपुर राज्य द्वारा स्थिति रिपोर्ट दायर की गई है। मणिपुर राज्य ने सूचित किया है कि 27 मार्च, 2023 के हाईकोर्ट के जस्टिस एमवी मुरलीधरन के फैसले के खिलाफ ऑल मणिपुर ट्राइबल यूनियन द्वारा एक रिट अपील दायर की गई है। रिट पर कोर्ट ने राज्य सरकार को कुछ चिन्हित गांवों की सुरक्षा को तत्काल बढ़ाने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि हमें मणिपुर हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगानी होगी। यह पूरी तरह से तथ्यात्मक रूप से गलत है और हमने जस्टिस मुरलीधरन को अपनी गलती सुधारने के लिए समय दिया और उन्होंने ऐसा नहीं किया। हमें अब इसके खिलाफ कड़ा रुख अपनाना होगा। सीजेआई बेंच -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वांঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## मणिपुर में कांग्रेस पर्यवेक्षकों को भेजेगी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने फैसला किया है कि पिछले दिन हुई हिंसा से प्रभावित मणिपुर में जमीनी स्थिति का जायजा लेने के लिए वह जल्द ही अपने पर्यवेक्षकों का एक दल वहां भेजेगी। मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार शाम पार्टी कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद यह निर्णय लिया। खरगे ने ट्विटर पर कहा कि आईएनसी मणिपुर के नेताओं के एक -शेष पृष्ठ दो पर

## इमरान के आवास में छिपे हैं 30-40 आतंकवादी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान को पंजाब की प्रांतीय सरकार ने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। दरअसल, पंजाब के अंतरिम सूचना मंत्री आमिर मीर ने दावा किया कि इमरान खान के आवास में आतंकवादी छिपे हैं। उन्होंने कहा कि जियो-फेंसिंग के जरिए *तकनीकी और खुफिया* जानकारी मिली थी कि इमरान खान के जमान पार्क स्थित आवास पर आतंकवादी छिपे हैं। इस दौरान उन्होंने आतंकवादियों की संख्या भी बताई। बतौर आमिर मीर पीटीआई प्रमुख के आवास पर 30-40 आतंकवादी छिपे हुए हैं। आमिर मीर ने कहा कि इमरान के आवास पर छिपे लोगों में लाहौर कॉर्प्स कमांडर हाउस पर हमला करने वाले भी शामिल हैं। इसलिए पीटीआई नेतृत्व से अनुरोध किया जा रहा है कि इन लोगों को सौंप दें। उन्होंने कहा कि पंजाब की अंतरिम सरकार ने पीटीआई नेतृत्व को आतंकवादियों को सौंपने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों के पास हमलों में उनकी संलिप्तता के सबूत हैं। आमिर मीर ने प्रेस कांफ्रेंस कर आरोप लगाया कि इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पीटीआई नेतृत्व ने देश में हिंसक विरोध प्रदर्शन की योजना तैयार की थी। उन्होंने दावा किया कि पीटीआई ने लोगों को सेना के प्रतिष्ठानों पर हमला करने के लिए उकसाया था। उन्होंने कहा कि केंद्र, सैन्य नेतृत्व और पंजाब सरकार ने पहले ही यह तय कर लिया है कि हमलों में शामिल लोगों को सजा दी जाएगी। आमिर मीर ने दावा किया -शेष पृष्ठ दो पर

## फ्लाइट में बीड़ी पी रहे थे, गए जेल



**नई दिल्ली।** अहमदाबाद से बेंगलुरु जाने वाली अकासा एयरलाइंस में उड़ान के दौरान बीड़ी पीने पर एक व्यक्ति को बेंगलुरु एयरपोर्ट में गिरफ्तार कर लिया गया है। अकासा एयर की प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार को अकासा एयर फ्लाइट क्यूपी1326 में अहमदाबाद से बेंगलुरु जा रहे एक 56 वर्षीय यात्री को विमान के टॉयलेट में बीड़ी पीते पकड़ा गया। विमान चालक दल के सदस्यों ने उसके बाद सभी सुरक्षा नियमों का पालन करते सतर्कता बरती। साथ ही विमान बेंगलुरु में लैंड होने पर उसे सीआईएसएफ की मदद से स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले की जांच में प्रशासन से पूरा सहयोग कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र के रहने वाले आरोपी की पहचान प्रवीण कुमार के रूप में हुई है। वह अहमदाबाद में फ्लाइट में सवार हुए थे। एयरलाइंस के चालक दल के सदस्यों ने उन्हें शौचालय में बीड़ी पीते पकड़ा, जिससे शौचालय में काफी धुआं भर गया था। बाद में कुमार को -शेष पृष्ठ दो पर

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## कर्नाटक में सीएम पद को लेकर अड़े डीके शिवकुमार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर एक बार फिर पेंच फंस गया है। सूत्रों की मानें तो अगले दो दिनों तक मुख्यमंत्री पद का एलान नहीं किया जाएगा। अभी दो दिनों तक और मंथन चलेगा, जिसके बाद सीएम फेस का एलान किया जाएगा। सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार दोनों ही दिग्गज सीएम पद पर अपना-अपना दावा ठोक रहे हैं। ऐसे में आलाकमान के लिए भी दोनों में से एक चुनाना काफी मुश्किल हो गया है। सूत्रों की मानें तो डीके शिवकुमार भी सीएम पद को लेकर अड़े हुए हैं। कांग्रेस पार्टी में कर्नाटक सीएम को लेकर ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले पर भी चर्चा हुई। लेकिन इस पर भी डीके शिवकुमार ने शर्त जाहिर कर दी है। डीके शिवकुमार का कहना है कि अगर यह एक साझा समझौता है तो भी पहले ढाई साल का कार्यकाल मुझे दिया जाए जबकि दूसरा सिद्धारमैया को। शिवकुमार का कहना है कि मुझे पहला -शेष पृष्ठ दो पर

## अंकिता दत्त मामला : श्रीनिवास को मिली अग्रिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी को असम में अब निष्कासित महिला पार्टी सदस्य के अपमान के मामले में अग्रिम जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने श्रीनिवास को जांच अधिकारी के सामने पेश होने और जांच में सहयोग करने के लिए कहा है। श्रीनिवास ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के गौहाटी उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*पुस्तकें एक मूर्ख आदमी के लिए वैसे ही हैं, जैसे एक अंधे के लिए आईना।*

– **आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

## पंजाब के सीमावर्ती गांवों में लगेंगे सीसीटीवी

**चंडीगढ़ ( हि.स. )।** पंजाब सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला किया है। भगवंत मान सरकार ने इसके लिए बीस करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करों और अपराधियों के बीच गठजोड़ को रोकने के लिए ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय करने का फैसला लिया गया है। पंजाब के विशेष डीजीपी अर्पित शुक्ला ने बुधवार को बताया कि सरहद पार से तस्करों की आवाजाही पर सख्ती से नजर रखने के -शेष पृष्ठ दो पर

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत की संभावना एलपीजी सिलेंडर पर मिल सकती है सब्सिडी




**नई दिल्ली।** कर्नाटक चुनाव में दिखे महंगाई के असर को देखते हुए सरकार हर हाल में खुदरा महंगाई को काबू में रखना चाहती है। क्योंकि इस साल राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना जैसे प्रमुख राज्यों में चुनाव हैं जहां सिलेंडर की कीमत व आम महंगाई के मुद्दे को फिर से विपक्ष उठा सकता है। इसे देखते हुए पेट्रोल व डीजल के खुदरा दाम में कटौती पर भी मंथन शुरू हो गया है। लेकिन यह कब होगा इसे लेकर अनिश्चितता है। उसी तरह खाना पकाने के लिए घरों में इस्तेमाल होने वाले एलपीजी सिलेंडर पर फिर से सीमित रूप से सब्सिडी शुरू की जा सकती है। सरकार चीनी, खाद्य तेल, दाल जैसे जरूरी खाद्य आइटम के खुदरा भाव पर लगातार निगरानी रख रही है। हाल ही में सोया व सूरजमुखी खाद्य तेल के पिछले वित्त वर्ष के बचे हुए कोटा को 30 जून तक बिना किसी शुल्क के आयात करने की छूट दी गई। दाल के आयात को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। चीनी के निर्यात और कीमतों की भी लगातार समीक्षा हो रही है। सरकारी कंपनियों के पंपों पर पेट्रोल व डीजल की खुदरा कीमतों में पिछले साल मई से कोई -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर में इंटरनेट पर पांच दिन और प्रतिबंध



**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राजभवन में राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की और उन्हें राज्य की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने राज्य में किए गए विभिन्न उपायों पर चर्चा की। इस बीच, हिंसा प्रभावित मणिपुर में इंटरनेट पर पाबंदी पांच दिन और जारी रहेगी। मणिपुर सरकार ने इसकी जानकारी दी। सरकार ने इस संबंध में एक नई अधिसूचना जारी की। बताया जा रहा है कि राज्य में धीरे-धीरे जीवन पटरी पर लौट रही है। जानकारी के मुताबिक राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों की आवाजाही और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती से -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# अगले 5 साल भीषण गर्मी से झुलसेगी दुनिया : संरा

**संरा।** संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगले पांच साल दुनियाभर में भयंकर गर्मी पड़ सकती है। अगले पांच साल अब तक के सबसे गर्म साल हो सकते हैं। यूएन वेदर एजेंसी ने कहा ग्रीनहाउस गैसें और अल नीनो मिलकर तापमान को बढ़ा रहे हैं। वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल ऑर्गेनाइजेशन ने बताया पेरिस जलवायु समझौते में जो ग्लोबल टेंपरेचर्स सेट किया गया था, वह उससे पार करने वाला है। अगले पांच साल दुनियाभर में जबरदस्त गर्मी देखने को मिलेगी। एजेंसी ने बताया कि 2015-2022 के साल अब तक के सबसे गर्म साल रहे हैं। यूएन वेदर एजेंसी ने बताया कि क्लाइमेट चेंज में तेजी के चलते तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है। वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल ऑर्गेनाइजेशन ने बताया कि 98 फीसदी संभावना




है कि अगले पांच साल पूरी दुनिया में भयंकर गर्मी होगी। डब्ल्यूएमओ ने बताया कि 66 प्रतिशत संभावना है कि 2023-27 के बीच एनुअल ग्लोबल सरफेस का तापमान 1.5सी से अधिक हो जाएगा। इन पांच साल में हर साल के लिए 1.1सी से 1.8सी का लिमिट रखा गया है। यूएन वेदर एजेंसी के चीफ पेटेरी तालस ने बताया कि डब्ल्यूएमओ के लिए खतरे की घंटी बज रही है कि हम टेंपरेरी बेसिस पर 1.5सी के स्तर को पार कर जाएंगे। एजेंसी ने बताया कि आगामी दिनों में अल नीनो के डेवलप होने की प्रबल संभावना है। यह मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन के साथ मिलकर वैश्विक तापमान को अज्ञात क्षेत्र में धकेल देगा। हेल्थ, फूड सिक्योरिटी, वाटर मैनेजमेंट और एनवायरनमेंट पर इसके गहरे प्रभाव पड़ेंगे। इसके लिए हमें तैयार रहने की आवश्यकता है। अल नीनो प्रशांत महासागर में आने वाला एक किस्म का मौसमी बदलाव है। इस दौरान मौसम में कभी भी बदलाव आ सकता है। बेमौसम बारिश, प्रचंड गर्मी, कभी सर्दी... जैसी स्थिति उत्पन्न होने लगती है। अल नीनो के विकसित होने के बाद के 2024 में वैश्विक तापमान बढ़ेगा। डब्ल्यूएमओ ने कुछ दिन पहले कहा था कि अल नीनो के विकसित होने की संभावना जुलाई के अंत तक 60 फीसदी और सितंबर के अंत तक 80 फीसदी थी।

## हैलाकांदी में पुलिस हिरासत से कैदी फरार

**हैलाकांदी ( हिंस )।** हैलाकांदी पुलिस की हिरासत से एक कैदी के फरार होने का आज एक मामला सामने आया है। पुलिस फरार कैदी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चला रही है। जिले की काटलीछड़ा पुलिस चौकी के हवालात में बंद जो कैदी फरार हुआ है, उसकी पहचान अल्ताफ हुसैन लस्कर के रूप में हुई है। उसे अब्दुल्लापुर की पुलिस ने 12 जनवरी को एक याबा टैबलेट (नशीला टैबलेट) तस्कर से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस उससे पुलिस चौकी में पूछताछ कर रही थी। सूत्रों ने बताया है कि पुलिस आरोपी अल्ताफ हुसैन लस्कर का पता नहीं लगा पाई है। पुलिस चौकी से एक आरोपी कैसे फरार हो गया, इसको लेकर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

## राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में 2,500 से अधिक विधायक होंगे शामिल

**गुवाहाटी।** अगले 15-17 जून को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होने वाले राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन (एनएलसी) में भारत को कई प्रमुख नेताओं ने अपना अनुमोदन प्रदान किया है। कई नेताओं ने पार्टी लाइन से हटकर अपनी अभिव्यक्ति में कहा है कि मुंबई में हो रहे इस सम्मेलन में 2, 500 से अधिक विधायकों का शामिल होना अपने आप में एक ऐतिहासिक घटना होगी। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में लोकसभा की पूर्व अध्यक्षा सुमित्रा महाजन ने कहा कि इस सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए एमएलसी और एमएलए को स्थायी मुद्दों पर चर्चा करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और अपने-अपने राज्यों की महत्वपूर्ण चुनौतियों को कैसे निपटे, के बारे में जानने का मौका मिलेगा। आज जरूरी हो गया है कि हम पहले राष्ट्र को प्राथमिकता दें, उसके बाद राज्य और व्यक्तिगत निर्वाचन क्षेत्र के बारे में सोचे। इस तरह की सभाएं में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विधायकों के बीच बातचीत करने और आपसी सामंजस्य को बढ़ाने का मौका मिलता हैं, ताकि वे एक-दूसरे के निर्वाचन क्षेत्रों के बारे में जान सकें और अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकें। इन नेताओं के मुताबिक भारत जैसे विविधतापूर्ण संस्कृति वाले देश के विधायकों के बीच पार्टी लाइन से हटकर सार्थक संवाद किया जाना आज अत्यंत जरूरी हो गया है।

## अज्ञात बदमाशों के हमले में एक व्यक्ति की मौत

**बरपेटा ( हिंस )।** बरपेटा जिला के सरभोग थानांतर्गत कलबारी इलाके में एक व्यक्ति की नृशंस तरीके से हत्या किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि बीती देर रात बाजार से घर लौटते समय कलबारी गांव निवासी ताली इस्लाम (49) की अनजान हमलावरों ने नृशंस तरीके से हत्या कर दिया। उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी को परिवार केंद्रित झड़प में एक ही परिवार के हसमोद अली और सीआरपीएफ में कार्यरत सैफुल इस्लाम की हत्या के बाद बदमाशों ने बीती रात हसमोद अली के जीजा की हत्या कर दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को बरामद कर सरभोग थाने को सूचित किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। साथ ही इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है।

## भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ ट्रक जब्त, दो गिरफ्तार

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** कोकराझाड़ जिलांतर्गत गोसाईगांव अनुमंडल के शिमलुटापु पुलिस की छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर जा रहे एक ट्रक को जब्त किया गया है। पुलिस ने इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर शिमलुटापु थाना प्रभारी संजय राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक ट्रक (एनएल-01एसी-8162) को राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक के गुप्त चैंबर से भारी मात्रा में अवैध शराब के 150 से अधिक कार्टून बरामद किए। पुलिस ने बाद में ट्रक के चालक शमसुल शेख और अकिनुर अली को गिरफ्तार कर लिया। शमसुल बंगाईगांव जिला के बहालपुर और अकिनूर विलासीपारा के रहने वाले बताये गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बरामद शराब का बाजार मूल्य सात लाख रुपए से अधिक होगा।

## लूट के मामले में तीन गिरफ्तार

**नगांव ( हिंस )।** जुरिया थाना क्षेत्र के जुकाट में बुधवार की रात बदमाशों ने एक कार को रोककर लूटने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि जुरिया बाजार निवासी राइजुल हक चौधरी विवाह के लिए नगांव से आभूषण खरीद कर कार से अपने दोस्त के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान जुकाट बाजार में बदमाशों ने उनकी कार को रोककर आभूषण समेत अन्य सामग्री लूट लिया। बदमाशों ने पीड़ित की कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

## अगरतला- कोलकाता स्पेशल ट्रेन को केंद्रीय मंत्री ने दिखाई झंडी

**अगरतला ( त्रिपुरा ) ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के ट्रेन संख्या 02502/02501 (अगरतला- कोलकाता- अगरतला) स्पेशल ट्रेन के पारंपरिक आईसीएफ मॉडल रेक को पूरी तरह से वातानुकूलित एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) रेक में परिवर्तित किया गया है।



इस ट्रेन को अगरतला रेलवे स्टेशन पर बुधवार को केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री कुमारी प्रतिमा भौमिक ने हरी झंडी दिखा कर ट्रेन को रवाना किया। इस मौके पर लमडिंग मंडल के मंडल रेल प्रबंधक प्रेम रंजन कुमार के साथ मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बताया गया कि अगरतला- कोलकाता स्पेशल ट्रेन अगरतला से 17 मई से 05 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को आठ ट्रिपों के लिए 07.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन कोलकाता 15.00 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में 21 मई से 09 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को आठ ट्रिपों के लिए 21.40 बजे प्रस्थान कर मंगलवार को अगरतला 05.15 बजे पहुंचेगी। दोनों तरफ की यात्रा के दौरान, यह स्पेशल ट्रेन वाया न्यू करीमगंज जंक्शन, न्यू हाफलोंग, गुवाहाटी, ग्वालपाड़ा टाउन, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू जलपाईगुड़ी जंक्शन, किशनगंज, मालदा टाउन, आजिमगंज जंक्शन और बैंडल जंक्शन से होकर गुजरेगी। ट्रेन 13 एलएचबी कोच वाली संशोधित संयोजन के साथ चलेगी। इसमें यात्रियों की सुविधा के लिए 11 अत्याधुनिक एसी-3 इकोनॉमी क्लास कोच और दो लगेज कम जेनरेटर कोच होंगे। नए परिवर्तित कोच एसी-3 इकोनॉमी कोच एलएचबी रेक के होंगे, जो पहले के आईसीएफ कोचों की तुलना में अधिक सुरक्षित और आरामदायक हैं।

NIT NO.SEI/T-27/ET-15/2023-24/164

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

The Superintending Engineer, Nagaon Circle (irrigation), Nagaon on behalf of Governor of Assam invites online bids for the works of **'BORING AND INSTALLATION OF SOLAR POWERED MDTW AT DHANEKHOWA GAON, NALTOLI AND RAHDHALA PATHAR AREA (2 NOS) UNDER RIDF-XXVIII (NABARD) FOR THE YEAR 2022-23' under Kalabor-Samaguri Division (Irrigation), Jakhalabandha** amounting to **Rs. 59.4959 Lakh** (Approx.) in single package. Details may be seen at website http://assamtenders.gov.in and also in the office of the undersigned during office hours from 18/05/2023 to 29/05/2023.

Sd/-
Superintending Engineer.
Nagaon Circle (irrigation)
Nagaon, Assam

***-- Janasanyog / C/2966/23***

# पृष्ठ एक का शेष

### *चरैवती के लक्ष्य ...*

के नवनिर्मित कार्यालय भवन में पारदर्शिता बनाए रखने और कार्यालय परिसर में पौधे लगाने का आह्वान किया। इस मौके पर भाजपा, असम प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता, मंत्री रंजीत कुमार दास, डॉ रनोज पेगू, बिमल बोरा, नंदिता गार्लोसा, संजय किसन, जयंत मल्लबरूवा, केंद्रीय राज्य मंत्री रामेश्वर तेली, भाजपा, असम प्रदेश महासचिव पुलक गोहाईं, तिनसुकिया जिला समिति के अध्यक्ष कुशकांत बोरा, विधायक प्रशांत फूकन, भास्कर शर्मा, सुरेन फूकन, रूपेश ग्वाला, तरंग गोगोई, तिनसुकिया जिला सह प्रभारी अनुप सिंह राजपुरोहित के साथ ही पार्टी के अन्य नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### *नगांव में मिड-डे ...*

आयोजन किया और भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया। प्रसाद खाने के बाद श्रद्धालुओं को बेचैनी महसूस हुई और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीमार पड़ने वाले भक्तों में महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। पिछले हफ्ते, असम के ग्वालपाड़ा जिले में धूपधारा में त्रासदी हुई थी, क्योंकि कथित तौर पर दावत के दौरान चलानी मछली खाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 200 से अधिक बीमार हो गए थे। खबरों के मुताबिक, मेघालय की सीमा से लगे मरियमपुर गांव में गारो समुदाय के एक सदस्य के घर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया और उसके बाद दावत दी गई। पुरुषों, महिलाओं और बच्चों सहित पीड़ितों ने कथित तौर पर स्थानीय बाजार से खरीदी गई मछली का सेवन किया था। संदेहास्पद भोजन विषाक्तता की घटना के कारण रेणु सांग्मा की मृत्यु हो गई, जिनका अगली रात ग्वालपाड़ा सिविल अस्पताल में निधन हो गया। अन्य पीड़ितों को मछली खाने के बाद से ही गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा था और उन्हें इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। अभी तक 141 लोगों का धूपधारा आदर्श अस्पताल में, 74 लोगों का रंगजुली अस्पताल में, 27 लोगों का दुधनोई अस्पताल में और 13 लोगों का ग्वालपाड़ा सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसके अलावा, उनमें से तीन की हालत गंभीर थी और उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

### *मेदिनीपुर ब्लास्ट मामले...*

मालिक कृष्णपद बाग उर्फ भानु की तलाश में सीआईडी की टीम ओडिशा रवाना हो गई है। भानु और उसकी पत्नी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, विस्फोटक एकत्रित करने समेत अन्य गैर जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। सीआईडी के एक सूत्र ने बताया कि भानु बाग का मोबाइल लोकेशन ट्रेस किया जा रहा है। उसके ओडिशा में मौजूद होने की जानकारी मिली है जिसके बाद उसे पकड़ने के लिए टीम रवाना हुई है। इधर, जिला पुलिस ने एगरा थाना प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें जवाब देने तक ड्यूटी नहीं आने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि ब्लास्ट की इस घटना में नौ लोगों की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। दो की हालत ज्यादा गंभीर होने पर बुधवार को उन्हें कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### *गांवों की तत्काल ...*

अपील पर विचार करते हुए नोटिस जारी किया गया है और जून को सुनवाई की जाएगी। सीजेआई ने कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से चिन्हित गांवों में सुरक्षा को लेकर आवेदन किया गया है। मणिपुर के मुख्य सचिव और सुरक्षा सलाहकार इन गांवों में सुरक्षा मुहैया कराने के लिए तत्काल समुचित कदम उठाएं। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार ने कहा कि अवैध अप्रवासी म्यांमार से आ रहे हैं और वे मणिपुर में बसना चाहते हैं। वे अफीम की खेती में शामिल हैं और इस तरह ये उग्रवादी शिविर वहां बढ़ रहे हैं। मैंने एक याचिका दायर की है। गोंजाल्विस ने कहा कि मणिपुर के लोग इससे पीड़ित हैं। जिसके बाद सीजेआई मणिपुर सरकार से इन पहलुओं पर और राहत कार्य पर नई स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्द्रेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई अब जुलाई में होगी। सीजेआई की बेंच से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने मामले को टालने की मांग की। जिसपर याचिकाकर्ता ने आपत्ति जतायी और कहा कि अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। कम से कम ये बताया जाना चाहिए। जिस पर मेहता ने कहा कि सरकार का इरादा शांति बहाल करना है। कुल 315 राहत शिविर खोले गए और करीब 4,000 लोगों ने भाग लिया। राहत शिविर जिला पुलिस, सीएपीएफ द्वारा चलाए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने राहत उपायों के लिए 3 करोड़ रुपये की आकस्मिक निधि को मंजूरी दी है।

### *मणिपुर में कांग्रेस ...*

प्रतिनिधिमंडल ने मुझे उन सभी कठिनाइयों से अवगत कराया, जिनसे मणिपुर के लोगों को इस मुश्किल समय में गुजरना पड़ा। जमीनी हकीकत का पता लगाने के लिए पर्यवेक्षकों की एक टीम जल्द ही भेजी जा रही है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि मणिपुर में स्थिति तनावपूर्ण और बेहद चिंताजनक है। खरगे ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को राज्य में सामान्य स्थिति देखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। शांति सुनिश्चित करने में हर समुदाय की हिस्सेदारी है। आइए हम सभी को विश्वास में लें। कांग्रेस ने राज्य में हिंसा के बाद मणिपुर में स्थिति को नियंत्रित करने में केंद्र और राज्य सरकारों की भूमिका की आलोचना की है और वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। मणिपुर में पिछले दिनों, मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल करने की मांग का विरोध करने के लिए छात्रों के एक संगठन द्वारा आहूत *आदिवासी एकता मार्च* में हिंसा भड़क गई थी। हिंसा में 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोग विस्थापित हुए थे।

### *इमरान के आवास...*

कि खुफिया जानकारी के मुताबिक, सेना के प्रतिष्ठानों पर हमला करने वाले 30-40 आतंकवादी वर्तमान में इमरान खान के जमान पार्क स्थित आवास में छिपे हैं। उन्होंने कहा कि सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि इन लोगों को मिसाल बनाया जाएगा, ताकि भविष्य में कोई ऐसा करने की हिम्मत न करे।

### *कर्नाटक में सीएम ...*

कार्यकाल दिया जाए या फिर मुझे कुछ नहीं चाहिए, मैं उस स्थिति में भी चुप रहूंगा। डिप्टी सीएम पद के लिए डीके शिवकुमार ने साफ मना कर दिया है। ऐसे में अब कांग्रेस ने दोनों नेताओं को सामने बिठाकर मनाने के लिए एक मीटिंग बुलाई है। फिलहाल दोनों नेताओं को सीएम पद को लेकर कोई भी बयानबाजी करने से मनाही की गई है। कर्नाटक में कांग्रेस विधायक दल का नेता चुनने के लिए जारी मंत्रणा के बीच कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा है कि अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। बातचीत चल रही है। अफवाहों पर विश्वास न किया जाए। उन्होंने कहा कि फैसला आज हो या कल हो, आप लोगों को बताया जाएगा...अगले 48 से 72 घंटे के बीच कर्नाटक में नयी कैबिनेट होगी। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि हार से बौखलाई भाजपा अफवाहें फैला रही है। उनका कहना था कि विधायक दल की बैठक में प्रस्ताव पारित कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फैसले के लिए अधिकृत किया गया था और ऐसे में वह सहमति और एकजुटता के आधार पर निर्णय लेंगे। इससे पहले, पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने बुधवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से अलग-अलग मुलाकात की। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर राहुल गांधी से दोनों नेताओं की मुलाकात को मुख्यमंत्री पद पर सहमति बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। सिद्धरमैया ने करीब आधे घंटे तक राहुल गांधी के साथ चर्चा की तो शिवकुमार ने उनसे एक घंटे से अधिक देर तक बातचीत की। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद शिवकुमार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। सिद्धरमैया और शिवकुमार दोनों ही राज्य के मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार हैं, हालांकि सिद्धरमैया को इस दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है। कर्नाटक में 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए 10 मई को हुए चुनाव में कांग्रेस ने शानदार जीत हासिल करते हुए 135 सीटें अपने नाम कीं, जबकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा नीत जनता दल (सेक्युलर) ने क्रमश: 66 और 19 सीटें जीतीं।

### *अंकिता दत्त मामला...*

दी थी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी आर गवई और संजय करोल की पीठ ने असम सरकार और अन्य को नोटिस जारी कर इस मामले में 10 जुलाई तक जवाब मांगा है। हमने (सीआरपीसी की धारा) 164 के बयान का अवलोकन किया है, जिसे अभियोजन पक्ष ने बड़ी शालीनता से हमारे सामने रखा है। हम इस समय राज्य के खिलाफ कुछ भी नहीं कहना चाहते हैं। पीठ ने कहा, प्राथमिकी दर्ज करने में एक महीने की देरी को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता अंतरिम सुरक्षा का हकदार है। शीर्ष अदालत ने श्रीनिवास को जांच में सहयोग करने और 22 मई को पुलिस के सामने पेश होने का भी निर्देश दिया है। 5 मई को, गौहाटी उच्च न्यायालय ने श्रीनिवास की असम युवा कांग्रेस की निष्कासित प्रमुख अंकिता दत्त द्वारा दायर एक मामले में अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें श्रीनिवास पर उन्हें मानसिक पीड़ा देने का आरोप लगाया गया था। दत्त ने 18 अप्रैल को कई ट्वीट्स में आईवाईसी अध्यक्ष के खिलाफ आरोप लगाए थे।

### *फ्लाइट में बीड़ी ...*

बेंगलुरु सेंट्रल जेल भेज दिया गया। प्रवीण कुमार ने पुलिस को बताया कि वह जीवन में पहली बार विमान में सफर कर रहे थे। इसलिए उन्हें नियमों के बारे में नहीं पता था। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह नियमित रूप से ट्रेन से सफर करते हैं और वहां शौचालय में बीड़ी पी लेते हैं। यही सोचकर उन्होंने विमान में भी बीड़ी का सेवन कर लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा तलाशी में सिगरेट या बीड़ी का पता लगाने में विफल रहना एक गंभीर चूक है।

### *पेट्रोल-डीजल की ...*

बदलाव नहीं किया गया है जबकि पिछले एक साल में ब्रेंट क्रूड की कीमत 112 डॉलर प्रति बैरल से कम होकर 74 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ चुकी है। पिछले साल मई में कच्चे तेल की कीमत काफी अधिक थी और पेट्रोलियम कंपनियों को हो रहे घाटे में राहत देने के लिए केंद्र सरकार ने पेट्रोल के उत्पाद शुल्क में आठ रुपए तो डीजल के उत्पाद शुल्क में छह रुपए की कटौती की थी ताकि पेट्रोलियम कंपनियां आम उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल व डीजल की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी नहीं करे। पिछले साल सितंबर से ब्रेंट क्रूड की कीमत घटने लगी और वर्ष 2023 के जनवरी में यह 85 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गई। विशेषज्ञों के मुताबिक रूस से सस्ते दाम पर क्रूड की भारी मात्रा में खरीदारी से भी पेट्रोलियम कंपनियां अब पेट्रोल व डीजल की खुदरा बिक्री पर मुनाफा कमाने लगी है। गत मंगलवार को जियो बीपी के पंप पर डीजल की कीमत सरकारी पंपों की कीमतों की तुलना में एक रुपया कम कर दिया गया और इससे भी सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों पर पेट्रोल व डीजल के दाम में कटौती का दबाव बनेगा। विश्लेषकों का मानना है कि फैसले लेने में इसलिए देरी हो रही है क्योंकि क्रूड बाजार में अनिश्चितता है और कंपनियां जहां अपना खजाना भरना चाहती है वहीं सरकार नहीं चाहेगी कि एक बार घटाने के बाद फिर से बढ़ाने की स्थिति बने। लिहाजा संभव है कि चार राज्यों के चुनाव के कुछ पहले पेट्रोलियम के दामों में बड़ी कमी होगी। कर्नाटक चुनाव वाले दिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महंगाई पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा था कि वह महंगाई के मुद्दे पर जनता के साथ है और महंगाई में कमी लाने की जरूरत है। हालांकि इस साल मार्च में खुदरा महंगाई 5.66 फीसद तो अप्रैल में 4.70 फीसद रही जो महंगाई को लेकर आरबीआइ की अधिकतम सीमा छह फीसद से कम है।

### *मणिपुर में इंटरनेट ...*

संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को राज्य में शांति और सामान्य स्थिति लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी। राज्यपाल ने राजभवन में हाल ही में मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार के रूप में नियुक्त कुलदीप सिंह और एडीजीपी आशुतोष सिन्हा से भी मुलाकात की। इस बीच, हिंसा प्रभावित मणिपुर में इंटरनेट पर पाबंदी पांच दिन और जारी रहेगी। मणिपुर सरकार ने इसकी जानकारी दी। सरकार ने इस संबंध में एक नई अधिसूचना जारी की। अधिसूचना में मणिपुर सरकार ने कहा कि ऐसी आशंकाएं हैं कि कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया का बड़े पैमाने पर छवियों, अभद्र भाषा और नफरत वाले वीडियो संदेशों के प्रसारण के लिए उपयोग कर सकते हैं। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से गलत सूचना और झूठी अफवाहों के प्रसार को रोककर, जनहित में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त उपाय करना अभी भी आवश्यक है। मणिपुर में उग्रवादी हमले में घायल हुए असम राइफल्स के जवान आलोक राव ने बुधवार को कोलकाता के कमांड अस्पताल में दम तोड़ दिया। रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। सेना ने अपने सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित की है। जानकारी के मुताबिक राव 10 मई को मणिपुर के सेनापति जिले में जातीय संघर्ष में उग्रवादियों के हमले में घायल हो गए थे। अधिकारियों के अनुसार, उग्रवादियों ने डोलाईथाबी में सेना-असम राइफल्स के इलाके में गश्त के दौरान गोलीबारी की थी, जिसमें 18 असम राइफल्स के राइफलमैन राव घायल हो गए थे। सुरक्षाकर्मियों की जवाबी कार्रवाई के बाद चरमपंथी भागने में सफल रहे। घायल राव को हेलीकॉप्टर से मणिपुर के सैन्य अस्पताल और फिर कोलकाता के कमांड अस्पताल ले जाया गया। सेना और असम राइफल्स को मणिपुर में तैनात किए जाने के बाद शहीद होने वाले राव पहले अर्ध-सैन्य कर्मी थे।

### *पंजाब के सीमावर्ती ...*

लिए पंजाब सरकार ने सीमावर्ती गांवों में सामरिक महत्ता वाले स्थानों पर सीसीटीवी लगाने के लिए 20 करोड़ रुपए किए हैं। उन्होंने कहा कि डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने ड्रोन के जरिये हथियारों और नशीले पदार्थों की बरामदगी कराने में मदद करने वाले को एक लाख रुपए का इनाम देने का ऐलान भी किया है। बैठक में डीआईजी बार्डर रेंज नरिंदर भार्गव और डीआईजी फिरोजपुर रेंज रणजीत सिंह ढिल्लों सहित बीएसएफ के चार डीआईजी और चार कमांडेंट भी उपस्थित थे। विशेष डीजीपी अर्पित शुक्ला ने कहा कि यह सही समय है कि पंजाब की सरहदों पर ड्रोन ऑपरेशनों का मुकाबला करने के लिए दोनों सुरक्षा बलों को मिलकर और बेहतर तालमेल के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने सरहद पार से पंजाब में नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी को रोकने के लिए सबूत आधारित और सक्रिय पुलिसिंग करने की जरूरत पर भी जोर दिया। स्पेशल डीजीपी ने सरहदी जिलों के एसएसपी को सुरक्षा की नजर से पुलिस बल को और मजबूत और मुस्तैद होने के लिए कहा। उन्होंने सरहद पार तस्करी में शामिल भारतीय नागरिकों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए सरहदी गांवों में सामरिक महत्ता वाले स्थानों और हॉटस्पॉट्स के बारे भी चर्चा की। उन्होंने बीएसएफ अधिकारियों को कहा कि वह संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों के बारे जानकारी पंजाब पुलिस के साथ साझा करें, जिससे वे उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रख सकें। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करों और अपराधियों के बीच गठजोड़ को रोकने के लिए ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय करने का प्रस्ताव भी दिया। विशेष डीजीपी अर्पित शुक्ला ने कहा कि यह समितियां पुलिस की आंख और कान के तौर पर काम करेंगी, ताकि सरहदी राज्य से नशा, आतंकवादियों और गैंगस्टरों का सफाया करने में पंजाब पुलिस को मदद मिल सके।

## *स्वर्वेद भाष्य*




**चतुर्थ मंडल** **द्वादश अध्याय**

**( चार प्रकार के भक्त )**

**( अर्थार्थी )**

**क्षात्र नीति बल आत्मबल, संयुत राष्ट्र स्वराज्य।**
**अखिल विश्व के भूवनपति, दीजे सकल सुसाज॥ 19॥**

**शब्दार्थ :** (क्षात्र) शासन तथा पालन की शक्ति (नीति) राज्य-व्यवहार की रीति (आत्मबल) आत्मिक शक्ति (सुसाज) अच्छी प्रकार से व्यवस्थित।

**भाष्य :** हे अखिल विश्व के स्वामिन्! शासन, न्याय, नीति और आत्मबल से युक्त समस्त व्यवस्था से सुसज्जित राष्ट्र को स्वतंत्र कीजिए अर्थात स्वराज्य दीजिए।

**सुख व शान्ति संसार के, धर्म नीति व्यवहार।**
**साशक भूमण्डल रहैं, जग अध्यात्म प्रचार॥ 20॥**

**शब्दार्थ :** (अध्यात्म प्रचार) ब्रह्मविद्या का प्रचार।

**भाष्य :** संसार की सुख-शांति और धर्म, नीति के व्यवरा केर लिए विश्व में आध्यात्मिक राज्य की व्यवस्था हो, जिससे विश्व में अध्यात्मविद्या का प्रचार हो। इस दोहे में प्रभु से विश्व में आध्यात्मिक शासन में राज्य-व्यवस्था होने की प्रार्थना की गई है।

## गौहाटी हाईकोर्ट का सरकार को आदेश

# आठ महीने हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 50,000 रुपए मुआवजा दे सरकार

**गुवाहाटी।** गौहाटी उच्च न्यायालय ने असम सरकार को आठ महीने तक निवारक हिरासत में रखे गए एक व्यक्ति को मुआवजे के रूप में 50,000 रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया है। लाइव लॉ ने बताया कि तीन महीने की निर्धारित अवधि के मुकाबले इस व्यक्ति को आठ महीने तक निवारक हिरासत में रखा गया। असम के गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संदीप मेहता और न्यायमूर्ति मिताली ठाकुरिया की खंडपीठ ने यह निर्देश दिया। गौहाटी उच्च न्यायालय ने 24 अगस्त, 2022 से हिरासत में रखे गए सुकुमार दास की बहन की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश पारित किया। उन्हें नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक




सब्सटेंस एक्ट, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम के तहत आयोजित किया गया था। गौहाटी उच्च न्यायालय ने कहा कि मामले में स्थिति चिंताजनक है, कम से कम कहने के लिए क्योंकि हिरासत में लिए गए व्यक्ति सुकुमार दास को प्रारंभिक हिरासत आदेश की पुष्टि किए बिना आठ महीने से अधिक समय तक सलाखों के पीछे रखा गया है। तीन महीने की अवधि से परे डिटेनू की हिरासत का हर पल ... अवैध हिरासत में शुद्ध और सरल है। गौहाटी उच्च न्यायालय ने असम राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को असम की सभी जेलों से निवारक निरोध कानूनों के तहत हिरासत में लिए गए लोगों की स्थिति पर एक रिपोर्ट प्राप्त करने का भी निर्देश दिया। गौहाटी उच्च न्यायालय ने असम राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण से कहा है कि यदि इसी तरह के मामलों का पता चलता है तो उपचारात्मक उपाय करें। निवारक निरोध सरकार को व्यक्तियों को अपराध करने से पहले हिरासत में लेने की अनुमति देता है।

## मई के अंत तक सुलझ जाएगा असम-मेघालय सीमा समस्या

**शिलांग ( हिंस )।** असम के कार्बी आंग्लांग जिले की असम-मेघालय सीमा संबंधी समस्याओं के समाधान को लेकर दोनों राज्यों की ओर से आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पश्चिम कार्बी आंग्लांग में असम-मेघालय सीमा मुद्दे का समाधान इस महीने के अंत में सामने आ सकता है। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने शिलांग में घोषणा की कि मई के अंत तक दोनों राज्यों के सीमा मुद्दे को हल करने के लिए असम के मुख्यमंत्री के साथ बातचीत की जाएगी। इस बीच, पश्चिम कार्बी आंग्लांग में असम-मेघालय सीमा पर तनाव को कम करने के लिए दोनों राज्यों के जिला उपायुक्त-पुलिस अधीक्षक स्तर पर चर्चा हुई है। पश्चिम कार्बी आंग्लांग जिले के खांडुली स्थित असम पुलिस सीमा चौकी में मेघालय के सीमावर्ती पश्चिम जयंतिया पहाड़ी जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक एवं असम के पश्चिम कार्बी आंग्लांग जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के बीच चर्चा हुई। वार्ता के दौरान दोनों ने राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया। दोनों राज्यों में सीमावर्ती गांवों के गांवबूढ़ा भी गांव भी इस चर्चा में मौजूद थे। पिछले एक महीने से पश्चिम कार्बी आंग्लांग के सीमावर्ती क्षेत्र में सीमा समस्या को लेकर संघर्ष जारी रहने की बातें सामने आई हैं। जिनमें पश्चिम कार्बी आंग्लांग जिला के सीमावर्ती क्षेत्र आम-ई, ताड-लांग्स, निंग-क्रेंग आदि कई इलाके शामिल हैं। खांडुली सीमा के माध्यम से असम और मेघालय के बीच आवाजाही लगभग एक महीने से निलंबित है। कार्बी स्टूडेंट्स यूनियन ने आरोप लगाया है कि मेघालय सरकार के संरक्षण में खासिया उपद्रवियों द्वारा सीमावर्ती इलाके में उत्पात मचाया जा रहा है।

## अग्रवाल महिला समिति ने विद्यालय में लगाया वाटर फिल्टर

**गुवाहाटी ( विभास )।** गर्मी के बढ़ते पारे को देखते हुए अग्रवाल महिला समिति ने महात्मा गांधी हरिजन बुनियादी विद्यालय फटाशील में छात्रों को शुद्ध पानी मुहैया करवाने के उद्देश्य से स्कूल में वाटर फिल्टर लगाया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष मीना पोद्दार ने बताया कि गर्मी में जल सेवा करने के लिए अग्रवाल महिला समिति हमेशा आगे रही है। इसी कड़ी में 18 मई से 21 मई तक श्रीमंत शंकरदेव कालाक्षेत्र में आयोजित होने वाले सातवें ऑल इंडिया कांफ्रेंस ऑफ डीफ में चाा दिनों तक पेयजल सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में अग्रवाल महिला समिति की मंत्री सुनीता सराफ, कार्यकारिणी सदस्य सारिका अग्रवाल, मधु अग्रवाल, मंजू गोयल, ललिता



अग्रवाल, संगीता गाड़ोदिया और हेमलता अग्रवाला के अलावा फाटाशील आमबारी के सीआरसीसी रामेश्वर शर्मा उपस्थित थे। हरिजन बुनियादी विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश राम एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष माता ईश्वर राव ने अग्रवाल महिला समिति द्वारा वाटर फिल्टर प्रदान किए जाने पर समिति की सराहना की।

## केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने संचार सारथी पोर्टल की लांचिंग

**गुवाहाटी ( विभास )।** दूरसंचार विभाग ने फर्जी मोबाइल कनेक्शन के खिलाफ चलाए सघन अभियान के लिए वेबसाइट जारी की है। जिसमें ग्राहकों को मोबाइल कनेक्शन में फर्जीवाड़े से बचने के लिए कई उपाय बताए गए हैं। इस अवसर पर नई दिल्ली स्थित रेल भवन प्रेक्षागृह में आज 16 मई को केंद्रीय संचार, रेल, इलेक्ट्रॉनिक व आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संचार सारथी पोर्टल की लांचिंग की। इसके पश्चात मंत्री ने संवाददाताओं को संबोधित कर इस पोर्टल की खासियत के बारे में बताया। गुवाहाटी पान बाजार स्थित बीएसएनल भवन में भी स्थानीय पत्रकारों ने इस कार्यक्रम का टीवी के माध्यम से सीधा प्रसारण देखा। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों को बताते हुए कहा कि 117 करोड़ ग्राहकों के साथ भारत दुनिया में दूसरे सबसे बड़े दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में उभरा है। संचार के अलावा, नियमित रूप से बैंकिंग, मनोरंजन, सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने आदि के लिए मोबाइल फोन का उपयोग कर रहे हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि उपयोगकर्ताओं को पहचान की चोरी, जाली केवाईसी, मोबाइल उपकरणों की चोरी, बैंकिंग धोखाधड़ी आदि जैसी विभिन्न धोखाधड़ी से बचाया जाए।

## काहिलीपाड़ा मॉडर्न इंग्लिश स्कूल की 12वीं कक्षा के छात्र ज्योतिष दास ने *वर्बल मेंशन* पुरस्कार जीता

**गुवाहाटी।** असम के काहिलीपाड़ा स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र ज्योतिष दास ने 6 और 7 मई, 2023 को कोलकाता के जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में कॉप-28, सिंगापुर के पोर्टफोलियो के रूप में के आयोजित किया गया। मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) में वर्बल मेंशन जीता। मॉडल यूएन या एमयूएन के रूप से प्रसिद्ध मॉडल यूनाइटेड नेशंस एक शैक्षिक अनुकरण है, जिसमें छात्रों को कूटनीति, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और संयुक्त राष्ट्र के बारे में ज्ञान प्रदान किया जाता है। इस सफलता पर टिप्पणी करते हुए, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, काहिलीपाड़ा के अध्यक्ष जोनाली दास ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि हमारे छात्र ज्योतिष ने मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) में भाग लेकर हमें गौरवान्वित किया है। इससे उन्हें और उनके सहपाठियों को अंतर्राष्ट्रीय संबंधों, विदेशी कूटनीति और संयुक्त राष्ट्र के बारे में अधिक सीखने में मदद मिलेगी।



## फकीराग्राम बीपीएफ ब्लॉक कार्यालय में हज यात्रियों का दुआ महफिल कार्यक्रम आयोजित

**कोकराझाड़ ( विभास )।** कोकराझाड़ जिले के फकीराग्राम में बीपीएफ ब्लॉक कार्यालय में आज क्षेत्र के हाजियों को लेकर दुआ महफिल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कुल 25 हज यात्रियों ने भाग लिया। मिली जानकारी के अनुसार ये सभी हज यात्री मक्का मदीना में हज के लिए जाएंगे। इस मौके पर उपस्थित फकीराग्राम बीपीएफ ब्लॉक के अध्यक्ष इनामूल हक ने सभी हज यात्रियों को स्वागत किया। साथ हज यात्रियों के इस्तेमाल होने वाले व्यवहारिक सामान भी उन्हें प्रदान की। वहीं बीती रात 29 नंबर कोकराझाड़



जनजातिकारण क्षेत्र के विधायक रबिराम नार्जारी की अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलजा के लिए गुवाहाटी जीएनआरसी अस्परताल में भेज दिया।

# गुवाहाटी में दिव्य कला मेला का सफल समापन

**गुवाहाटी ( हिंस )।** दिव्यांगजन अधिकारिता विभाग (दिव्यांगजन) द्वारा आयोजित सप्ताह भर चलने वाला दिव्य कला मेला का बुधवार को सफल समापन हुआ। गत गुरुवार को यह मेला गुवाहाटी के मनीराम देवान ट्रेड सेंटर में शुरू हुआ था। देशभर के दिव्यांग उद्यमियों, कारीगरों के उत्पादों और शिल्प कौशल को प्रदर्शित करने के लिए 11 से 17 मई तक मणिराम देवान ट्रेड सेंटर में दिव्य कला मेला का आयोजन किया गया था। इसमें पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के विभिन्न हिस्सों के हस्तशिल्प, हथकरघा, कढ़ाई के कार्यों का प्रदर्शन किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में शुरू होने वाली इस श्रृंखला में गुवाहाटी में चौथा दिव्य कला मेला का आयोजन किया गया था। इसमें करीब सौ दिव्यांग कलाकार और उद्यमियों ने अपने उत्पादों और कौशल का प्रदर्शन किया। इस मेले में घर की सजावट और जीवनशैली से संबंधित चीजें, कपड़े, स्टेशनरी, जैविक उत्पाद, खिलौने, आभूषण, बैग, मूर्तियां, सब्जियां, व्यक्तिगत उपयोग वाली वस्तुएं, उपहार सामग्री, सजावट के विभिन्न सामग्री आदि उपलब्ध थी। लोगों ने बड़े उत्साह से मेले में पहुंचे, खरीदारी की। कपड़े, घर की सजावट की वस्तुएं, आभूषण, घर सजाने की मूर्तियां और अन्य सामानों की जमकर खरीदारी की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय सामाजिक कल्याण और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार द्वारा किया गया था। साथ ही सामाजिक कल्याण एवं अधिकारिता राज्यमंत्री प्रतिमा भौमिक और असम सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री पीयूष हजारिका भी शामिल हुए थे।

## गोलाघाट के निवर्तमान अतिरिक्त उपायुक्त और जिला चुनाव अधिकारी के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन

**गोलाघाट।** गोलाघाट के निवर्तमान अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. संगीता बोरठाकुर और गोलाघाट चुनाव जिला के चुनाव अधिकारी सुलक्षणा बरपात्र गोहाईं के सम्मान में एक विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन ऑल एंड सनड्री एनजीओ द्वारा किया गया। विदाई अवसर पर ऑल एंड सनड्री एनजीओ के संस्थापक अभिषेक सिंहा ने निवर्तमान अतिरिक्त उपायुक्त संगीता बरठाकुर और गोलाघाट चुनाव जिला के चुनाव अधिकारी सुलक्षणा बरपात्र गोहाईं के कार्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण की गुणवत्ता की सराहना की। उन्होंने कहा कि निवर्तमान एडीसी और चुनाव अधिकारी ने अपने कार्यकाल के दौरान गोलाघाट में बहुत सारी



उपलब्धियों, कार्यों और प्रयासों का योगदान दिया है। संगीता बोरठाकुर और सुलक्षणा बरपात्र गोहाईं के ईमानदारी और समर्पण सभी के लिए अनुसरण करने के लिए एक उदाहरण के रूप में स्थापित होता है।

## जागरूक करने को लेकर मामस ने युवतियों को दिखाई *द केरल स्टोरी*

**गुवाहाटी ( विभास )।** अपने धर्म और संस्कारों के प्रति जागरूकता दिखाना हम सब का कर्तव्य है। इसी विषय को ध्यान में रखते हुवे माहेश्वरी महिला समिति के तत्वाधान में एक कदम उठाया गया, जिसमे ग्रैंड सिनेमा, पलटन बाज़ार में युवतियों को *द केरल स्टोरी* फिल्म नि:शुल्क दिखाई गई। पूर्वोत्तर माहेश्वरी महिला समिती की की कोषाध्यक्ष रूपा गगड़ ने कहा यह फिल्म नि:शुल्क दिखाना समिति का बेहतरीन समाज सेवाकार्य है। माहेश्वरी सभा अध्यक्ष सीताराम बिहानी के साथ आए सभा सचिव सुरेंद्र लाहोटी ने कहा इस फिल्म से सामाजिक जागरूकता को सच्चाई के साथ पेश किया गया है। इससे आने वाले समय में महिलाए व युवतियों को सतर्क रहने और अपना अस्तित्व कायम रखने की प्रेरणा मिलेगी। महिला समिति ये बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। युवा संगठन अध्यक्ष शिवरतन सोनी व युवा संगठन सचिव राघव बाहेती ने भी इस कार्य की प्रशंसा की। अध्यक्षा वर्षा सोमानी ने कहा इस फिल्म को दिखाने का उद्देश्य बच्चियों को सही मार्ग दिखाना है ताकि युवतियाँ अपनी आत्मरक्षा करे, भ्रमित व गुमराह होने से बचे साथ ही यह भी बताया कि बच्चों को संस्कारों की शिक्षा देने के लिए समिति समय-समय पर कार्यशालाएं आदि के द्वारा प्रयास जारी रखेगी। सचिव




पुष्पा सोनी ने कहा कि हमारी बेटियों को पथभ्रष्ट होने से बचाने के लिए प्रयास करने होंगे ताकि उन्हें शारीरिक तथा मानसिक प्रताड़ना न भुगतनी पड़े एवं वे अपने विवेक का उपयोग कर सही मार्ग चयन करे। कार्यक्रम संयोजिका निगम तापड़िया ने कहा बाहर पढ़ने वाली लड़कियों को कुमार्ग पर जाने से बचाना हमारा कर्तव्य है। सामाजिक संस्थाओं को ऐसे कार्य करने आगे आना होगा। वरिष्ठ समाज सेविका मोमा दास ने कहा कि महिला समिति एक अग्रणी जागरूक सामाजिक संस्था है तथा इस सेवामूलक कार्य के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की। सिनेमा हाल के मालिक अरुण जालान का सीमित दरों पर सीटे उपलब्ध कराने के लिए फूलाम गमछा से सम्मान किया गया। उन्होंने कहा महिला समिति ने नि:शुल्क फिल्म दिखाकर एक सेवामूलक कार्य किया है। सह सायोजिका मंजू बागड़ी, मंजू सोनी, पार्वती बिड़ला, मीनाक्षी मिमानी, रचना काबरा, रीता साबू, राधिका सोनी, शोभना लढ़ा, आदि उपस्थित थी।

## अलग-अलग अभियान में 233 बोरी बर्मीज सुपारी जब्त

**हैलाकांदी ( हिंस )।** हैलाकांदी जिले में अलग-अलग इलाकों में चलाए गए अभियान के दौरान 233 बोरी अवैध रूप से लाई गई बर्मीज (म्यांमार) सुपारी जब्त की गई है। पुलिस सूत्रों ने आज (बुधवार) बताया कि जब्त सुपारी की बाजार कीमत करीब 60 लाख रुपए के आसपास होगी। हैलाकांदी के पुलिस अधीक्षक नबनीत महंत ने बताया कि पुलिस ने घटना के संबंध में लाला पुलिस थाने में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। सूत्रों ने बताया कि बीती रात पुलिस ने जिले के कलाछेड़ा पुलिस चौकी पर नाका चेकिंग के दौरान दो मारुति ऑल्टो कार, एक स्विफ्ट और एक सेंट्रो कार से कुल 40 बोरी बर्मीज सुपारी जब्त की हैं। एक अन्य अभियान में लाला पुलिस ने स्थानीय उपटीला क्षेत्र में नाव से ले जाई जा रही बर्मीज सुपारी की 67 बोरियां जब्त कीं।

No. DVG/G-173(B)/ 2023-24

SHORT TENDER NOTICE

Sealed Tender notice affixing Court fee stamp of Rs.8.25 is here by invited from the vendor/supplier/ farm having GST registration, Valid Trade License, PAN Card along with necessary documents (I.T. return for last 3 years, previous work experience of similar nature of works at least 3 years, Bank details etc.) for supply the following quantity of Goat and other materials as specification quoted and will be received by the District A.H. and Vety. Officer, Golaghat on or before **02.00 PM** of dtd **23rd May, 2023** and will be open on the same day at 2.30 PM infront of the tenderer or their representative who wish to attend the same.

If the date of tender happens to be a holiday / bandh or if it js not possible to received on the stipulated date for any unforeseen reason then the next working day will be considered as the last date of receipt/open of tenders.

| Sl. No. | Name of Items | Govt. Rate | Quantity | Total Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1. | High yielding young female goat (4 – 5 month) | 5000.00 | 100 | 5,00,000.00 |
| 2. | High yeielding young male goat (5 – 6 month) | 6000.00 | 10 | 60,000.00 |
| 3. | Documentation : banner + photo (LS) | 2800.00 | 10 | 28,000.00 |
| 4. | Medicine (LS) | 3000.00 | 10 | 30,000.00 |
| 5. | Insurance for 1 years | 4200.00 | 10 | 42,000.00 |
| | Total | | | = 6,60,000.00 |

**TERMS AND CONDITIONS :**

1. The tender should quote their rate on flat percentage basis both in words and figures.
2. The following documents (photocopy) should furnish with tender —
   a. Upto date GST Registration Certificate
   b. Upto date Trade license .
   c. PAN card.
   d. Bank details
3. Delivery of goat and others materials have to be supplied to the door steps of the beneficiaries and completed the process within 20 days from the process 20 days from the date of issue order and should submit the bills.
4. 5% of the total amount i.e. Rs. 3300/-X 10 clusters= Rs.33,000/- will be paid by the beneficiaries and residual amount by the Govt.
5. Supplied Goat will be accepted on the basis of sound health certificate from the local veterinary Officer and other materials in well & good condition.
6. The supplier also does insurance of animal for one year.
7. The department will not bear any labour and delivery cost.
8. The tender committee is reserved the right to accept or reject any or all tenders without assigning any reason thereof.
9. Details term & conditions and other particulars of the works may also be seen in the office of the undersigned before submitting the tender.

Dr.
Dist. A.H. &Vety. Officer
Golaghat

*-- Janasanyog /C/2898/23*

## शिक्षिका व कवि मनीषा पाल हेमलता गोस्वामी स्मृति युवा अवार्ड से सम्मानित

**विश्वनाथ ( विभास )।** पूर्वोत्तर हिंदी साहित्य अकादमी, तेजपुर, असम ने 14 मई रविवार को अपना 8वां वार्षिक सारस्वत सम्मान व पुस्तक विमोचन समारोह ज्योति भारती, पकी के तेजपुर हॉल में भव्यता के साथ मनाई। इस कार्यक्रम में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा, प्रचारक, कवयित्री, पूर्वोत्तर हिन्दी साहित्य अकादमी, बिश्वनाथ जिला शाखा के सांगठनिक सचिव और विश्वनाथ चाराली के सेंट जेवियर्स स्कूल के हिंदी अध्यापिका मनीषा पाल को *हेमलता गोस्वामी स्मृति युवा सम्मान* से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर पूर्व भारत के विभिन्न राज्यों के प्रमुख लेखकों ने भाग लिया। सम्मान समारोह विश्वनाथ जिला इकाई के जिला सचिव संतोष कुमार महतो की संचालित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वोत्तर हिंदी साहित्य अकादमी की संस्थापक एवं अध्यक्ष रीता सिंह सर्जना ने की। मुख्य अतिथि प्रो. दिलीप कुमार मेधी, आचार्य, हिंदी विभाग, गुवाहाटी विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि डॉ.



अनुशब्द, वरिष्ठ सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय, राजीव रंजन प्रसाद, सहायक आचार्य, राजीव गांधी विश्वविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश और अति विशिष्ट अतिथियों में लेखक सुशील कुर्मी, वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक डॉ. नथमल टिबड़ेवाल, वरिष्ठ पत्रकार, अमर बनिया लोहरो, वरिष्ठ साहित्यकार, सिक्किम, डॉ. गोमा देवी, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, आर्मी पब्लिक स्कूल, नारंगी, गुवाहाटी, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सबसे पहले उत्तर पूर्व हिंदी साहित्य अकादमी की अध्यक्ष रीता सिंह सर्जना ने मनीषा पाल को असमिया फुलाम से देकर बधाई दी और उन्हें पुरस्कार और मानदेय 2100/- रुपए का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मनीषा पाल को हिंदी भाषा और साहित्य में उनकी सेवा के लिए पुरस्कार मिला। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद विश्वनाथ चारिआलि शहर के हिंदी प्रेमी के बीच खुशी का लहर छा गया। इधर मनीषा पाल को विश्वनाथ चारिआलि में असमिया फुलाम गामोछा से स्वागत किया गया। पूर्वोत्तर हिंदी साहित्य अकादमी बिश्वनाथ जिला शाखा अध्यक्ष प्रेम विश्वकर्मा, सचिव संतोष कुमार महतो, सदस्य वेददीप उपाध्याय और सेंट जेवियर्स स्कूल शिक्षक-शिक्षिका ने बधाईयां और शुभकामनाएं दी। *हेमलता गोस्वामी स्मृति युवा सम्मान* का प्रदाता-मेघालय के शिलांग की वरिष्ठ लेखिका और समीक्षक, आलोचक डॉ. अनीता पांडा ने अपने मां के नाम से अर्पण की। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मनीषा पाल की जीवन की प्रथम काव्य संग्रह *हर लम्हा कुछ कहता है...* भव्यता के साथ प्रकाशित हुई।

# आईएनएस सिंधुरत्न पनडुब्बी 97 दिनों की लंबी यात्रा के बाद रूस से मुंबई पहुंची

**-भारत में कई दुर्घटनाओं के बाद मरम्मत के लिए भेजा गया था रूसी नेवल डॉकयार्ड**

**-मरम्मत के बाद पनडुब्बी यूक्रेन से युद्ध और आर्थिक संकट के कारण फंसी थी रूस में**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** समुद्र का गहना कही जाने वाली भारतीय नौसेना की डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी आईएनएस सिंधुरत्न रूस के नेवल डॉकयार्ड में बड़ी मरम्मत के बाद मुंबई लौट आई है। किलो क्लास की यह पनडुब्बी 97 दिनों की लंबी यात्रा के बाद रूस से मुंबई पहुंची है। मरम्मत होने के बाद यह पनडुब्बी यूक्रेन से युद्ध और आर्थिक संकट के कारण रूस में ही फंस गई थी, जिसे बमुश्किल भारत लाया जा सका है। भारतीय नौसेना के पास सिंधुघोष वर्ग की सिंधुध्वज, सिंधुराज, सिंधुरत्न, सिंधुकेसरी, सिंधुकीर्ति, सिंधुविजय, सिंधुरक्षक और सिंधुराष्ट्र पनडुब्बियां हैं। यह सभी रूसी मूल की डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियां हैं, जिनमें लगातार दुर्घटनाएं बढ़ने लगीं। दरअसल, 26 फरवरी, 2010 को आईएनएस सिंधुरक्षक में आग लगने से एक नाविक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह आग दोषपूर्ण बैटरी के कारण लगी थी। इसके बाद 14 अगस्त, 2013 को सिंधुरक्षक पर एक विस्फोट के बाद आग लगी और सिंधुरक्षक गोदी में डूब गई। 17 जनवरी, 2014 को नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई लौटते समय सिंधुघोष कम ज्वार के कारण समुद्र में फंस गई। इसी क्रम में 26 फरवरी, 2014 को मुंबई तट पर आईएनएस सिंधुरत्न में धुएं का पता चला, जिसके परिणामस्वरूप 7 नाविक बेहोश हो गए और दो की मौत हो गई। घुटन से बेहोश होने के बाद 4-5 नाविकों को मुंबई के एक अस्पताल में ले जाया गया था। बोर्ड पर पश्चिमी नौसेना कमान के सबसे वरिष्ठ पनडुब्बी अधिकारी थे।



जांच में आग लगने का कारण नहीं पता चला, लेकिन रिपोर्टों के अनुसार एक प्रशिक्षण मिशन के दौरान जब पनडुब्बी पानी के नीचे थी, तब नाविकों के आवास क्षेत्र में कम्पार्टमेंट नंबर 3 में धुआं भर गया था, जिससे यह दुर्घटना हुई। हादसे में मारे गए लेफ्टिनेंट कमांडर कपिश सिंह मुवाल और लेफ्टिनेंट कमांडर मनोरंजन कुमार का अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया था। इसके बाद आईएनएस सिंधुरत्न को मरम्मत के लिए रूस के नेवल डॉकयार्ड में भेजा गया था। कई साल की मरम्मत के बाद जब पनडुब्बी की भारत वापसी का समय आया, तो रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ गया। समुद्री लिफ्ट वाणिज्यिक परिवहन डॉक जहाज की कमी के कारण आईएनएस सिंधुरत्न रूस में फंसी गई और उसे रूस से मुंबई लाने के सारे रास्ते बंद हो गए। रूस-यूक्रेन युद्ध और आर्थिक संकट के कारण वाणिज्यिक परिवहन गोदी जहाज संचालक रूस से संचालन नहीं करना चाहते थे। इस पर भारतीय नौसेना ने परिवहन गोदी जहाज के जरिये पनडुब्बी को नॉर्वे में एक बंदरगाह पर लाने की योजना बनाई। इस तरह किलो क्लास की यह पनडुब्बी 97 दिनों की लंबी यात्रा के बाद रूस से मुंबई पहुंच गई है।

## दिल्ली सरकार ने शुरू किया 'आई लव यमुना' कैंपेन

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग की ओर से बुधवार को आईटीओ के निकट छठ घाट आई लव यमुना कैंपेन की शुरूआत की है। दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आई लव यमुना कैंपेन कार्यक्रम में दिल्ली स्थित विभिन्न स्कूलों के ईको क्लब से करीबन 1500 बच्चों और शिक्षकों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। यमुना नदी की महत्ता और दिल्ली की प्रदूषण की समस्या के बारे में बच्चों को अवगत कराने के लिए इस कैंपेन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मौजूद सभी बच्चों ने यमुना नदी की सफाई से सम्बंधित स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया और यमुना नदी की सफाई को लेकर शपथ ग्रहण किये। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने ह्यआई लव यमुना कैंपेनह्न कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण करने के बाद यमुना घाट पर जाकर सफाई अभियान का निरीक्षण किया। उसके बाद उपस्थित बच्चों और



अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यमुना दिल्ली के लिए एक नदी ही नहीं है, बल्कि यह दिल्ली के एक बहुत बड़े इकोसिस्टम का सहयोग करती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली अपनी अधिकतर पानी से संबंधित जरूरतों के लिए यमुना नदी पर निर्भर है। हमारी सरकार हर वह कोशिश कर रही है कि इस पवित्र नदी की गरिमा को बनाए रखा जा सके। आगे उन्होंने बताया कि सरकार समझती है कि यमुना की सफाई और रेस्टोरेशन का काम अलग-अलग प्रयासों से हासिल नहीं किया जा सकता है। इसके लिए जरूरत है कि सभी स्टेकहोल्डर्स, लोकल समुदायों और शैक्षिक संस्थान एक साथ मिलकर सरकार का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार अपने स्तर पर यमुना नदी के कायाकल्प के लिए इस वर्ष के बजट में सात सूत्री कार्य योजना तैयार की है। इसके साथ ही आगामी दिनों में वृक्षारोपण अभियान के जरिये यमुना नदी के किनारे हरित क्षेत्र बढ़ाने का कार्य भी किया जाएगा। यह न केवल यमुना के इकोलॉजिकल बैलेंस के लिए जरूरी है, बल्कि यह नदी की प्राकृतिक सुंदरता बढ़ाने का कार्य भी करेगा।

## सत्येंद्र जैन की सेल में दो कैदी भेजने वाले सुपरिटेंडेंट का हुआ तबादला

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की सेल में दो कैदियों को भेजने के मामले में जेल सुपरिटेंडेंट का तबादला कर दिया गया है। तिहाड़ जेल सूत्रों ने बताया कि जेल नंबर 7 के जेल सुपरिटेंडेंट राजेश चौधरी का तबादला किया गया है। कुछ दिन पहले ही उनसे इस मामले में जवाब दाखिल करने को कहा गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिना किसी वरिष्ठ अधिकारी के आदेश के जेल सुपरिटेंडेंट राजेश चौधरी ने सत्येंद्र जैन के आवेदन पर दो कैदियों को उनकी सेल में भेज दिया था। इस मामले में राजेश चौधरी के साथ-साथ चार अन्य जेल सुपरिटेंडेंट का भी तबादला किया गया है। चौधरी को अब जेल नंबर 7 के जेलर की बजाय तिहाड़ मुख्यालय में ड्यूटी करनी होगी। उनकी जगह विनोद कुमार यादव को जेल नंबर सात का सुपरिटेंडेंट बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले के सामने आने के बाद पहले राजेश चौधरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और यह पूछा गया था कि आखिर उन्होंने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की सेल में किसके आदेश से दो कैदियों को शिफ्ट किया था।




## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के करीबी के घर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के कुछ करीबी लोगों के घरों पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को छापेमारी की है। यह छापेमारी जम्मू-कश्मीर में कथित बीमा घोटाले को लेकर की गई है। सूत्रों के मुताबिक सत्यपाल मलिक के मीडिया सलाहकार रहे सुनक बाली के दिल्ली आवास के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर व राजस्थान सहित कुल आठ ठिकानों पर सीबीआई ने छापेमारी की है। इसपर पूर्व राज्यपाल मलिक ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके पूर्व सहयोगी रहे सुनक बाली को सीबीआई परेशान कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि जब वे जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे, तब बाली बिना सरकारी वेतन लिए उनके प्रेस सलाकार और सचिव के तौर पर कार्यरत थे। सीबीआई जान बूझकर इस मामले में शिकायत करने वाले लोगों को ही परेशान कर रही है। उल्लेखनीय है कि सत्यपाल मलिक ने बीते दिनों एक साक्षात्कार में आरोप लगाया था कि जब वे जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे तो उनको एक बीमा कंपनी की फाइल पास करने सहित कुछ अन्य मामलों को लेकर रिश्वत की पेशकश की गई थी। मलिक के इन गंभीर आरोपों की जांच के लिए सीबीआई ने मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू की है। इस संबंध में 28 अप्रैल को सीबीआई ने मलिक से भी पूछताछ की थी।




## त्र्यंबकेश्वर मंदिर में जबरन प्रवेश मामले में 5 उरुस आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज

**- हिंदू महासभा के कार्यकताओं ने गौमूत्र छिड़ककर किया मंदिर का शुद्धिकरण**

**-आरोपितों की 72 घंटे में गिरफ्तारी न होने पर सूबे के सभी मंदिर बंद करने की चेतावनी**

**मुंबई, (हि.स.)।** नासिक जिले में स्थित त्र्यंबकेश्वर मंदिर में जबरन प्रवेश मामले में पांच उरुस आयोजकों के खिलाफ नासिक ग्रामीण मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। हिंदू महासभा के कार्यकताओं ने बुधवार को गौमूत्र छिड़ककर मंदिर का शुद्धिकरण किया। हिंदू महासभा के अध्यक्ष आनंद दवे ने पत्रकारों को बताया कि अगर प्रशासन ने मंदिर में जबरन प्रवेश करने का प्रयास करने वालों को 72 घंटे के अंदर गिरफ्तार नहीं किया, तो राज्य के सभी मंदिर बंद करवा दिए जाएंगे। नासिक जिले में स्थित त्र्यंबकेश्वर में सोमवार को उरुस आयोजकों ने जबरन प्रवेश का प्रयास किया था। इसका जोरदार विरोध मंदिर प्रशासन ने किया था, जिससे मौके पर तनाव उत्पन्न हो गया था। इसके बाद हिंदू महासभा में इस मामले की गहन छानबीन की मांग की थी, जिससे उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तत्काल मामला दर्ज करने और मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल गठित किए जाने की घोषणा की थी। अब इसके बाद नासिक ग्रामीण पुलिस स्टेशन में पांच लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच कर रहे अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक बीजी शेखर ने बताया कि इस मामले में पांच लोगों को आरोपित बनाया गया है। मामले की गहन छानबीन की जा रही है। विस्तृत छानबीन के बाद इस मामले में आरोपितों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।



## मुख्यमंत्री के जन संवाद कार्यक्रम बचा नहीं पाएंगे भाजपा की डूबती नैया : मनोज राठी

**-आआप नेता ने जन संवाद कार्यक्रमों को बताया ढकोसला**

**हिसार, (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रवक्ता मनोज राठी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन संवाद कार्यक्रमों को ढ़कोसला करार दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इन कार्यक्रमों में वही बातें सुनते हैं जो उनके पक्ष की होती है, यदि कोई न्याय की मांग करता है तो मुख्यमंत्री उसे दूसरी पार्टी का बताकर संवाद कार्यक्रमों से बाहर निकालने की बात करते हैं। मुख्यमंत्री के संवाद कार्यक्रमों पर प्रतिक्रिया जताते हुए मनोज राठी ने बुधवार को कहा है कि पिछले लगभग साढ़े आठ साल से हरियाणा में भाजपा-जजपा की सरकार है और इस दौरान सरकार के मुखिया ने जन संवाद का कोई प्रयास नहीं किया। इस सरकार ने जनता का धन लूटने के अलावा जनता की आवाज नहीं सुनी और केवल मात्र अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के सिवाय किसी पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि आखिर ऐसी कौन सी बात है जो मुख्यमंत्री साढ़े आठ साल में समझ नहीं पाए लेकिन अब एकाएक उन्हें जनता की याद आई है। जन संवाद कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री अपनी सरकार के पक्ष में होने वाली बातें तो खुशी से सुनते हैं लेकिन अधिकारियों व सरकार के खिलाफ यदि कोई बोलता है तो उसको विरोधी पार्टी का बताते हैं और बाहर निकालने की बात करते हैं। सिरसा जिले में महिला सरपंच के साथ मुख्यमंत्री का सलूक, एक किसान व एक आआप नेता की बात पर मुख्यमंत्री का आपा खोना साबित करता है कि उनमें कोई राजनीतिक परिपक्वता नहीं है।



## आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना को मिली मंजूरी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को मंजूरी दे दी है। इस पर 17 हजार करोड़ रुपये का बजटीय परिव्यय होगा। कार्यक्रम की अवधि 6 वर्ष है। इससे 2,430 करोड़ रुपये के निवेश प्राप्ति की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई स्कीम 2.0 को मंजूरी प्रदान की है। इसमें लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पीसी, सर्वर और अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर डिवाइस शामिल हैं। मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि पीएलआई योजना इलेक्ट्रोनिक उपकरणों, मोबाइल और टेलीकॉम उपकरणों के उत्पादन के क्षेत्र में सफल रही है। इससे इन क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ा है और भारत इनका बढ़ा निर्यातक बना है। उन्होंने कहा कि अब सरकार आईटी हार्डवेयर क्षेत्र के लिए भी योजना लेकर आई है। इससे इस क्षेत्र का उत्पादन 3.35 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ेगा। क्षेत्र को 2,430 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त होगा और प्रत्यक्ष तौर पर 75 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

वहीं अप्रत्यक्ष तौर पर 2 लाख से ज्यादा रोजगार पैदा होंगे। सरकार के अनुसार भारत सभी वैश्विक बड़ी कंपनियों के लिए एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में उभर रहा है। बड़ी आईटी हार्डवेयर कंपनियों ने भारत में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने में दिलचस्पी दिखाई है। यह देश के भीतर अच्छी मांग वाले मजबूत आईटी सेवा उद्योग द्वारा समर्थित है। अधिकांश बड़ी कंपनियां भारत में स्थित घरेलू बाजारों की आपूर्ति करना चाहती हैं और साथ ही भारत को एक निर्यात केंद्र बनाना चाहती हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए सेबी को 14 अगस्त तक का समय दिया

**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए सेबी को 14 अगस्त तक का समय दे दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि रिपोर्ट देखने के बाद 30 सितंबर तक जांच खत्म करने पर आदेश दिया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि शेयर बाजार के कामकाज में सुधार पर विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट सभी पक्षों को दी जाएगी। विशेषज्ञ समिति के सुझाव पर गर्मियों की छुट्टियों के बाद 11 जुलाई को सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि सेबी की अर्जी का जवाब हमने दाखिल किया है। 2021 में सेबी अडानी को लेकर जांच कर रही थी। संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये बात बताई गई थी। उन्होंने कहा कि 2016 से 2021 के बीच सेबी ने क्या किया, यह कोर्ट को बताए। सात साल से अडानी के खिलाफ सेबी कार्रवाई नहीं कर रही है। इन सभी जांचों का क्या हुआ, यह सेबी अदालत को बताए। प्रशांत भूषण ने कहा कि एक साल में अडानी के शेयरों में कई गुना बढ़ोतरी हुई जो खतरे की घंटी थी। लेकिन सेबी ने कुछ नहीं किया। सेबी की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 2016 से 2021 का इस मामले से कुछ लेना देना नहीं है। याचिकाकर्ता उसे हिंडनबर्ग से जोड़ रहे हैं। सेबी ने 15 मई को सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल कर कहा कि ये आरोप निराधार है कि सेबी 2016 से अडानी ग्रुप के खिलाफ जांच कर रहा है। जिस जांच का याचिकाकर्ता हवाला दे रहे हैं, वो दरअसल 51 भारतीय कंपनियों को जारी ग्लोबल डिपॉजिट रसीदों (जीडीआर) के बारे में थी। इनमें कोई भी अडानी ग्रुप की कंपनी शामिल नहीं है। सेबी का कहना है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट में जिन 12 संदेहास्पद लेन-देन का जिक्र हुआ है, वो काफी जटिल हैं और वो दुनिया के कई देशों से जुड़ी है। उन लेनदेन से जुड़े आंकड़ों की जांच में काफी समय लगेगा। ऐसे में जांच के लिए 6 महीने का समय मांगने के पीछे उद्देश्य यह है कि निवेशकों और सिक्योरिटी मार्केट के साथ न्याय किया जा सके। सुनवाई के दौरान 12 मई को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच पूरी करने के लिए सेबी को अनिश्चितकाल का समय नहीं दिया जा सकता। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि वो सेबी को और छह महीने का समय नहीं दे सकती है। सेबी ने अर्जी दाखिल कर छह महीने का और समय मांगा है। सेबी ने कहा है कि कई जटिल पहलुओं की जांच होनी है। अमेरिका में ऐसी जांच 9 महीने से लेकर 5 साल तक चलती है।



## एम्स से फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

**राकेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में बेहतर उपचार के लिए आए भोले-भाले मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाकर रुपये ऐंठने वाली फर्जी महिला डॉक्टर को हौज खास थाना पुलिस ने एम्स अस्पताल से गिरफ्तार किया है। आरोपित खुद को एम्स का जूनियर डॉक्टर बताकर ठगी करती थी। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले की निवासी 27 वर्षीय शुभी त्रिवेदी के रूप में हुई है। डॉक्टरों का कोट पहनकर वह मरीजों के परिजनों से जल्दी इलाज कराने का झांसा देकर वारदात को अंजाम दे रही थी। उत्तराखंड के हरिद्वार से आए एक व्यक्ति की बेटी का इलाज कराने के नाम पर आरोपित ने 96 हजार रुपये ले भी लिये थे। बाद में उसकी शिकायत पर पुलिस ने महिला को एम्स ओपीडी के पास से गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी चंदन चौधरी ने बुधवार को बताया कि 18 अप्रैल को हौज खास थाने में ठगी की एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत करने वाले व्यक्ति ने बताया कि वह परिवार के साथ उत्तराखंड के हरिद्वार में रहता है। उसकी बेटी को एम्स में दिखाना था। 21 मार्च को वह एम्स में पहुंचा तो वहां उसे नकली डॉक्टर मिली। आरोपित महिला ने खुद को एम्स का जूनियर डॉक्टर बताया। वह एम्स का डॉक्टरों वाला कोट पहनने के साथ-साथ अपने नाम की नेमप्लेट भी लगा रखी थी। पीड़ित को जल्दी इलाज कराने का भरोसा देकर आरोपित ने अपने खाते में ऑन लाइन 96 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिये। इसके बाद वह इलाज कराने में आना-कानी करने लगी। उसने पीड़ित का कॉल भी उठाना बंद कर दिया। बाद में पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ तो उसने मामले की सूचना एम्स पुलिस चौकी में दी। पीड़ित की शिकायत पर हौज खास थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी, टेक्निकल सर्विलांस और बैंक खातों की डिटेल जुटाने के बाद पुलिस ने आरोपित की फोटो प्राप्त कर ली। इसके बाद पूरे अस्पताल के गार्ड को फोटो दिखाई गई। जांच के बाद पुलिस की टीम को कामयाबी मिली। सूचना मिली कि आरोपित ओपीडी के पास मौजूद है। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया।पूछताछ में आरोपित शुभी त्रिवेदी ने बताया कि उसका परिवार बदायूं के बिल्सी में रहता है। उसने बरेली के एक कॉलेज से माइक्रोबायोलॉजी में बीएससी की थी। बाद में उसने फॉरेंसिक साइंस से एमएससी की। उसे फॉरेंसिक की ठीक-ठाक जानकारी है। उसने इसका फायदा उठाया। शुभी ने ठगी के लिए बाजार से एक सफेद रंग का डॉक्टरों वाला कोट खरीदा। इसके बाद उसने खुद के नाम की नेमप्लेट भी बनवा ली। वह खुद को फॉरेंसिक्स एंड टॉक्सिकोलॉजी का डॉक्टर बताकर एम्स में तैनाती बताती थी। वह लोगों को एम्स में जल्द से जल्द उपचार का झांसा देकर ठगी कर रही थी।




## सीबीआई ने स्वतंत्र पत्रकार विवेक रघुवंशी और नौसेना के पूर्व कमांडर आशीष पाठक को 'जासूसी' में गिरफ्तार किया

**- दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और जयपुर में 12 स्थानों पर तलाशी में मिला अहम डिजिटल रिकॉर्ड**

**- भारत की कूटनीतिक और रणनीतिक वार्ता से संबंधित जानकारी एकत्र करने का भी आरोप**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने स्वतंत्र पत्रकार विवेक रघुवंशी और नौसेना के पूर्व कमांडर को जासूसी के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ सीबीआई ने मंगलवार को जासूसी का मामला दर्ज किया गया था। स्वतंत्र पत्रकार पर डीआरडीओ और भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की खरीद से संबंधित संवेदनशील जानकारी एकत्र करके विदेशी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा करने का आरोप है। सीबीआई ने मामला दर्ज करने के बाद दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और जयपुर में 12 स्थानों पर तलाशी ली है। शुरूआत में दिल्ली पुलिस ने रघुवंशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और इसके बाद जांच सीबीआई को सौंप दी। इसके बाद सीबीआई ने रघुवंशी और नौसेना के पूर्व कमांडर आशीष पाठक के खिलाफ गोपनीयता कानून के तहत आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया।

इसके बाद एफआईआर के आधार पर जांच एजेंसी ने विवेक रघुवंशी और उनके करीबियों के जयपुर और एनसीआर स्थित 12 ठिकानों पर छापे मारे, जहां से बड़ी मात्रा में डिजिटल रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। छापे के दौरान बरामद संवेदनशील दस्तावेज को कानूनी समीक्षा के लिए भेजा गया है। सूत्रों के मुताबिक, विवेक रघुवंशी और नौसेना के पूर्व कमांडर आशीष पाठक को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई का आरोप है कि यह लोग डीआरडीओ की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति के बारे में संवेदनशील जानकारी और सूक्ष्म विवरण एकत्र कर रहे थे। एजेंसी का यह भी आरोप है कि भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की खरीद योजनाओं का विवरण एकत्र करने से देश की रणनीतिक तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता था। एफआईआर में सीबीआई का आरोप है कि रघुवंशी ने मित्र देशों के साथ भारत की रणनीतिक और कूटनीतिक बातचीत के ब्यौरे के अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय संचार सूचनाओं की जानकारी जुटाई थी। अगर ये सूचनाएं सामने आतीं, तो इन देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध खराब हो सकते थे। इन पर रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) और सेना के बारे में कथित रूप से संवेदनशील जानकारी एकत्र करने और उसे विदेश की खुफिया एजेंसियों के साथ साझा करने का आरोप है।



# मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर उप्र के 25 करोड़ लोगों तक पहुंचेगी भाजपा



**लखनऊ, (हि.स.)।** केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के 30 मई को नौ वर्ष पूरे होने के अवसर को भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) देश के साथ ही उत्तर प्रदेश में भी उत्सव के रूप में मनाएगी। यह उत्सव कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नहीं बल्कि जनता के बीच जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिना कर मनाया जाएगा। विभिन्न प्रकार के अभियान चलेंगे। पार्टी बूथ स्तर तक पहुंचेंगी। रैलियां और सभाएं होंगी। इसके लिए भाजपा क्षेत्र से लेकर मण्डल स्तर पर बैठक कर रणनीति तैयार की जाएगी। मोदी सरकार के सफलतम 09 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से 30 मई से 30 जून तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जनसम्पर्क का अभियान भी चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर 17 मई बुधवार को नोएडा में पश्चिम क्षेत्र की बैठक हो रही है। इस बैठक का उद्घाटन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी करेंगे। समापन पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह समापन करेंगे। वाराणसी में काशी क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह शामिल हो रहे हैं। ब्रज व गोरखपुर क्षेत्र की बैठक 18 मई को, कानपुर और अवध क्षेत्र की बैठक 19 मई को आयोजित होगी। अभियान के तहत प्रदेश की प्रत्येक लोकसभा में जनसभाएं आयोजित की जायेंगी। जिला स्तर पर प्रबुद्ध सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। प्रबुद्ध सम्मेलन में अधिवक्ता, डाक्टर, शिक्षक, साहित्यकार सहित प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही व्यापारी सम्मेलन भी आयोजित किए जायेंगे। प्रत्येक लोकसभा में सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अन्तर्गत युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा व अल्पसंख्यक मोर्चा संयुक्त रूप से सम्मेलनों का आयोजन करेंगे। ये सम्मेलन विधानसभा स्तर पर होंगे। पार्टी ने प्रत्येक विधानसभा में लाभार्थियों के सम्मेलन आयोजित करने की भी योजना बनाई है। लाभार्थी सम्मेलनों में केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित नागरिक शामिल होंगे। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि अभियान की तैयारियों को लेकर सभी क्षेत्रों में क्षेत्रीय कार्यसमिति सम्पन्न होने के बाद 20 व 21 मई को जिला कार्यसमिति की बैठकें आयोजित की जाएंगी। जिला कार्यसमिति की बैठक में जिला पदाधिकारियों, जिला कार्यसमिति सदस्यों, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के जिलाध्यक्षों सहित विशेष रूप से सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सहित जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इसी क्रम में मंडल कार्यसमिति की बैठकें 22, 23 व 24 मई के मध्य सम्पन्न होंगी। इसमें विधायक, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य प्रमुख पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे।

# उप्र में स्थापित होगा फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन इन्स्टिट्यूट : मुख्यमंत्री

-फार्मा सेक्टर में शोध एवं मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री का बड़ा निर्णय

-लखनऊ में होगा नया रिसर्च इन्स्टिट्यूट, मुख्यमंत्री ने 15 दिन में मांगी कार्ययोजना



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में फार्मस्युटिकल सेक्टर के विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। इस विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने फार्मा सेक्टर में शोध-अनुसंधान को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए प्रदेश में एक नवीन संस्थान की स्थापना के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि फार्मा मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों की संख्या में उत्तर प्रदेश देश का 06वां सबसे बड़ा राज्य है, अब हमारा लक्ष्य देश में अग्रणी राज्य बनने का है। इसी प्रकार देश में फार्मा मैन्युफैक्चरिंग में अभी उप्र का योगदान दो प्रतिशत का है, जिसे 10-12 प्रतिशत तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि फार्मास्युटिकल सेक्टर में विकास की बड़ी संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश को इन संभावनाओं का लाभ उठाना चाहिए। दवा निर्माण के साथ-साथ हमें शोध-अनुसंधान पर भी फोकस करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आईआईटीआर, सीडीआरआई, सीमैप और एनबीआरआई जैसे उच्चस्तरीय शोध संस्थान क्रियाशील हैं। एसजीपीजीआई, केजीएमयू जैसे अकादमिक संस्थान भी हैं। नियोजित प्रयासों से बीते कुछ वर्षों में लखनऊ बायोफार्मा हब के रूप में उभर कर आया है। फार्मास्युटिकल सेक्टर के लिए एकेटीयू व अन्य प्राविधिक शिक्षण संस्थान मानव संसाधन उपलब्ध कराने में सक्षम हैं। प्रदेश में फार्मा पार्क निर्माण की कार्यवाही चल रही है। मेडिकल डिवाइस पार्क का भी निर्माण किया जाना है। इस संसाधनों का बेहतर लाभ उठाना होगा। योगी ने कहा कि दवा उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए हमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थानों, रिसर्च लैब और इंडस्ट्री, तीनों क्षेत्रों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। ऐसे में फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन इन्स्टिट्यूट की स्थापना की जानी चाहिए। यह संस्थान मूलतः शोध और नवाचार पर केंद्रित होगा, साथ ही सेक्टर से संबधित अन्य संस्थानों व इंडस्ट्री के बीच सेतु का काम करेगा। मुख्यमंत्री ने फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन इन्स्टिट्यूट के स्वरूप के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है। सेक्टर विशेषज्ञों का पैनल तैयार करने का भी निर्देश दिया और कहा कि फार्मास्युटिकल सेक्टर की भविष्य की जरूरतों का आकलन किया जाये। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में दुनिया भर के बेस्ट प्रैक्टिसेज का अध्ययन करते हुए आगामी 15 दिनों के भीतर विस्तृत कार्ययोजना भी मांगी है। इस संस्थान के लिए राजधानी लखनऊ में उपयुक्त भूमि चिन्हित करने का भी उन्होंने निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संस्थान राष्ट्रीय फलक पर उत्तर प्रदेश को फार्मास्युटिकल शोध-अनुसंधान और मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाला होगा।

# राजनीति में धर्म का इस्तेमाल लोकतंत्र के लिए घातक : मायावती



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव में मिली करारी हार के बाद बहुजन समाज पार्टी(बसपा) की प्रमुख मायावती ने सत्ताधारी पार्टी भाजपा पर तीखा हमला किया है। उन्होंने गुरुवार को एक ट्वीट कर कहा है कि यूपी में सत्ताधारी पार्टी द्वारा जनविरोधी नीतियों, गलत कार्यकलापों आदि कमियों का चुनाव पर प्रभाव कम करने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग, इनका द्वेषपूर्ण, दमनकारी व्यवहार एवं धर्म का राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल अति-गंभीर व अति-चिन्ताजनक, जो लोकतंत्र के लिए घातक है। उन्होंने अगले ट्वीट में भाजपा पर हमला करते हुए पार्टी कार्यकताओं से कहा है कि इन घोर जनविरोधी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करने की जरूरत है। इसके लिए पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता ठोस रणनीति बनाकर उस्के(भाजपा) हिसाब से आगे खास्कर लोकसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी में जुट जायें। उल्लेखनीय है कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, मण्डल व जिलाध्यक्षों सहित जिलों के कोर्डिनेटरों की बैठक बुलायी हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने निकाय चुनाव के परिणाम आने के बाद लगातार भाजपा पर हमलावर हैं। उन्होंने तीन दिन पहले भी अपने एक बयान में कहा है कि यूपी निकाय चुनाव में भाजपा सरकार ने सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग किया है, जिससे उन्हें यह जीत मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा के इस षडयंत्र के नाते बसपा चुप होकर बैठने वाली नहीं है, बल्कि वक्त आने पर इसका जवाब बीजेपी को जरूर मिलेगा।

## राजभवन में राज्यपाल से मिलीं सुषमा खर्कवाल



**लखनऊ, (हि.स.)।** लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की। सुषमा खर्कवाल ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वहीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ की प्रथम नागरिक को अंगवस्त्र प्रदान किया। सुषमा खर्कवाल ने कहा कि हमने राज्यपाल से मिलकर उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। राज्यपाल का जीवन देश की महिलाओं के सशक्तिकरण का एक आदर्श माडल है। ऐसी विभूति हमारे राज्य की राज्यपाल हैं। राज्यपाल के रूप में अपनी उपस्थिति से उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में प्रदेश का मार्गदर्शन कर रही हैं। यह हम सब का सौभाग्य है।

# लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने 15 सहायक आयुक्तों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए




**लखनऊ, (हि.स.)।** लखनऊ कमिश्नरेट ने बुधवार को 15 सहायक पुलिस आयुक्तों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसी क्रम में सुनील कुमार शर्मा को चौक भेजा गया है। इससे पहले वह बाजारखाला में तैनात थे। उनके अलावा राजकुमार सिंह को मोहनलालगंज से बाजारखाला,अनूप कुमार सिंह कैंट से काकोरी, दिलीप कुमार सिंह काकोरी से गाजीपुर, विजयराज सिंह एसीपी कार्यालय का काम देखेंगे, इससे पहले उनकी तैनाती गाजीपुर में थी। इसी तरह नितिन कुमार सिंह को लेखा विभाग से हटाकर मोहनलालगंज भेजा गया है। अनिरुद्ध विक्रम सिंह मलिहाबाद से विभूतिखंड,अभय प्रताप मल्ल को विभूतिखंड से लेखा विभाग के अलावा अतिरिक्त प्रभार सहायक पुलिस आयुक्त यातायात की जिम्मेदारी दी गई है। अभिनव को कैंट, सैफुद्दीन बेग कानून एवं व्यवस्था, शिवाजी सिंह ट्रैफिक, स्वाति चौधरी सहायक पुलिस आयुक्त गोमतीनगर और यूपी डायल 112 का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा विरेंद्र विक्रम को गोमतीनगर से मलिहाबाद, अमित कुमावत को गोसाईगंज/लाइंस और धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी को यातायात से हटाकर सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी बनाया गया है।

# हाई कोर्ट ने रांची हिंसा मामले में सरकार को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को गत वर्ष रांची में 10 जून को हुई हिंसा मामले पर राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही याचिककर्ता को भी कहा है कि वह अगर राज्य सरकार के जवाब पर प्रति उत्तर देना चाहते हैं तो भी दे सकते हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि 10 जून हिंसा मामले में कुछ केस को सीआईडी को क्यों सौंपा गया? कोर्ट ने मामले की सुनवाई 21 जून निर्धारित की है। इससे पहले सुनवाई के दौरान राज्य के गृह सचिव, डीजीपी, रांची एसएसपी, डीजी सीआईडी कोर्ट में उपस्थित हुए। अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि मामले में जांच जारी है, जिस पर कोर्ट ने इन सभी अधिकारियों की अगली सुनवाई में उपस्थिति से छूट प्रदान की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। रांची हिंसा मामले में दायर पंकज यादव की जनहित याचिका में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव यास्मीन फारूकी समेत रांची उपायुक्त, एसएसपी, मुख्य सचिव, एनआईए, ईडी को प्रतिवादी बनाया है। अदालत से मामले की एनआईए जांच कराकर झारखंड संपत्ति विनाश और क्षति निवारण विधेयक 2016 के अनुसार आरोपियों के घर को तोड़ने का आदेश देने का आग्रह किया है।

# विधानसभा भवन में वाम कन्वेंशन की तैयारी पूरी




**रांची, (हि. स.)।** राजधानी रांची के पुराने विधानसभा भवन में 19 मई को होने वाले राज्य स्तरीय वाम कन्वेंशन की तैयारी पूरी कर ली गयी है। भाकपा, माकपा, भाकपा (माले), मासस, आरएसपी, फारवर्ड ब्लाक और एसयूसीआइ (सी) सहित वामदलों के इस कन्वेंशन में राज्य के सभी जिलों से 350 से ज्यादा नेता शामिल होंगे। कन्वेंशन पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होकर अपराह्न चार बजे तक चलेगा। बुधवार को कन्वेंशन में प्रस्तुत किए जाने वाले संयुक्त आधार पत्र, राजनीतिक प्रस्ताव और आंदोलनों के भावी कार्यक्रम पर चर्चा कर उसे अंतिम स्वरूप दिए जाने के लिए वामदलों की एक संयुक्त बैठक भाकपा कार्यालय में राजेंद्र यादव की अध्यक्षता में की गई। बैठक के बाद माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, भाकपा के महेंद्र पाठक, भाकपा माले के जनार्दन प्रसाद ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा एक ओर देश की राष्ट्रीय संपदा लूट रही है। दूसरी तरफ भारत का संविधान, देश के फेडरल ढांचे एवं जनतंत्र सहित आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। साथ ही सुनियोजित तरीके से सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए आम नागरिकों के बीच नफरत और घृणा का माहौल फैलाया जा रहा है। बैठक में अजय सिंह, प्रमोद कुमार पांडे, बीएन ओहद्दार, शुभेंदु सेन, भुनेश्वर केवट, वीरेंद्र कुमार, सुशांत मुखर्जी सहित अन्य मौजूद थे।

## स्वास्थ्य उपकेन्द्र निर्माण में डुप्लीकेसी पर लोहरदगा डीसी गंभीर



**लोहरदगा, (हि.स.)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में जिले में 17 स्थानों पर स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण के संबंध में सदर प्रखण्ड, सेन्हा, भण्डरा और कुडू प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि कुल छह एचएससी निर्माण कार्य में डुप्लीकेसी पायी गई है। इस संबंध में उपायुक्त ने तत्काल छह सीएससी में कार्य रोकने का निर्देश दिया। साथ ही उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जांच टीम का गठन किया गया, जिसमें जिला यक्ष्मा पदाधिकारी और कार्यपालक दण्डाधिकारी पूजा कुमारी रहेंगी। समिति ने जांच रिपोर्ट उपायुक्त के समक्ष समर्पित किये जाने का निर्देश दिया।

साथ ही उन स्थानों के बदल अन्य छह स्थानों पर प्रस्ताव समर्पित किये जाने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने आयुष्मान भारत अंतर्गत प्राप्त फंड से सदर अस्पताल स्थित पीएसए प्लांट में एक तकनीकी सहायक और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक एक्स-रे तकनीशियन की व्यवस्था करने का निर्देश सिविल सर्जन, लोहरदगा को दिया। बैठक में संस्थागत प्रसव, नेशनल डिवार्मिंग डे, एनीमिया मुक्ति संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की गई।

# राज्यपाल के संभावित यात्रा को लेकर प्रशासनिक तैयारी जोरो पर




**बगहा, (हि.स.)।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली वाल्मीकि नगर में आगामी 21 मई को दो दिवसीय दौरे पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर के संभावित आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारिया युद्ध स्तर पर चल रही है। राज्यपाल के आगमन को लेकर ठाडी गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय को मरम्मत व रंग रोगन कर बच्चों के खेलने कूदने की समान को लगाया जा रहा है। विद्यालय में शौचालय व रसोईया घर और कक्षाएं को राज्यपाल के स्वागत को लेकर तैयार किया जा रहा है। ठाडी गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों को पूरी तरह से रंग रोगन के साथ फर्श का मरम्मत कर सजधज कर तैयार किया जा रहा है। पेबर ब्लॉक को गांव के गली-गली में लगाया जा रहा है। स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को पीने के स्वच्छ पानी के लिए चापाकल लगाया जा रहा है। गांव में जिन ग्रामीणों के घर में पानी निकलने के निकासी का सुविधा नहीं है,वहां सोख्ता का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि पानी का बहाव सड़क पर ना हो, इसके लिए नाला का निर्माण कराया जा रहा है।

उसके साथ उज्जवला गैस कनेक्शन का घर-घर सर्वेक्षण तथा राशन कार्ड से संबंधित कार्य बगहा-2 के एमो प्रशांत कुमार पांडे के देखरेख में किया जा रहा है। विद्यालय परिसर में मंच निर्माण की तैयारी की जा रही है। वाल्मीकि नगर के हवाई अड्डा स्थित हवाई अड्डा लाउंजर का साफ-सफाई व रंग रोगन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। वहीं दूसरी ओर टूटी-फूटी सड़कों का मरम्मत का हवाई अड्डा चौक स्थित चबूतरा बनाने का कार्य, पंचायत भवन का रंग रोगन मरम्मत का कार्य जोरों शोरों पर चल रहा है। बगहा एएसडीएम सरफराज नवाज और प्रखंड बगहा 2 के वीडियो जयराम चौरसिया के द्वारा चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। विभिन्न प्रकार के हो रहे विकास कार्यों के संवेदकों को समय कार्य पूरा करने का दिशा निर्देश दिया गया है।

# दिनकर के गांव में आयोजित सहस्त्र चंडी महायज्ञ में भक्ति की धारा बही

**बेगूसराय, (हि.स.)।** साहित्यकारों के तीर्थ राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के पैतृक गांव सिमरिया में आयोजित सहस्त्र चंडी महायज्ञ ने ना केवल भक्ति की अविरल धारा बहाई। बल्कि, भजन, गजल, संगीत और साहित्य की भी अविरल छाप छोड़ गया। यज्ञ के समापन पर बीती रात देश के चर्चित गजल गायक कुमार सत्यम ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को सराबोर कर दिया तथा लगातार तालियां बजती रही। इस दौरान सिमरिया गांव और आसपास के लोग ही नहीं, दूरदराज से भी लोग कुमार सत्यम की एक झलक पाने और सुनने के लिए जुटे हुए थे। सूफी और क्लासिकल संगीत में महारत हासिल कुमार सत्यम ने कार्यक्रम की शुरूआत जय श्री राम के जयकारा से किया तथा "पत्थर उतर गए पानी में छूकर जिनका नाम, वह हैं पालनहारे राम" गाना पर लोगों को श्रीराम के अद्भुत चरित्र से रूबरू कराया। इसके बाद जब "मां तू है सुधा रस का प्याला" गाया तो हर कोई अपने मां को याद करने लगे।

उसके बाद कुमार सत्यम ने "याद याद याद रह जाती है", "चिट्ठी आई है", "वक्त का ये परिंदा रुका है कहां", "छाप तिलक सब छीनी तोसे नैना मिलाइके", "तुम्हारी दौलत नई नई है", "बहुत प्यार करते हैं" तथा "बेवफा तेरा मासूम चेहरा" सहित दर्जन भर से अधिक गाना और गजल पर देर रात तक पंडाल में उपस्थित दर्शकों का झूमने पर मजबूर करते रहे। इससे पहले मंच पर आते ही यज्ञ कमेटी की ओर से अंग वस्त्र एवं दिनकर का प्रतीक चिन्ह देकर कुमार सत्यम को सम्मानित किया। कुमार सत्यम ने भी राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जन्म भूमि पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति को लेकर दिनकर जी को नमन किया। इस अवसर पर यज्ञ के सफल आयोजन में किसी ना किसी रूप में शामिल लोगों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।

## नीतीश ने 576 पुलिस वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना



**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पुलिसिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य के पुलिस थानों एवं इकाईयों के लिए 576 पुलिस वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान 576 पुलिस वाहनों में से सभी पुलिस जिलों के थानों के लिए 528, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की विभिन्न वाहिनियां (बटालियन) के लिए 34 एवं बिहार पुलिस मुख्यालय की विभिन्न इकाईयों के लिए 14 पुलिस वाहनों को रवाना किया गया। इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग की कार्यक्षमता एवं दक्षता और बढ़ेगी, साथ ही विधि व्यवस्था के संधारण में सहूलियत होगी। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्यकर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आरएस भट्ठी, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 20 मई को सिमरिया में प्रस्तावित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी हुई तेज

**बेगूसराय, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 20 मई को बेगूसराय के सिमरिया गंगा घाट पर प्रस्तावित यात्रा को लेकर तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू हो गई है। बुधवार को डीएम रोशन कुशवाहा एवं एसपी योगेन्द्र कुमार ने अधिकारियों की टीम के साथ हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक का निरीक्षण किया। नीतीश कुमार हेलीकॉप्टर से दोपहर करीब एक बजे एनटीपीसी बरौनी के हेलीपैड पर उतरेंगे। यहां से सड़क मार्ग से सिमरिया गंगा घाट पहुंचकर करीब 115 करोड़ से बनने वाले स्नान घाट सहित अन्य योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। डीएम एवं एसपी जिला प्रशासन की टीम के साथ सबसे पहले एनटीपीसी बरौनी पहुंचे। जहां हेलीपैड का निरीक्षण कर एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख राजीव खन्ना को दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद अधिकारियों की टीम गंगा तट पहुंची। जहां तैयारी और विधि-व्यवस्था का जायजा लेकर युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है। गंगा तट एवं निमार्णाधीन सिक्सलेन सड़क पुल के आसपास से अतिक्रमण हटाकर जमीन समतल करने, एनएच-31 से गंगा तट तक बैरिकेडिंग करने, साफ-सफाई, फ्लैक्स लगाने तथा सिक्सलेन सड़क पुल से पूरब सभी वाहनों के लिए पार्किंग बनाने का निर्देश दिया गया है।

## संपादकीय

# मंत्रिमंडलीय सहकारिता

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के कौशल में सहकारिता का हाथ भी अब परखा जाएगा। सुक्खू सरकार की करवटों में उप मुख्यमंत्री के पास सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी का आ जाना, उन्हें आजमाना ही नहीं, बल्कि राज्य की शक्तियों में उनके ओहदे का सम्मान है। यह दीगर है कि उप मुख्यमंत्री पद की आजमाइश में राजनीतिक, प्रशासनिक, भौगोलिक व वित्तीय संभावनाओं का एक गुलदस्ता अपनी हैसियत बता रहा है और इससे नए कयास ही निकलेंगे। उप मुख्यमंत्री का पद आम मंत्रियों के बीच कितना बुलंद हो सकता है, इसकी पेशगी में जल शक्ति, परिवहन, भाषा-संस्कृति के साथ-साथ अब सहकारिता विभाग भी मुकेश अग्निहोत्री के राजनीतिक इतिहास की व्याख्या कर रहा है। सरकार के पदों पर टेढ़ी दृष्टि रखने वाली भाजपा पहले ही अदालती चुनौती देती हुई नार आ रही है। उसने मुख्य संसदीय सचिवों के लाभकारी पदों को राजनीति की अलाभकारी परंपराओं के हत्थे चढ़ाया है, तो एतराज की चुस्कियों में विपक्षी दल ने उप मुख्यमंत्री के पद को भी कानूनी अखाड़े में घसीटा है। ऐसे में मुकेश अग्निहोत्री के नाम हुआ एक और विभाग सत्ता में उनके महत्त्व को रेखांकित जरूर कर रहा है। यह दीगर है कि लंबी पुष्पमाला के बावजूद उसमें मौजूद फूलों के रंग और खुशबू के आधार पर शिनाख्त होती है। उप मुख्यमंत्री की क्षमता में सरकार का संतुलन और सरकार का प्रशासनिक आधार भी आपेक्षित है। यह इसलिए भी कि मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री पदों के आबंटन ने इस बार हिमाचल की सत्ता को दो शिखरों में देखने की कोशिश की है। जाहिर है इस तरह के प्रयोग आगे चलकर सियासी महत्त्वाकांक्षा को संबोधित करेंगे। ऐसे प्रयोग अब भाजपा और कांग्रेस के बीच व्यावहारिक सहमतियों में परोसे जा रहे हैं। भाजपा के बाद कांग्रेस ने हिमाचल की पेचीदगियों में अगर तख्त और ताज की बेहतरी के लिए उप मुख्यमंत्री का पद रसीद किया तो अब कर्नाटक का फार्मूला भी कमोबेश नेताओं की पृष्ठभूमि को ऐसे ही प्रयोग से सुसज्जित कर रहा है। हिमाचल के संदर्भ में भी सरकार और सत्ता की पैमाइश अलग-अलग तरह से अपना अधिकार ढूंढती हुई राजनीतिक क्षेत्रवाद को विचलित कर रही है। मंत्रिमंडल व बोर्ड-निगमों में पदों की रिक्तियां कब तक खामोश रहेंगी, कोई नहीं जानता, लेकिन हिमाचल की भौगोलिक अपेक्षाओं के कई सूत्रधार फिलहाल निकम्मे बनाकर छोड़ दिए गए हैं। जनापेक्षाओं की कई परिपाटियों में सत्ता का आरोहण अगर सुनिश्चित होता है, तो सरकार के ओहदों में भी कण-कण बोलता है। ऐसे में अगर एक और मंत्रालय का आबंटन उप मुख्यमंत्री के पद को सशक्त कर रहा है, तो सरकार को अपनी ताकत के एहसास में कुनबे को जोडऩे की जरूरत है। बेशक सुक्खू सरकार अपने छठे महीने तक पहुंचते-पहुंचते यह बता चुकी है कि वह एक ओर चुनावी गारंटियों को मक्का बना कर पूज रही है, तो दूसरी ओर व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में हटकर सोच रही है। बावजूद इसके सरकार के भीतर कई विभाग अपने लिए नेतृत्व खोज रहे हैं। ऐसे में आगे चलकर विभागीय आबंटन अगर होता है, तो सरकार की शक्ति में ही इजाफा होगा, वरना कोई भी सरकार जमीनी सियासत को स्थायी रूप से दरकिनार नहीं कर सकती है। जिन नेताओं की वरिष्ठता, क्षमता व क्षेत्रीय महत्त्वाकांक्षा फिलहाल नजरअंदाज हो रही है, वे अंततः अपने अस्तित्व की चरागाह में भटक गए तो सारे संतुलन गड्डमड्ड हो सकते हैं। क्षेत्रीय संतुलन के कई उदाहरण वीरभद्र सरकारों के दौर में मिलते हैं, लेकिन जिस तरह प्रेम कुमार धूमल ने अपने सामने कुछ विधायकों की बगावत को पचा कर, उन्हें वापस मंत्रिमंडल में स्थान देकर राजनीतिक व्यवस्था की, उसकी जरूरत वर्तमान सरकार में भी देखी जा रही है। हम मान सकते हैं कि उप मुख्यमंत्री के हिस्से में आया एक और विभाग, इसी तरह की शुरुआत है, लेकिन भौगोलिक हिसाब से मंडी और कांगड़ा संसदीय क्षेत्रों में सन्नाटों को सामान्य स्थिति नहीं माना जा सकता है। प्रदेश हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस की प्रभावशाली भूमिकाएं देख रहा है, लेकिन अन्य भागों में यह रौनक नहीं है। केंद्र में बतौर मंत्री अनुराग ठाकुर जब अपनी उपलब्धियां गिनवाते हैं, तो तमाम फोरलेन व सडक़ परियोजनाएं उन्हीं के क्षेत्र में गूंजती हैं और राजनीतिक दस्तूर यह है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय कांगड़ा के ही एक हिस्से पर मेहरबान, तो दूसरे यानी धर्मशाला परिसर को आपत्तियों की फांस में पीछे धकेल देता है।

> सरकार के पदों पर टेढ़ी दृष्टि रखने वाली भाजपा पहले ही अदालती चुनौती देती हुई नार आ रही है। उसने मुख्य संसदीय सचिवों के लाभकारी पदों को राजनीति की अलाभकारी परंपराओं के हत्थे चढ़ाया है, तो एतराज की चुस्कियों में विपक्षी दल ने उप मुख्यमंत्री के पद को भी कानूनी अखाड़े में घसीटा है। ऐसे में मुकेश अग्निहोत्री के नाम हुआ एक और विभाग सत्ता में उनके महत्त्व को रेखांकित जरूर कर रहा है। यह दीगर है कि लंबी पुष्पमाला के बावजूद उसमें मौजूद फूलों के रंग और खुशबू के आधार पर शिनाख्त होती है। उप मुख्यमंत्री की क्षमता में सरकार का संतुलन और सरकार का प्रशासनिक आधार भी आपेक्षित है। यह इसलिए भी कि मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री पदों के आबंटन ने इस बार हिमाचल की सत्ता को दो शिखरों में देखने की कोशिश की है।

## यौन उत्पीडऩ का शारीरिक प्रभाव भी पड़ता है

# महिलाओं का बढ़ता यौन शोषण

डा. वरिंद्र भाटिया

महिलाओं का यौन शोषण फिर सुर्खियों में है। सुप्रीम कोर्ट ने 12 मई को एक फैसले में कहा है कि यौन उत्पीडऩ से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम के कार्यान्वयन में 'गंभीर खामियां' और 'अनिश्चितता' हैं, जिससे कई कामकाजी महिलाओं के पास अपनी नौकरी छोडऩे के अलावा कोई विकल्प नहीं होता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फैसला लिखने वाली जस्टिस कोहली ने कहा, 'इस तरह के निंदनीय कृत्य का शिकार होना न केवल एक महिला के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाता है, बल्कि यह उसके भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। अक्सर यह देखा जाता है कि जब महिलाएं कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ का सामना करती हैं, तो वे इस तरह के दुव्र्यवहार की शिकायत करने से हिचकती हैं। उनमें से कई तो अपनी नौकरी छोड़ भी देती हैं।' माननीय अदालत ने नोट किया, यह वास्तव में एक खेदजनक स्थिति है और सभी राज्य अधिकारियों, सार्वजनिक प्राधिकरणों, निजी उपक्रमों, संगठनों और संस्थानों की खराब रवैये का प्रदर्शन करती है, जो यौन उत्पीडऩ से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम को अक्षरशः लागू करने के लिए बाध्य हैं। अदालत ने केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सत्यापित करने के लिए समयबद्ध अभ्यास करने का निर्देश दिया कि क्या मंत्रालयों, विभागों, सरकारी संगठनों, प्राधिकरणों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, संस्थानों, निकायों आदि ने आंतरिक शिकायत समितियों (आईसीसी), स्थानीय समितियों (एलसी) और आंतरिक समितियों (आईसी) का गठन अधिनियम के तहत किया है। इन निकायों को आदेश दिया गया है कि वे अपनी-अपनी समितियों का विवरण अपनी वेबसाइटों पर प्रकाशित करें। यह फैसला बॉम्बे हाईकोर्ट के 15 मार्च, 2012 के फैसले के खिलाफ दायर एक अपील में आया, जिसमें यौन उत्पीडऩ की शिकायतों के आधार पर नौकरी से बर्खास्त करने के अधिकारियों के फैसले के खिलाफ गोवा विश्वविद्यालय के एक कर्मचारी की रिट याचिका को खारिज कर दिया गया था। महिलाओं के यौन शोषण की बात कार्यस्थल तक सीमित नहीं है। खेलों की दुनिया को ही लें, दुनिया के कई देशों की तरह भारतीय महिला एथलीट और पहलवान भी यौन उत्पीडऩ का सामना कर रही हैं। कई मामलों में कोच और मेंटर ही शोषण करने वालों में शामिल हैं। एथलीट और पहलवान ऐसे सिस्टम की मांग कर रही हैं, जहां वे बिना किसी डर के शिकायत कर सकें। पिछले साल जुलाई में एक बड़ा मामला सामने आया था। उस समय सात महिला एथलीटों ने

> महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम के कार्यान्वयन में 'गंभीर खामियां' और 'अनिश्चितता' हैं, जिससे कई कामकाजी महिलाओं के पास अपनी नौकरी छोडऩे के अलावा कोई वकिल्प नहीं होता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फैसला लिखने वाली जस्टिस कोहली ने कहा, 'इस तरह के निंदनीय कृत्य का शिकार होना न केवल एक महिला के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाता है, बल्कि यह उसके भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। अक्सर यह देखा जाता है कि जब महिलाएं कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ का सामना करती हैं, तो वे इस तरह के दुव्र्यवहार की शिकायत करने से हिचकती हैं। उनमें से कई तो अपनी नौकरी छोड़ भी देती हैं।'



प्रसिद्ध खेल कोच के खिलाफ यौन उत्पीडऩ का आरोप लगाया था। 19 वर्षीय एक महिला एथलीट से जुड़े मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। इस एथलीट ने अपने आरोप में कहा था कि किसी तरह का विरोध करने पर कोच ने उसे और उसके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी थी। इस बात में शक नहीं है कि अक्सर यौन शोषण में शामिल लोग बाहुबली ही होते हैं और उनका शिकार कमजोर महिलाएं होती हैं। ग्लोबल ऑब्जर्वेटरी फॉर जेंडर इक्वालिटी एंड स्पोर्ट की सीईओ बताती हैं कि 'खेल के क्षेत्र में कोच और एथलीट के संबंध के बीच पद का जो फासला होता है, उसकी वजह से एथलीट विशेष रूप से कमजोर होते हैं। खेल में चापलूसी की संस्कृति है, इसलिए 'ग्रूमिंग' आम बात हो जाती है। इस वजह से एथलीटों के लिए आगे आना और शिकायत करना मुश्किल हो जाता है।' वह आगे बताती हैं कि 'खेलों में एक और सामान्य बात यह है कि सभी लोग सभी चीजें देखते हैं, लेकिन कोई सामने नहीं आना चाहता। दूसरे शब्दों में कहें, तो लोग तमाशबीन खड़े रहते हैं। वे दुव्र्यवहार के बारे में जानते हुए भी किसी तरह का कदम नहीं उठाते हैं। लोगों के खुलकर न बोलने और सामने न आने की वजह से आरोपी के पक्ष में यथास्थिति बरकरार रहती है। यह खासकर उन मामलों में ज्यादा होता है, जब आरोपी शक्तिशाली हो।' सूचना के अधिकार के आवेदन से मिले आंकड़ों के अनुसार 2010 से 2020 के बीच भारतीय खेल प्राधिकरण को यौन उत्पीडऩ की 45 शिकायतें मिलीं। इनमें 29 कोच के खिलाफ की गई थीं। इतनी शिकायतों के बावजूद जिस स्तर पर कार्रवाई होनी चाहिए थी, उतनी नहीं हुई। क्या हमारे यहां खेल के क्षेत्र में दुव्र्यवहार इस तंत्र का अभी भी हिस्सा बना हुआ है। भारत में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल संघों की संख्या 56 है। हालांकि इनमें से महज कुछ ही संघ ऐसे हैं जिनके पास विशेष रूप से यौन उत्पीडऩ की जांच के लिए आंतरिक शिकायत समितियां हैं। कई एथलीट इस बात की पुष्टि करती हैं कि भारतीय खेलों में यौन शोषण आम बात है। महिला पहलवानों द्वारा यौन शोषण का आरोप आहत करने वाला है। कई कारणों के चलते वर्षों तक शोषण के मानसिक आघात से गुजरने के बाद असली दोषियों का नाम सामने लाना मुश्किल हो सकता है। इसको रोकने के लिए प्रतिस्पर्धी खेलों में चयन के लिए महिलाओं को जिम्मेदारी दी जाए। ऐसे संगठनों का नेतृत्व करने के लिए महिला एथलीटों की कोई कमी नहीं है। कई एथलीट और खिलाड़ी यह भी मानते हैं कि सरकार को सभी खेल इकाइयों के लिए आंतरिक शिकायत समितियों के प्रदर्शन की जानकारी देने वाली नियमित रिपोर्ट प्रकाशित करना और संगठन की वेबसाइट पर विवरण प्रकाशित करना अनिवार्य करना चाहिए। स्पोट्र्स में महिला शोषण को लेकर जो शिकायतें आती हैं, उन्हें खेल के सिस्टम को बदलने और इसे सुरक्षित बनाने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। बहुत कम ध्यान में आने वाली घटनाओं में मानसिक रूप से बीमार महिलाओं के साथ होने वाली यौन शोषण की घटनाओं के मामलों में आमतौर पर शिकायत दर्ज नहीं की जाती है। इसका मूल कारण है कि मानसिक रूप से बीमार ये महिलाएं अपना यौन शोषण करने वाले व्यक्ति की पहचान करने में असमर्थ रहती हैं। यौन शोषण का शिकार हुईं महिलाओं के अनुसार इन मामलों में आरोपी व्यक्ति अपराध को अंजाम देने के बाद घटनास्थल से फरार हो जाते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि यौन शोषण अथवा बलात्कार का शिकार हुईं मानसिक रूप से बीमार इन महिलाओं को बच्चे को जन्म भी देना पड़ता है। एक गैरसरकारी संगठन (एनजीओ) ने पहचान गुप्त रखे जाने की शर्त पर कहा कि आपराधिक मानसिकता और पृष्ठभूमि वाले लोग आमतौर पर मानसिक रूप से बीमार इन महिलाओं को अपना शिकार बनाते हैं। इन मामलों में पीड़िता के मानसिक रूप से बीमार होने के कारण आरोपी के बच निकलने की संभावना अधिक होती है। समाज के लिए शर्मनाक है कि कुछ नेता, कुछ अभिनेता, फिल्मों के प्रोड्यूसर-डायरेक्टर, कुछ धर्म गुरु, कुछ डॉक्टर, कुछ अधिकारी, कुछ टीचर, कुछ स्कूल-कॉलेज-विश्वविद्यालयों के प्रबन्धक, कुछ स्पोट्र्स कोच, कुछ बॉस इत्यादि महिला यौन शोषण में लगातार संलिप्त पाए जा रहे हैं। ये एक महिला की महिला होने के कारण की मजबूरी का फायदा उठाने में अग्रणी रोल अदा कर रहे हैं।

# क्रिकेट से निखरेगा प्रदेश का पर्यटन

हिमाचल प्रदेश अपनी असीम खूबसूरती के लिए विश्व भर में जाना जाता है। यहां के खूबसूरत पहाड़, नदियां, प्राकृतिक सौंदर्य किसी को भी मंत्रमुग्ध कर देते हैं। इसीलिए हिमाचल में साल भर दुनिया भर के पर्यटक घूमने आते हैं। हिमाचल प्रदेश में पर्यटक बौद्ध नगरी धर्मशाला, मनाली, शिमला, डलहौजी की तरफ आकर्षित होते हैं। परंतु फिर भी जिस प्रकार से हिमाचल का पर्यटन बढऩा चाहिए उस तरह से नहीं बढ़ पाया है। कोरोना काल के बाद हिमाचल प्रदेश में 2022 में 1.51 करोड़ पर्यटक आए जो कि 2021 के बाद लगभग 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी थी। यहां पर्यटकों की तादाद जरूर ज्यादा रहती है, जरूरत है कि हम इससे अधिक से अधिक लाभ लेकर हिमाचल के विकास में भी पर्यटन को जोड़ें। हिमाचल पर्यटन विभाग के अनुसार हिमाचल के जीडीपी में पर्यटन का 7.5 प्रतिशत योगदान रहा है जो आधिकारिक तौर पर हिमाचल घूमने आते हैं। हिमाचल प्रदेश में अब आईपीएल के रूप में एक बार फिर बहुत ही सुनहरा अवसर आया है जब हिमाचल की अद्भुत खूबसूरती को पूरा विश्व देखेगा। आईपीएल क्रिकेट मैच का खुमार आज पूरे विश्व पर छाया है। देश और दुनिया के खिलाड़ी इस बड़े खेल का हिस्सा हैं। धर्मशाला का क्रिकेट का मैदान अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं जो इस खूबसूरत मैदान पर खेलने को बेताब न हो। भारत का इकलौता ऐसा मैदान जहां एक तरफ धौलाधार चांदी की तरह अपनी चमक बिखेरता है। इस मैदान को इतने खूबसूरत तरीके से बनाया गया है ऐसा लगता है जैसे ये मैदान खुद धौलधार पर्वत को अपना मुकुट बनाकर पहने हो। यहां का मौसम इस खेल को और भी अधिक मजेदार बना देता है। इसलिए यहां पर इस बार मैच देखने आने वाले दर्शक सिर्फ दर्शक नहीं, बल्कि हिमाचल के पर्यटक भी हैं। वैसे भी हिमाचल में मई और जून महीने में पर्यटन में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की जाती है। अब मई महीने में आईपीएल के मैच होने से यहां पर्यटकों की भी भरमार होगी। हिमाचल प्रदेश को पूरे विश्व की मीडिया कवरेज भी मिलेगी। इसलिए आने वाले समय मे लोगों को हिमाचल और अधिक आकर्षित करेगा। इससे पहले भी हिमाचल के इस खूबसूरत मैदान पर एक टेस्ट, पांच एक दिवसीय मैच व 9 टी ट्वेंटी मैच खेले जा चुके हैं। 2013 के बाद 2023 में हिमाचल आईपीएल के 2 मैचों की मेजबानी कर रहा है। इन मैचों को खेलने के लिए पंजाब, राजस्थान और दिल्ली की टीमें हिमाचल पहुंचेंगी। हिमाचल प्रदेश के इस खूबसूरत स्टेडियम की तारीफ विश्व के कई क्रिकेटर कर चुके हैं जो यहां आने के लिए हर समय लालायित रहते हैं। इसके अलावा हिमाचल के इन मैचों में बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा जी की उपस्थिति इसे और अधिक महत्त्व प्रदान करती है। अभी हाल ही में जी-20 की एक बैठक के दौरान हिमाचल ने पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया था। इस दौरान विश्व भर से आए प्रतिनिधि मंडल ने दलाई लामा जी से भेंट की थी तथा हिमाचल की खूबसूरती की तारीफ की थी। हिमाचल प्रदेश को अपने इन सभी संसाधनों को पर्यटन के लिए और अधिक विकसित करना होगा। पर्यटन हिमाचल की जरूरत भी है और आमदनी का स्त्रोत भी। हमें इसे और अधिक व्यापक रूप से देखना होगा। हिमाचल के पर्यटन को पंख तभी लगेंगे जब हम पर्यटकों के लिए और अधिक लुभा पाएं और उन्हें सुविधाएं दे पाएं। हिमाचल में पर्यटन के नाम पर प्रकृति का आशीर्वाद तो है, जरूरत है कुछ नए तरीके खोजने की जिससे पर्यटन हमारे युवाओं को रोजगार भी प्रदान करे। इसके लिए कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने की बात बजट में भी कही गयी है। इस समय जरूरत है कुछ नए पर्यटन क्षेत्र विकसित करने की तथा जो पहले से प्रसिद्ध पर्यटक स्थल हैं उन्हें एक चेन में पिरो कर पर्यटकों को हिमाचल भ्रमण करवाया जाए। इसके लिए अन्य राज्यों की तरह कुछ प्रसिद्ध हस्तियों को ब्रांड एबेंसडर के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है। इसके अलावा हिमाचल का धार्मिक पर्यटन भी इसमें बहुत सहयोग कर सकता है। हिमाचल में प्रसिद्ध शक्ति स्थल हैं जो यहां धार्मिक पर्यटन का बहुत बड़ा स्तम्भ रहे हैं। त्योहारों के समय कुछ पैकेज शुरू करके अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं को कांगड़ा के ब्रजेश्वरी धाम, चामुंडा, ज्वालाजी, चिंतपूर्णी माता, नैना देवी तक की यात्रा करवाई जा सकती है या जो श्रद्धालु यहां आते हैं उन्हें बढिया सुविधाएं मुहैया करवाई जा सकती हैं। हिमाचल का बीड़ बिलिंग भी पैरा ग्लाइडिंग स्पोट्र्स में विश्व पटल पर अपनी पहचान कायम किए है जो पर्यटन के साथ साथ रोजगार का भी बढिया साधन है। ऐसे कई तरीके हैं जिससे हम हिमाचल के पर्यटन को न सिर्फ बढ़ा पाएंगे बल्कि इससे हिमाचल के जीडीपी में भी काफी सुधार आएगा। फिलहाल तो हम धर्मशाला के खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम पर होने वाले आईपीएल मैचों की तरफ देख रहे हैं जब पूरे विश्व के कैमरे धर्मशाला के खूबसूरत मैदान को दुनिया के सामने रखेंगे और यहां आने वाले खिलाड़ी स्वतः ही ब्रांड अम्बेसडर की तरह हिमाचल के पर्यटन को बढ़ाने का काम करेंगे। हम हिमाचल वासियों का भी कत्र्तव्य है कि हम प्रकृति के मिले इस वरदान और उपहार को संजोकर रखें। पर्यटक स्थलों में बढ़ती गंदगी इसकी खूबसूरती को खत्म कर रही है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर कूड़ा प्रबंधन के प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। हम सभी को इसमें सहयोग करना होगा और हिमाचल के पर्यटन को बढ़ावा देना होगा।



> कोरोना काल के बाद हिमाचल प्रदेश में 2022 में 1.51 करोड़ पर्यटक आए जो कि 2021 के बाद लगभग 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी थी। यहां पर्यटकों की तादाद जरूर ज्यादा रहती है, जरूरत है कि हम इससे अधिक से अधिक लाभ लेकर हिमाचल के वकिास में भी पर्यटन को जोड़ें। हिमाचल पर्यटन वभिाग के अनुसार हिमाचल के जीडीपी में पर्यटन का 7.5 प्रतिशत योगदान रहा है जो आधिकारिक तौर पर हिमाचल घूमने आते हैं। हिमाचल प्रदेश में अब आईपीएल के रूप में एक बार फिर बहुत ही सुनहरा अवसर आया है जब हिमाचल की अद्भुत खूबसूरती को पूरा वशि्व देखेगा। आईपीएल क्रिकेट मैच का खुमार आज पूरे वशि्व पर छाया है। देश और दुनिया के खिलाड़ी इस बड़े खेल का हिस्सा हैं। धर्मशाला का क्रिकेट का मैदान अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं जो इस खूबसूरत मैदान पर खेलने को बेताब न हो। भारत का इकलौता ऐसा मैदान जहां एक तरफ धौलाधार चांदी की तरह अपनी चमक बिखेरता है। इस मैदान को इतने खूबसूरत तरीके से बनाया गया है ऐसा लगता है जैसे ये मैदान खुद धौलधार वर्पत को अपना मुकुट बनाकर पहने हो।

## कुछ अलग

# विभाजित होता पाकिस्तान

पाकिस्तान तितर-बितर, छिन्न-भिन्न हो चुका है। सडक़ों पर अवाम भी है और हुकूमत समर्थित भीड़ के हुजूम भी हैं। फौज पहली बार इतनी कमजोर लग रही है कि भीड़ उनका कुछ भी फूंक दे। कानून और न्यायपालिका हांफ रहे हैं। मजबूर होते जा रहे हैं, क्योंकि हुकूमती भीड़ ने सुप्रीम कोर्ट पर ही चढ़ाई कर दी है। भीड़ 'रेड जोन' को भी लांघ चुकी है। भीड़ के पास डंडे, लाठियां और पत्थर हैं। अंदरखाने स्वचालित हथियार भी हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश कितने सुरक्षित हैं, क्योंकि वहां तैनात सुरक्षाकर्मी तो सरकारी हैं, लिहाजा वे मूकदर्शक बने हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हुकूमत ने नेशनल असेंबली (संसद) में देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस उमर अता बांदियाल के खिलाफ प्रस्ताव मंजूर कर एक कमेटी बना दी है। हुकूमत चीफ जस्टिस को ही हटाने पर आमादा है। हालांकि राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी इस मुहिम में रोड़ा अटका सकते हैं, क्योंकि वह इमरान खान की पार्टी के नेता रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठकें की जा रही हैं। तमाम कवायदें पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की नकेल कसने पर केंद्रित हैं। रियाज अहमद ने तो संसद में यह मांग तक की है कि इमरान को सरेआम फांसी पर लटका देना चाहिए। वह देशद्रोही है। लिहाजा इमरान खान की आशंका ठोस लगती है कि शरीफ सरकार देशद्रोह के इल्जाम में उन्हें 10 साल के लिए जेल में डाल सकती है। उनकी पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई) पर पाबंदी थोपी जा सकती है। बेशक पाकिस्तान में 1971 की पुनरावृत्ति के हालात बने हैं। तब हुकूमत ने पूर्वी पाकिस्तान के शेख मुजीबुर्रहमान पर जुल्म ढाए थे और उनकी पार्टी 'अवामी लीग' को प्रतिबंधित किया था। मुजीब किसी तरह भारत के कलकत्ता पहुंचे थे और पूर्वी पाकिस्तान को 'आजाद' घोषित किया था। भारत ने मुजीब की मदद की, उनकी 'मुक्ति वाहिनी' को प्रशिक्षण दिया, लेकिन दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के साथ जंग लडऩी पड़ी। सिर्फ 13 दिन की लड़ाई में ही पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े और उसके 93,000 से ज्यादा फौजियों को भारतीय सेना के सामने आत्म-समर्पण करना पड़ा। पाकिस्तान दोफाड़ हुआ और पूर्वी पाकिस्तान की जगह 'बांग्लादेश' बना। क्या बलूचिस्तान, सिंध और पंजाब में भी 1971 वाले हालात हैं कि पाकिस्तान एक बार फिर विभाजित होगा? इन सूबों में असंतोष है, आंदोलन जारी हैं। यहां तक कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भी हुकूमत के प्रति विद्रोह के हालात हैं। वे आजाद होकर भारत में मिलना चाहते हैं। भारत भी इस मुद्दे पर अपनी रणनीति बनाता रहा है। पाकिस्तान खस्ता हाल है। दिवालिएपन के हालात ऐसे हैं कि यदि इसी साल उसने चीन का 1.5 लाख करोड़ रुपए कर्ज की एक किश्त अदा नहीं की, तो पाकिस्तान चीन का 'उपनिवेश' तक बन सकता है। पाकिस्तान पर 10.5 लाख करोड़ रुपए से भी अधिक का कर्ज है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने कर्ज देने से इंकार कर दिया है। पाकिस्तान के अवाम दाने-दाने को, आटे के लिए मोहताज हैं और सडक़ों पर बिछे हैं। सुप्रीम कोर्ट में प्रधानमंत्री शरीफ के खिलाफ अवमानना का मामला भी विचाराधीन है। यदि वह दोषी पाए जाते हैं, तो उन्हें प्रधानमंत्री पद छोडऩा पड़ेगा।

## नागरिक बोध

# तुम धन्य हो हे बुद्धिजीवी

बुद्धिजीवियों के अहाते के मुख्य गेट के पास पहुंच जरा और नजदीक जा देखा कि बुद्धिजीवी हाथों में किताबों कलमों के बदले रंग बिरंगी बीनें लिए हुए। सामने किसी फिल्मी हीरोइन से भी अधिक सजी धजी भैंस खड़ी थी, बंधी न होने के बाद भी अपने को बंधा समझती अपने पर गर्वाती मदमाती। गेट पर भैंस और बुद्धिजीवी एक साथ देखे तो दिमाग न होने के बाद भी मरा दिमाग अधमरा हो गया। बुद्धिजीवियों के मंजूरशुदा अहाते में इधर उधर मजे से गधे तो मैंने बहुत चरते विचरते देखे थे, पर आज यहां भैंस भी! अपनों से जन्मजात चिढ़ होने के चलते कई बार तो बुद्धिजीवियों के अहाते की गरिमा को ध्यान में रखते हुए मैंने उन गधों को वहां से भगाने की कोशिश भी की थी। पर उस दिन जब एक बूढ़े गधे ने मुझे धमकाते हुए कहा कि जब हमें यहां के बुद्धिजीवी ही कुछ नहीं कहते तो तुम कौन होते हो हमें हडक़ाने वाले? हमारी तो कई पुश्तें यहां शान से चर चर कर मरी हैं। इसलिए ज्यादा धमकाऊंगा तो वह मुझे मालिक कैंटीन से कह बुद्धिजीवियों के बीच से बाहर निकलवा देगा। बुद्धिजीवियों को तो मैं समझाने की गुस्ताखी नहीं कर सकता था, पर अपना होने के चलते तब मैंने उन बुजुर्ग गधे को समझाते कहा भी, 'देखो द्दा! हम गधे गधों के बीच ही शोभा देते हैं, इज्जत पाते हैं। कल को कहीं ऐसा न हो कि इनके बीच रह तुम न गधे ही रहो और न ही इन जैसे बन पाओ', तो वह मुझे समझाते बोला, 'हे बुद्धिजीवियों के जूठे गिलास चाटने वाले! गौर से सुन! हर गधे के भीतर कोई बुद्धिजीवी होता हो या न, पर हर बुद्धिजीवी के भीतर एक अदद गधा जरूर रहता है।' उसने कहा तो मैं सिर ऊंचा किए चुपचाप मुस्कुराता हुआ अपने काम में लग गया था। 'सर! आखिर ये क्या हो रहा है? आज तो आप बीन पर उतर आए! आप बीन भी बजा लेते हो क्या?' एक अपने ही दिमाग के लेबल के बुद्धिजीवी के नजदीक जा उनसे पूछा तो वे बोले, 'चल, तू भी पकड़ ले एक बीन।' 'पर मैं तो आपकी तरह का नहीं हूं', मैंने उनसे बीन लेते पूछा तो वे बोले, 'भीतर से यहां सब तेरी तरह के ही है यार! ले जल्दी बीन पकड़ और हमारी तरह ऐसे वैसे जैसे कैसे बीन बजाने की कोशिश कर।' 'पर आप इस भैंस के आगे बीन क्यों बाज रहे हैं सर? बीन तो सांप के आगे बजाने के लिए होती है। अंदर सांप घुस आया है क्या सर? बुद्धिजीवियों के हाथों में किताबें शिताबें ही अच्छी लगती हैं, बीनें नहीं गुरु।' 'किताब पकड़े हमारी जूती! हमारे हाथों में जब किताबें होनी चाहिए थीं, जब तब ही हमारे हाथों में किताब नहीं रहीं तो अब क्यों होगी? देखो! हमारे हाथ सब कुछ उठा सकते हैं पर किताब का बोझ कतई नहीं। अब चुप रह, सवाल न कर! ले बीन बजा वर्ना...।' इस डर से कि कहीं अब वे भी मुझे कल को अपने अहाते की कैंटीन से निकलवाने की धमकी न दें डालें, कोने में बीनों के ढेर से एक बीन उठाई और उस भैंस के आगे बीन बजाने के बदले उस ओर बीन का मुंह करके बजाने लग गया जिस ओर बीन का मुंह कर वे बीन बजा रहे थे यह सोचते हुए कि यार! भीतर भी भैंस ही है क्या? वैसे मुझे भैंस के आगे बीन बजाने का शौक कतई नहीं। इन्हें हो तो होता रहे।

## देश दुनीया से

# पहले आलोचना, अब सराहना होती है

भारत में आज भी यह मानसिकता हावी है कि कमाई करना केवल पुरुषों का ही काम है और घर का चूल्हा चौका संभालना महिलाओं का। हालांकि बदलते वक्त के साथ शहरी क्षेत्रों में इस संकुचित सोच में बदलाव आया है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी यह सोच बहुत हद तक अपनी जड़े जमाए हुए है। इस सोच को बदलने के लिए केंद्र से लेकर सभी राज्यों की सरकारों द्वारा अपने अपने स्तर पर विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि लोगों की सोच में भी परिवर्तन आ रहा है। इस प्रकार की मानसिकता को बदलने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में भी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ अब ज़मीनी स्तर पर नजर आ रहा है। बहुत सी महिलाएं और किशोरियां इन योजनाओं से जुड़कर न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि संकीर्ण मानसिकता वालों को जवाब भी दे रही हैं। इन्हीं योजनाओं में एक जम्मू-कश्मीर ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी 'उम्मीद' स्कीम भी है। जो महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम जोड़ कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर सशक्त बना रहा है। इस योजना से जुड़कर महिलाओं और लड़कियों ने कश्मीर के प्रसिद्ध व्यंजन 'वाज़वान' बनाना न सिर्फ सीखा है बल्कि अब वह इसके माध्यम से आय भी अर्जित कर रही हैं। कई बाधाओं को पार करते हुए इन लड़कियों ने आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। इसके अतिरिक्त सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से बनाये गए सामानों की प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है, जिसे आम लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। बड़ी संख्या में इन्हें ऑर्डर भी मिलने लगे हैं। कश्मीर की बात 'वाजवान' के बिना अधूरी है। इस व्यंजन को लोग विशेष रूप से शादी-विवाह और विशेष अवसरों पर बनाते हैं। इसे बनाने का काम पहले केवल पुरुष द्वारा किया जाता था। लेकिन श्रीनगर संभाग के गांदरबल जिले की कुछ महिलाएं इस पुरानी चली आ रही रुढ़िवादी सोच को तोड़ कर वाज़वान बनाने का काम बखूबी कर रही हैं। नाम और पैसा कमाने के साथ साथ यह लोगों को प्रसिद्ध व्यंजन परोस रही हैं। इन्हीं लड़कियों में से एक 'इशरत' ने बताया कि 'यह काम हमारे लिए नया था क्योंकि अभी तक केवल पुरुष ही वाजवान तैयार करते थे। शुरु में हमारे काम की काफी आलोचनाएं की गई, हमारे मनोबल को तोड़ने के लिए तरह तरह की बातें की गई। लेकिन समय बीतने के साथ-साथ सब कुछ बदल गया। अब समाज में हमारे काम की सराहना की जाती है। अब लोग न केवल हमारी हौसला अफ़ज़ाई करते हैं बल्कि शादी ब्याह जैसे अवसरों पर हमें वाज़वान पकाने के लिए विशेष रूप से बुलाया भी जाता है।' गांव में पहले इनके कामों की काफी आलोचना की गई, यह माना गया कि वाज़वान पकाना औरतों के बस की बात नहीं है। न केवल इन लड़कियों के बल्कि इनके घर परिवार को भी समाज से बहुत कुछ सुनने को मिलता था। लेकिन इशरत और उनकी टीम इन आलोचनाओं से घबराने की जगह इसे लगातार चुनौती के रूप में स्वीकार करती रही। आखिरकार इनकी मेहनत और हौसले के आगे रुढ़िवादियों ने भी घुटने टेक दिए। अब आलोचना करने वाला वही समाज इन लड़कियों पर नाज़ करने लगा है। इनके हौसले और इनके बनाये वाज़वान की तारीफ होने लगी है। जब इनके बनाये लज़ीज़ वाज़वान उत्सवों में परोसे जाते हैं तो खाने वालों को यकीन नहीं होता है कि इसे किसी पुरुष ने नहीं, बल्कि महिलाओं के ग्रुप ने बनाया है। इशरत का कहना था कि यह सब राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की 'उम्मीद' स्कीम के सहयोग से मुमकिन हुआ है।

> केंद्र से लेकर सभी राज्यों की सरकारों द्वारा अपने अपने स्तर पर विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि लोगों की सोच में भी परिवर्तन आ रहा है। इस प्रकार की मानसिकता को बदलने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में भी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ अब ज़मीनी स्तर पर नजर आ रहा है। बहुत सी महिलाएं और किशोरियां इन योजनाओं से जुड़कर न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि संकीर्ण मानसिकता वालों को जवाब भी दे रही हैं। इन्हीं योजनाओं में एक जम्मू-कश्मीर ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी 'उम्मीद' स्कीम भी है। जो महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम जोड़ कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर सशक्त बना रहा है।



# पुलिस को देखकर भागे पाकिस्तान के पूर्व मंत्री : इमरान के करीबी हैं फवाद चौधरी, गिरफ्तारी के डर से रफूचक्कर

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान में जारी सियासी जोर-आजमाइश के बीच एक अजीब वाकया सामने आया। यहां इमरान खान की पार्टी के सीनियर लीडर और पूर्व कैबिनेट मंत्री फवाद चौधरी ने पुलिस को सामने देखकर कार से उतरकर दौड़ लगा दी। चौधरी के साथ उनके वकील भी भागे और इन सबने इस्लामाबाद हाईकोर्ट की बिल्डिंग में पहुंचकर ही सांस ली। दरअसल, चौधरी जैसे ही हाईकोर्ट से बाहर निकले तो उन्होंने पुलिस को अपनी कार की तरफ बढ़ते देखा। घबराए फवाद को गिरफ्तारी से बचने का कोई और तरीका नहीं सूझा। 9 और 10 मई को मुल्क के कई हिस्सों में इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के समर्थकों ने जबरदस्त तोड़फोड़ और आगजनी की थी। इसके बाद से पुलिस को कई नेताओं की तलाश है। फवाद चौधरी इनमें से एक हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रिहाई के बाद फिर गिरफ्तारी का डर फवाद को पुलिस ने दो दिन पहले 9 और 10 मई को हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किया था। उन पर वर्कर्स को हिंसा के लिए भड़काने का आरोप है। दो दिन पुलिस कस्टडी में गुजारने के बाद फवाद को ही हाईकोर्ट में पेश किया गया था। यहां से उन्हें एक मामले में जमानत मिल गई। जमानत मिलने के बाद फवाद चौधरी अपने वकीलों के साथ हाईकोर्ट से बाहर निकले और कार में जाकर बैठ गए। इस दौरान मीडिया ने उनसे बात करनी चाही, लेकिन चौधरी ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। इस दौरान उनके वकीलों ने कहा- चौधरी साहब को अभी जमानत मिली है, वो काफी थके हुए हैं और बाद में मीडिया से बात करेंगे। फवाद की कार के पीछे वाली गाड़ी में उनका परिवार भी था।

**अचानक गेट खोला और भागे 9** फवाद आगे की सीट पर बैठे और पीछे की सीट पर उनके वकील बैठ गए। गाड़ी चंद कदम आगे बढ़ी तो फवाद ने घबराते हुए ड्राइवर से रुकने को कहा। फिर कार का गेट खोला और तेजी से भागने लगे। फवाद के पीछे उनके वकील भी भागे। वकीलों ने भागते-भागते कहा- चौधरी साहब हाईकोर्ट की तरफ। इसके बाद सभी अंदर चले गए।

## न्यूज ब्रीफ

### क्वाड शिखर सम्मेलन रद्द होने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया आएंगे पीएम मोदी, एंथनी अल्बनीज ने की पुष्टि

**मेलबर्न।** अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन को रद्द कर दिया गया है। इस बीच, देश के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि इसके बावजूद उनके भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी सिडनी का दौरा करेंगे। अल्बनीज ने कहा कि वह उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री से सवाल किया गया कि 24 मई को सिडनी में क्वाड की बैठक रद्द होने के बाद भी क्या भारतीय प्रधानमंत्री यहां आ रहे हैं। क्वाड नेताओं के सम्मेलन में अल्बनीज, मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को हिस्सा लेना था। अल्बनीज ने ब्रिसबेन में एबीसी रेडियो से कहा, प्रधानमंत्री मोदी मेरे साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए अगले सप्ताह यहां आएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कारोबारी बैठकें भी करेंगे और सिडनी में ओलंपिक स्थल पर होमबुश में एक सार्वजनिक कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे। अल्बनीज ने कहा, वह ऑस्ट्रेलिया-भारत व्यापार संबंधों पर भी बातचीत करेंगे और मैं सिडनी में उनका स्वागत करने को लेकर उत्सुक हूं।हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा बाइडन की घोषणा के मद्देनजर अपनी यात्रा रद्द कर देंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री किशिदा अभी क्वाड बैठक के लिए आ रहे थे। एक अलग द्विपक्षीय कार्यक्रम तय नहीं था। इससे पहले अल्बनीज ने कहा कि क्वाड बैठक रद्द होने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी निश्चित रूप से अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया में स्वागत योग्य अतिथि होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 मई से तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे और इस दौरान वह जापान में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। जापान की मेजबानी में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी 19 से 21 मई तक जापान के हिरोशिमा में रहेंगे।



### नॉर्थ कोरिया की पहली स्पाई सैटेलाइट की तस्वीरें : तानाशाह किम जोंग ने बेटी के साथ सैटेलाइट का निरीक्षण किया, लोकेशन का खुलासा नहीं



**प्योंगयांग।** नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने देश की पहली स्पाई सैटेलाइट का निरीक्षण किया। नॉर्थ कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने इससे जुड़ी कुछ तस्वीरें जारी की हैं। तस्वीरों में सैटेलाइट के आस-पास किम जोंग और उनकी बेटी नजर आ रहे हैं। हालांकि, तस्वीरों में सैटेलाइट पर फोकस नहीं किया गया है, न ही लोकेशन बताई गई है। ये सैटेलाइट दिखने में पॉलिगोनल सिलेंडर की तरह है। इसे गोल्डन इंसुलेटेड फॉइल से कवर किया गया है। साथ ही सोलर पैनल्स लगाए गए हैं। एक महीने पहले यानी 19 अप्रैल को नेशनल एयरोस्पेस डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन नॉर्थ कोरिया की स्पेस एजेंसी में मौजूद तानाशाह की ऐसी ही कुछ तस्वीरें सामने आई थीं। इनमें भी एक स्क्रीन पर सैटेलाइट को ब्लर करके दिखाया गया था। तब तानाशाह ने कहा था कि नई स्पाई सैटेलाइट तैयार है। उन्होंने इसे लॉन्च करने के आदेश भी दिए थे। इस सैटेलाइट के जरिए नॉर्थ कोरिया अमेरिका और साउथ कोरिया की सैन्य कार्रवाई पर नजर रखेगा।

### हिंसक हुए पेंशन सुधार के खिलाफ प्रदर्शन, उपद्रवियों ने राष्ट्रपति की पत्नी के परिवार पर किया हमला

**पेरिस।** फ्रांस में पेंशन सुधार नीति के खिलाफ इमैनुएल मैक्रों की सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। इस प्रदर्शन के बीच राष्ट्रपति मैक्रों की पत्नी ब्रिजेट मैक्रों के भजीते पर हमला किया गया। यह कोई पहली बार नहीं है, इससे पहले भी उनके परिवार को निशाना बनाया जा चुका है। ब्रिजेट ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा- मैं अपने परिवार के साथ हूं। उनके साथ मैं कल रात 11 बजे से लगातार संपर्क में हूं। मैंने कई बार ऐसी हिंसा की निंदा की है, जो केवल बुरे का ही नेतृत्व करता है। 30 वर्षीय ज्यां बैप्टिस्ट ट्रॉगने उत्तरी फ्रांस के एमियन्स में पारिवारिक चॉकलेट की दुकान चलाते हैं। बता दें कि ब्रिजेट मैक्रों का परिवार लगातार छह पीढ़ियों से ही चॉकलेट का कारोबार कर रहे हैं। उनके रिश्तेदार ने बताया कि वह चॉकलेट की दुकान से अपने घर की तरफ जा रहा था तभी हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। उनके पिता ज्यां एलेक्जेंडर ट्रॉगने ने बताया कि भागने से पहले हमलावरों ने राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और परिवार वालों के खिलाफ अपशब्द भी कहे। इस घटना को अस्वीकार्य बताते हुए इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह पेंशन सुधार नीति के साथ डटे रहेंगे, जिसमें रिटायर्मेंट आयु 62 से बढ़ाकर 64 करने की मांग की गई है। फ्रांस के अन्य राजनेताओं ने भी इस घटना की निंदा की है।

## कश्मीर में जी20 समिट पर यूएन को भारत का जवाब

# कहा- घाटी में माइनॉरिटीज का कोई इश्यू नहीं, आपके अफसर के आरोप बेबुनियाद

**जिनेवा।**
कश्मीर में होने वाली जी20 मीटिंग को लेकर एक यूएन अफसर के कमेंट्स को भारत ने खारिज कर दिया। इस अफसर ने घाटी में अल्पसंख्यकों के मुद्दे को लेकर चिंता जताई थी। यूएन में इंडियन मिशन ने इन आरोपों का जवाब दिया। कहा- इस तरह के आरोप बेबुनियाद और झूठे हैं। भारत इन्हें खारिज करता है। बतौर जी20 प्रेसिडेंट भारत को यह हक है कि वो देश के किसी भी हिस्से में इस समिट की मीटिंग्स ऑर्गेनाइज करे। कुछ दिन पहले यूएन के माइनॉरिटीज अफेयर्स रिप्रेजेंटेटिव फर्नांड डिं वर्नेस ने जम्मू-कश्मीर और वहां माइनॉरिटीज के इश्यूज पर बयान जारी किया था। भारत सरकार ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया है।

**भारत ने क्या कहा** - यूएन में भारतीय मिशन ने कहा- फर्नांड का बयान बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। वो जम्मू-कश्मीर के मामले को सियासी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अपने ओहदे का गलत इस्तेमाल करते हुए सोशल मीडिया पर पब्लिसिटी हासिल करने की कोशिश की है। उन्होंने जो कुछ कहा है वो हकीकत में पहले से बनी सोच का नतीजा है और यह यूएन रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर गलत हरकत है। वर्नेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था। इसमें कहा था कि जम्मू-कश्मीर में जी20 मीटिंग कराने का फैसला गलत है। उन्होंने घाटी में मानवाधिकारों को लेकर फिक्रमंदी जाहिर की थी। साथ ही भारत पर ताकत के बेजा इस्तेमाल का आरोप लगाया था। इसमें माइनॉरिटीज को दबाने का आरोप भी शामिल था।




**इसी महीने है मीटिंग** - श्रीनगर में जी20 की मीटिंग्स 22 से 24 मई के बीच होंगी। इस मामले को सबसे पहले तूल पाकिस्तान की तरफ से दिया गया था। जैसे ही कश्मीर में जी20 मीटिंग कराने का ऐलान हुआ था, पाकिस्तान ने यह मुद्दा उठाया था। पाकिस्तान ने कहा था कि कश्मीर विवादित जगह है और जब तक इस मसले का हल नहीं होता, तब तक वहां कोई इंटरनेशनल समिट नहीं हो सकती। 4 और 5 मई को गोवा में जी20 के फॉरेन मिनिस्टर्स की मीटिंग में पाकिस्तान के फॉरेन मिनिस्टर बिलावल भुट्टो जरदारी भी शामिल हुए थे। उन्होंने भी इशारों में इस मसले को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठाया था। इसके जवाब में भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था- जी20 की मीटिंग्स कहां होंगी और कहां नहीं, इससे उस देश का कोई ताल्लुक नहीं हो सकता जो इस ऑर्गेनाइजेशन का मेंबर ही नहीं है। जम्मू-कश्मीर भारत का अटूट हिस्सा था, है और रहेगा। हम अपने देश में जहां चाहेंगे, वहां इसकी मीटिंग करा सकते हैं।

**जी-20 पर एक नजर** - यूरोपियन यूनियन मिलकर जी-20 का निर्माण करते है। इसमें 20 देशों के अध्यक्षों की वार्षिक बैठक होती है जिसको जी-20 शिखर सम्मेलन के नाम से जाना जाता है। इस सम्मेलन में सभी देशों के मुख्य विषय यानी आतंकवाद, आर्थिक परेशानी, ग्लोबल वॉर्मिंग, स्वास्थ्य और अन्य जरूरी मुद्दों पर चर्चा की जाती है। पूरी दुनिया में जितना भी आर्थिक उत्पादन होता है उसमें 80प्रतिशत योगदान इन्हीं जी 20 देशों का होता है। जी20 में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, जर्मनी, फ्रांस, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्कीये, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं।

**ग्लोबल जीडीपी का 85प्रतिशत जी20 के पास** - जी20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का मुख्य फोरम है, क्योंकि इसके सदस्य देशों के पास दुनिया की जीडीपी का 85प्रतिशत हिस्सा है। इसमें दुनिया का 75प्रतिशत इंटरनेशनल ट्रेड भी शामिल है। इन देशों में दुनिया की दो तिहाई जनसंख्या रहती है।

भारत 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता करेगा। 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य के पुनर्गठन के बाद कश्मीर में ऐसा पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होगा।

**चीन-पाकिस्तान लगातार कर रहे विरोध** - चीन और पाकिस्तान जी-20 बैठक जम्मू-कश्मीर में कराए जाने का विरोध कर रहे हैं। पाकिस्तान जी-20 में शामिल अपने समर्थक देशों को साधकर इस बैठक का विरोध कर रहा था। चीन ने मार्च में ही कहा था कि जी-20 की बैठक जम्मू-कश्मीर में नहीं होनी चाहिए। अब श्रीनगर में ये बैठक होने से माना जा रहा है कि चीन इससे दूरी बना सकता है।

जी-20 की अध्यक्षता कर रहा भारत पहले ही कह चुका है कि देश के 28 राज्यों में जी-20 से जुड़ी बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इसी के तहत अरुणाचल और कश्मीर में भी यह बैठकें रखी गई हैं। अरुणाचल की राजधानी ईटानगर में मार्च के आखिरी हफ्ते में हुई जी-20 की बैठक से भी चीन दूर रहा था। दरअसल, अरुणाचल को चीन भारत का हिस्सा नहीं मानता है और इसके विरोध में वह मीटिंग में शामिल नहीं हुआ।

# खतरा बन सकता है एआई, इससे बचने के लिए सरकार..., संसदीय पैनल के सामने पेशी में ओपन एआई के सीईओ की चेतावनी

**वाशिंगटन।**
चैट जीपीटी को पिछले साल ओपन एआई ने लॉन्च किया था और तब से लेकर अब तक ये चैटबॉट बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ है। चैट जीपीटी से लोग डरे हुए हैं और उनके मन में सवाल उठ रहे हैं कि चैट जीपीटी की वजह से लोगों की नौकरी जा सकती है। कुछ समय पहले ओपन एआई ने एक रिपोर्ट शेयर की थी जिसमें कंपनी ने बताया था कि चैट जीपीटी की वजह से किन लोगों की नौकरी खतरे में है और कौन इससे सुरक्षित हैं। इस बीच ओपन एआई के सीईओ सैम अल्टमैन एक संसदीय पैनल में पेश हुए। इस दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता से समाज को होने वाले खतरों और चेतावनियों पर विचार-विमर्श किया गया। उपसमिति के अध्यक्ष रिचर्ड ब्लुमेंथल ने सुनवाई की शुरुआत में एक ऑडियो क्लिप को सबके सामने रखा। इस ऑडियो में एक आवाज थी, जो विधायक की तरह लग रही थी। जबकि वास्तव में, इसे एआई की मदद से बनाया गया था। सुनवाई के दौरान, सैम अल्टमैन ने अमेरिकी सांसदों से कहा कि उनके चैटबॉट ने दुनिया को चौंका दिया, जिसके बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को विनियमित करना आवश्यक था। उन्होंने कहा कि एआई से होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए सरकार का हस्तक्षेप करना महत्वपूर्ण होगा। अल्टमैन ने कांग्रेस से बड़ी तकनीक पर नए नियम लागू करने का आग्रह किया। एआई के वैश्विक चेहरे अल्टमैन ने चेतावनी दी है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता में हमारे जीवन के लगभग हर पहलू को बेहतर बनाने की क्षमता है, लेकिन यह गंभीर जोखिम भी पैदा करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समय के साथ एआई एक दिन मानव जीवन की कुछ सबसे बड़ी चुनौतियों का समाधान करेगी, जैसे जलवायु परिवर्तन और कैंसर का इलाज। हालांकि, दूसरी ओर यह बड़े स्तर पर लोगों की नौकरी जाने की वजह बनेगी। सैम ने सरकारों द्वारा नियामक हस्तक्षेप पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआई के खतरे को कम करने के लिए सरकार का हस्तक्षेप करना जरूरी है।



उन्होंने सुझाव दिया कि एआई मॉडल जारी करने से पहले अमेरिकी सरकार लाइसेंसिंग और परीक्षण आवश्यकताओं के संयोजन पर विचार कर सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अल्टमैन ने प्रौद्योगिकी पर नियम स्थापित करने और एआई को काबू करने के लिए एक अमेरिकी एजेंसी का निर्माण करने और वैश्विक समन्वय की सिफारिश की। उन्होंने कहा कि एआई के खतरे को कम करने के लिए वैश्विक स्तर पर कुछ करने की जरूरत है, लेकिन अमेरिका को नेतृत्व करना चाहिए। अल्टमैन ने सुनवाई के दौरान श्रम बाजार में आने वाली कठिनाइयों पर बात की। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा डर लोगों की नौकरी जाने का है। उन्होंने सरकार से कहा कि कार्यों में अच्छा होगा न कि नौकरियों में। उन्होंने यह भी कहा कि एआई में बेहतर गुणवत्ता वाली नौकरियां सृजित करने की क्षमता है।

# भारत बोला- धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी रिपोर्ट पक्षपाती: अमेरिका ने कहा था- अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ रहे, धर्म परिवर्तन कराया जाता है

**वॉशिंगटन।**
भारत ने अमेरिका की अंतरराष्ट्रिय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट 2022 को खारिज कर दिया है। भारत ने कहा- अमेरिका की रिपोर्ट गलत जानकारी पर आधारित है। दुनियाभर में धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय की 2022 की रिपोर्ट अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 15 मई को जारी की थी।



रिपोर्ट में कहा गया- भारत, चीन, रूस, सऊदी अरब जैसे देशों में अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ रहे हैं। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने जवाब दिया। जवाब में कहा- यह रिपोर्ट अमेरिकी अधिकारियों की बेबुनियाद जानकारी पर आधारित है। कुछ अमेरिकी अधिकारियों की ये पक्षपाती टिप्पणियां ऐसी रिपोर्ट्स की विश्वसनीयता को कम करने का काम कर रही हैं। भारत में राज्य सरकारें अल्पसंख्यकों खासतौर पर मुसलमानों के खिलाफ मनमानी करती हैं। रिपोर्ट में कहा गया- आवास, अल्पसंख्यक मुद्दों और धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूतों ने जून 2022 में मध्य प्रदेश के खरगोन में हुई हिंसा पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था- राज्य सरकार ने मनमाने ढंग से मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर कार्रवाई की थी। उनके घर तोड़े थे। दरअसल, पिछले साल खरगोन में रामनवमी के जूलूस के दौरान पथराव हुआ था। सरकार ने कार्रवाई करते हुए कई घर-दुकानें गिरा दी थीं। इन्हें पथराव करने वालों से संबंधित बताया गया था। रिपोर्ट में 2020 में हुई दिल्ली हिंसा का भी जिक्र किया गया। इसमें अक्टूबर 2022 में जारी हुई एक सिटिजन कम्युनिटी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया- पुलिस ने प्रोटेस्ट करने वालों के साथ मार-पीट की। इनमें से ज्यादातर प्रदर्शनकारी मुस्लिम थे। भारत ने अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट 2021 को भी खारिज करते हुए कहा था कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में वोट बैंक की राजनीति की जा रही है।

# श्रीलंका में लिट्टे के गढ़ में पहुंचा 260 टन वजनी आईएनएस बत्ती मालव; यात्रा का खास है उद्देश्य

**कोलंबो।**
भारतीय नौसेना का गश्ती जहाज आईएनएस बत्ती मालव आधिकारिक दौरे पर श्रीलंका के त्रिंकोमाली बंदरगाह पहुंचा है। श्रीलंका की नौसेना ने इसके बारे जानकारी दी है। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि बत्ती मालव के दो दिवसीय दौरे का उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच सहयोग और सद्भावना को बढ़ावा देना है। बत्ती मालव के दो दिवसीय दौरे के बारे में श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान भी जारी किया है। इस बयान में द्वीप राष्ट्र की नौसेना ने बताया कि भारतीय पोत का वहां औपचारिक स्वागत किया गया। इस जहाज के साथ 101 सदस्यीय चालक दल भी श्रीलंका पहुंचा है।

बयान के मुताबिक, इस दौरान जहाज के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर मान सिंह एम माने ने श्रीलंका के पूर्वी नौसेना कमान मुख्यालय में पूर्वी नौसेना क्षेत्र के कमांडर और स्वयंसेवी नौसेना बल के कमांडेंट रियर एडमिरल दम्मिका कुमारा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच, दोनों देशों की नौ सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।



### श्रीलंकाई नौसेना के कार्यक्रमों में शामिल होंगे चालक दल के सदस्य

बयान में यह भी कहा गया है कि आधिकारिक दौरे के दौरान आईएनएस बत्ती मालव के चालक दल के सदस्य दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग और सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए श्रीलंकाई नौसेना द्वारा आयोजित कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेगा। साथ ही वे त्रिंकोमाली बंदरगाह में दर्शनीय स्थलों की यात्रा भी करेंगे। गौरतलब है कि त्रिंकोमाली पहले लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तमिल ईलम का गढ़ था।

### वीबीएसएस ट्रेनिंग में लिया हिस्सा

इस दौरान आईएनएस बत्ती मालव के चालक दल ने त्रिंकोमाली में स्पेशल बोट स्क्वाड्रन मुख्यालय में विजिट बोर्ड सर्च एंड सीज (वीबीएसएस) प्रशिक्षण अभ्यास किया। जानकारी के मुताबिक, भारतीय गश्ती जहाज श्रीलंका से प्रस्थान करेगा। साथ ही इसके श्रीलंकाई नौसेना के जहाज के साथ एक पैसेज एक्सरसाइज में शामिल होने की उम्मीद है।

### बांगरम-श्रेणी का है गश्ती जहाज

गौरतलब है कि आईएनएस बत्ती मालव भारतीय नौसेना के बांगरम-श्रेणी के गश्ती जहाजों का तीसरा जहाज है। इसे तेजी से आगे बढ़ने वाले सतह जहाजों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने और तटीय क्षेत्रों और विशेष आर्थिक क्षेत्र में खोज और बचाव कार्यों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका वजन 260 टन है जबकि इसकी लंबाई 46 मीटर है। निकोबार के बत्तीमालव द्वीप के नाम पर इसका नाम रखा गया था।

## तालिबान ने भारत में नया एम्बेसेडर अपॉइंट किया

# भारत अफगान हुकूमत को मान्यता ही नहीं देता, इसलिए डिप्लोमैटिक प्रॉब्लम में फॉरेन मिनिस्ट्री

**काबुल।**
भारतीय विदेश मंत्रालय के सामने अफगानिस्तान के एम्बेसेडर से जुड़ा एक अहम सवाल खड़ा हो गया है। दरअसल, अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान ने इसी महीने कादिर शाह को भारत में चार्ज डी अफेयर्स (आसान भाषा में एम्बेसी इंचार्ज) अपॉइंट किया है। भारत समेत किसी भी देश ने तालिबान हुकूमत को मान्यता नहीं दी है। लिहाजा, भारत सरकार भी 15 अगस्त 2021 के पहले से तैनात अफगान एम्बेसेडर (फरीद मामुंदजई) को ही अफगानिस्तान का असली एम्बेसेडर मानती है।

दिक्कत ये है कि अगर फरीद को ही एम्बेसेडर की तरह ट्रीट किया गया तो इससे तालिबान हुकूमत नाराज हो सकती है, और अगर कादिर को एम्बेसेडर माना गया तो यह कूटनीतिक सिद्धांतों यानी डिप्लोमैटिक नॉर्म्स के खिलाफ होगा। बहरहाल, भारत ने फिलहाल यह कहते हुए मामले से पल्ला झाड़ लिया है कि यह अफगानिस्तान का अंदरूनी मामला है और इससे भारतीय विदेश मंत्रालय का कोई लेनादेना नहीं है।

15 अगस्त 2021 को अफगानिस्तान पर कब्जा करने वाले तालिबान ने 25 अप्रैल को नई दिल्ली एम्बेसी के लिए कादिर शाह को चार्ज डी अफेयर्स अपॉइंट किया। कादिर को एम्बेसी इंचार्ज या कार्यवाहक राजदूत भी कहा जा सकता है। कादिर 2020 से इसी एम्बेसी में ट्रेड कॉन्स्यूलर हैं। अशरफ गनी (15 अगस्त 2021 से पहले राष्ट्रपति) ने 2020 में फरीद मामुंदजई को नई दिल्ली में एम्बेसेडर अपाइंट किया था। अब न गनी अफगान राष्ट्रपति हैं और न उनकी सरकार बची। इसके बावजूद फरीद ही ऑफिशियल एम्बेसेडर हैं। फरीद की फैमिली ब्रिटेन में रहती है। अप्रैल के आखिर में वो परिवार से मिलने लंदन गए। मई की शुरुआत में लौटे तो उन्हें पता लगा कि कुछ वक्त पहले तक उनके अंडर में काम करने वाले कादिर शाह को तालिबान हुकूमत ने नया एम्बेसी इंचार्ज बना दिया है। फरीद ने स्टाफ के नाम एक लेटर जारी किया। इसमें कहा गया कि किसी भी सूरत में कादिर को एम्बेसी में एंट्री न दी जाए। इस बीच, सोशल मीडिया पर एक लेटर वायरल हुआ। इसमें फरीद समेत तीन एम्बेसी स्टाफर्स पर करप्शन के आरोप लगाए गए। लेटर पर किसी के सिग्नेचर नहीं थे। लेटर हेड 'अफगान रिफ्यूजी इन इंडिया' के नाम से था।




**आसानी से समझिए डिप्लोमैटिक प्रॉब्लम क्या है** - आगे बढ़ने से पहले इस मामले का एक और पहलू जानना जरूरी है। दरअसल, दुनिया के किसी भी देश ने तालिबान हुकूमत को मान्यता नहीं दी है। अब जाहिर है जब तालिबान हुकूमत को ऑफिशियल गनर्वमेंट स्टेटस ही हासिल नहीं हैं तो वो डिप्लोमैट्स या एम्बेसेडर कैसे अपॉइंट कर सकती है। कुछ देशों ने इसका एक रास्ता निकाला। कई देशों में अफगानिस्तान के फॉरेन मिशन्स हैं। इन्होंने तालिबान हुकूमत को सरकार का दर्जा तो नहीं दिया, लेकिन उसके मिशन्स को भी बंद नहीं किया। इनमें रूस, चीन, पाकिस्तान, कजाखिस्तान और ईरान भी शामिल हैं। खास बात ये है कि इन मिशन्स में तालिबान के अपॉइंट किए हुए अफसर ही काम कर रहे हैं। नेशनल फ्लैग भी 'इस्लामिक एमिरेट्स ऑफ अफगानिस्तान' का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये नाम तालिबान का दिया हुआ है। इसके पहले अफगानिस्तान की सरकारें डिप्लोमैटिक वर्ल्ड में 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ अफगानिस्तान' के नाम से काम करती थीं।

**अब क्या हो रहा है** - फरीद खुद पर लगाए गए करप्शन के आरोपों को खारिज करते हुए कहते हैं- तमाम आरोप सरासर झूठ और एकतरफा हैं। अफगानिस्तान में लोकतंत्र नहीं बचा। हमने एक बयान जारी करके कादिर शाह के आरोपों और उनके एम्बेसी इंचार्ज होने के दावों को नकार दिया है। कादिर शाह का अपॉइंटमेंट लेटर 25 अप्रैल को तालिबान की मिनिस्ट्री ऑफ फॉरेन अफेयर्स ने जारी किया। इसका नंबर 3578 है। इसमें फरीद मामुंदजई से कहा गया था कि वो काबुल आकर रिपोर्ट करें।

**भारत के सामने क्या रास्ता** - इंडियन फॉरेन मिनिस्ट्री इस मामले में बहुत फूंक-फूंककर कदम उठा रही है। भारत के सामने दो रास्ते और दो ही चुनौतियां हैं। पहला- लोकतांत्रिक सरकारों के साथ चले। इसके मायने ये हुए कि फरीद मामुंदजई को ही एम्बेसेडर माने। इसमें चैलेंज ये है कि तालिबान की नाराजगी से काबुल में भारत के हित प्रभावित होंगे। हमारे एम्बेसी स्टाफ को भी दिक्कत हो सकती है। पाकिस्तान और चीन तालिबान हुकूमत को भारत के खिलाफ भड़का सकते हैं।

# पंजाब में सरकारी बसों को 2.29 पैसे सस्ता मिलेगा डीजल : भुल्लर

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने कहा है कि राज्य सरकार ने पंजाब रोडवेज/पनबस और पीआरटीसी बस सेवा को मजबूत करने के तहत बाजार से कम कीमत पर डीजल खरीदने के लिए इंडियन ऑयल कारपोरेशन (आईओसी) के साथ समझौता किया है जिसके तहत सरकार को 2.29 रुपए प्रति लीटर कम मूल्य पर डीजल मिलना शुरू हो गया है। बुधवार को लालजीत सिंह भुल्लर ने कहा कि समझौते के तहत इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने पीआरटीसी के नौ डिपो और पंजाब रोडवेज/पनबस के 18 डिपो में लगे अपने डीजल डिस्पेंसिंग यूनिटों के माध्यम से 3 अप्रैल से 15 मई तक सरकारी बसों के लिए 78.77 लाख लीटर डीजल मुहैया करवाया और कम कीमत पर तेल लेकर ट्रांसपोर्ट विभाग को करीब डेढ़ महीने की इस अवधि के दौरान ही 1 करोड़ 80 लाख 38 हजार रुपए का फायदा हुआ है। राज्य में पंजाब रोडवेज/पनबस की 1840 और पीआरटीसी की 1230 बसें चल रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि बसों की गिनती और तेल की बाजार कीमत आज के अनुसार ही रही तो प्रति महीना 1 करोड़ 25 लाख रुपए की बचत के हिसाब से इस वित्तीय वर्ष में करीब 15 करोड़ रुपए से अधिक का लाभ होगा। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार के साथ किए समझौते के अनुसार इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन 30 नवंबर, 2024 तक परिवहन विभाग को डीजल मुहैया करवाएगी। भुल्लर ने कहा कि पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण सरकारी बस सेवा



हमेशा घाटे में रहती थी, लेकिन जब से आआप सरकार ने राज्य में सत्ता संभाली है तब से सरकारी बस सेवा मुनाफे में जा रही है। राज्य के विभिन्न शहरों से पंजाब रोडवेज/पनबस और पीआरटीसी की वॉल्वो बसें दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक चल रही हैं। इसी तरह अंतरराज्यीय बस सेवा के अधीन अन्य राज्यों के लिए भी नई बसें चलाई गई हैं। परिवहन मंत्री ने कहा कि अप्रैल 2023 से पहले सरकारी बसों में रिटेल क्षेत्र से ईंधन की आपूर्ति की जा रही थी, लेकिन अब सरकार ने थोक क्षेत्र से सीधा तेल लेना शुरू कर दिया है क्योंकि थोक और रिटेल क्षेत्र में तेल की कीमतों में 2.29 रुपए का सीधा-सीधा अंतर है। उन्होंने बताया कि पीआरटीसी और पंजाब रोडवेज/पनबस की बसों में रोजाना लगभग 1.83 लाख लीटर तेल की खपत होती है। इस तरह दोनों संस्थानों को प्रतिदिन अनुमानित 4.20 लाख रुपए की बचत होने लगी है।

# टेरर फंडिंग पर पंजाब-हरियाणा में एनआईए का 60 से अधिक स्थानों पर छापा

**चंडीगढ़( हिंस )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीमों ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से आज (बुधवार) सुबह करीब पांच बजे पंजाब और हरियाणा में 60 से अधिक स्थानों पर छापा मारा है। एजेंसी ने यह कार्रवाई टेरर फंडिंग और हथियारों की खरीद-फरोख्त की सूचना पर की है। इन स्थानों पर गहन तलाशी चल रही है। एजेंसी ने पंजाब के बठिंडा शहर की चांदपुर बस्ती में खोखर नामक व्यक्ति के घर पर दबिश दी है। माना जा रहा है कि खोखर की गैंगस्टर्स को गाड़ियां मुहैया कराने में अहम भूमिका है। एनआईए ने खोखर को हिरासत में ले लिया है। जालंधर के अमन नगर में एक बिल्डर के घर की तलाशी ली जा रही है। मानसा जिले के गांव दोदड़ा में बलबीर सिंह के घर में पूछताछ की जा रही है। बलबीर का बेटा कुलदीप सिंह सेना में है। आशंका है कुलदीप ने सेना




के कुछ दस्तावेज लीक किए हैं। पटियाला जिला के सीमावर्ती क्षेत्र शंभू के गांव बपरोर, खांसिया के अलावा फिरोजपुर, मोगा, कपूरथला, शहीद भगत सिंह नगर और तरनतारन जिले में एजेंसी ने दबिश दी है। एजेंसी ने हरियाणा के सोनीपत जिले के गांव पिनाना में गैंगस्टर काला जठेड़ी के करीबियों के घरों में धावा बोला है। एनआईए और हरियाणा एसटीएफ की टीमों ने झज्जर जिले के गांव बिसान, लगरपुर, डीघल और बहादुरगढ़ में छापे मारे हैं। बहादुरगढ़ की भगत सिंह कालोनी में यह कार्रवाई की गई।

# राजस्थान आठवीं बोर्ड का परीक्षा-परिणाम जारी



**बीकानेर ( हिंस )।** प्रदेश के सरकारी और निजी विद्यालयों का आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी कर दिया गया। इस अवसर पर राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल, शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार बोड़ा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। कुल परीक्षा परिणाम 94.50 प्रतिशत रहा। प्रदेशभर में इस परीक्षा में कुल 13 लाख 05 हजार 355 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा में सर्वाधिक संख्या परीक्षार्थी जयपुर जिले से 1 लाख 23 हजार 933 शामिल हुए जबकि न्यूनतम संख्या में परीक्षार्थी 14 हजार 303 जैसलमेर जिले से शामिल हुए। कुल सम्मिलित परीक्षार्थियों में से 12 लाख 33 हजार 702 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए है। परीक्षा में ग्रेडिंग प्रणाली का प्रावधान है। कुल सम्मिलित परीक्षार्थियों में से 95 हजार 226 परीक्षार्थियोकं ने ए ग्रेड, 4 लाख 74 हजार 924 परीक्षार्थियों ने बी ग्रेड, 5 लाख 76 हजार 782 परीक्षार्थियों ने सी ग्रेड, 86 हजार 770 परीक्षार्थियों ने डी ग्रेड प्राप्त किया तथा 86 हजार 777 परीक्षार्थी पूरक घोषित हुए है। कुल 2438 परीक्षार्थियों का विविध कारणों से परिणाम रोका गया है जिसे बाद में जारी किया जाएगा। परीक्षा परिणाम शाला दर्पण पोर्टल के पांचवीं-आठवीं पेज के रिजल्ट टैब में उपलब्ध रहेगा। परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# चाहे पूरे परिवार को जेल हो जाए, सरकार बनते ही फिर देंगे नौकरियां : कर्ण चौटाला

**भिवानी ( हिंस )।** इनेलो की परिवर्तन यात्रा की अगवानी कर रहे कर्ण चौटाला ने कहा कि हरियाणा की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है, जो निजी स्कूलों व अस्पतालों के संचालकों ने बढ़ाई है। उन्होंने दावा किया कि इनेलो सरकार बनने पर पौने तीन लाख नौकरी देंगे, चाहे हमारे पूरे परिवार को जेल हो जाए। फरवरी माह में नूंह से शुरू हुई इनेलो की परिवर्तन यात्रा फिलहाल भिवानी में जारी है। बुधवार को इस यात्रा की अगुवाई युवा नेता कर्ण चौटाला ने की। यात्रा भिवानी से चलकर गुजरानी, मित्ताथल, घुसकानी होते हुए तिगड़ाना गांव पहुंची। मित्ताथल गांव में कर्ण चौटाला का जोरदार स्वागत हुआ। यहां उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए इनेलो सरकार बनने पर किए जाने वाले कामों का उल्लेख किया। अपने संबोधन में चौटाला ने कहा कि ये निजी स्कूलों व अस्पतालों के संचालक नहीं चाहते कि सरकारी स्कूलों व अस्पतालों में नौकरी दी जाएं, क्योंकि वहां नौकरी नहीं होगी, तभी लोग इनके पास जाएंगे। कर्ण चौटाला ने कहा कि बेरोजगारी के चलते हरियाणा में अपराध व नशा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में पौने तीन लाख पद खाली हैं, मेरे दादा (पूर्व सीएम ओपी चौटाला) को 3206 नौकरी देने पर जेल हुई थी। पर इनेलो सरकार बनाई तो सभी खाली पद भरे जाएंगे, फिर चाहे हमारे पूरे परिवार को जेल हो जाए। इस दौरान कर्ण चौटाला ने मोदी को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि मोदी ने कहा था कि मुझे पीएम बना दो। हर घर को फ्री गैस सिलेंडर देंगे। पर फ्री तो दूर वो सिलेंडर आज 1100 रु. का कर दिया। उन्होंने कहा कि इनेलो सरकार बना दो, फिर हम हर घर को हर महिने एक गैस सिलेंडर फ्री देंगे और साथ ही रसोई चलाने के लिए हर गृहणी को हर माह 1100 रु. देंगे।

# पाकिस्तान ने अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन से गिराई करोड़ों की हेरोइन

**चंडीगढ़( हिंस )।** पाकिस्तान ने भारत में पंजाब के अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन से एक अरब से ज्यादा रुपए की हेरोइन गिराई है। बीएसएफ ने ड्रोन की हलचल देख गोलीबारी भी की लेकिन वह सेकंडों में गायब हो गया। बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने इलाके में सर्च आपरेशन तेज कर दिया है। बीएसएफ के मुताबिक यह वाकया मंगलवार रात सीमावर्ती गांव कक्कड़ के पास का है। पाकिस्तान से घुसे ड्रोन को देखते ही फायरिंग की गई। मगर वह तब तक दो बड़े पैकेट गिराकर गायब हो गया। इन पैकेटों से करीब 15.5 किलोग्राम हेरोइन निकली है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 108.5 करोड़ रुपए है।

# शिकायत की सच्चाई जान स्थायी समाधान करना पुलिस का काम : एडीजीपी

## दो माह में एडीजीपी कार्यालय में आई 1306 शिकायतें, 1192 का निपटारा

**हिसार ( हिंस )।** हिसार रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव के कार्यालय में पिछले दो माह में 1306 शिकायतें आई है। कार्यालय का दावा है कि इनमें से 1192 का निपटारा कर दिया गया है। एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने बुधवार को रेंज के विभिन्न जिलों से व्यक्तिगत रूप से पेश होकर, पोस्ट अथवा मेल से प्राप्त शिकायतों के समाधान एवं प्रगति बारे समीक्षा की। रेंज के विभिन्न जिलों से पिछले दो महीने के दौरान 10 मार्च से 10 मई तक कुल 1306 शिकायतें प्राप्त हुई पाई गई। इन शिकायतों में से 461 व्यक्तियों ने व्यक्तिगत रूप से पेश होकर अपनी शिकायत दी है। समीक्षा में पाया गया कि प्राप्त शिकायतों में से 1192 शिकायतों का निपटारा किया गया व 114 शिकायत अभी प्रोसेस में है। एडीजीपी ने फरियादियों की शिकायतों के स्थाई समाधान के लिए जिलों के अलग-अलग डेस्क लगवाए हैं और प्रत्येक डेस्क पर पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है ताकि फरियादियों की समस्या या शिकायत को गहनता से सुना व समझा जा सके। तत्पश्चात संबंधित जिले से उसकी शिकायत पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली जाती है। उसकी समस्या व सच्चाई बारे जानने उपरांत फरियादी की शिकायत एडीजीपी के सम्मुख रखी जाती है, एडीजीपी स्वयं फरियादी की बात सुनते है तथा उनकी समस्या का समयबद्ध निदान के लिए निर्देश जारी किया जाता है। फरियादियों को बार-बार कार्यालय के चक्कर ना लगाने पड़े, उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनकी शिकायत पर की गई कार्रवाई




अथवा निपटान बारे सूचना फरियादी को उसके फोन पर दी जाती है। फरियादी से उसकी शिकायत पर की गई कार्रवाई अथवा निपटारे बारे अवगत करवा कर फीडबैक भी लिया जाता है कि वह संतुष्ट है अथवा नहीं। हिसार रेंज से प्राप्त उक्त शिकायतों में से जिला हिसार से 651 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 594 का निपटारा किया जा चुका है। जिला सिरसा से 169 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 154 का निपटारा किया जा चुका है, जिला फतेहाबाद से 164 शिकायतें प्राप्त हुई है जिनमें से 146 का निपटारा किया जा चुका है, पुलिस जिला हांसी से 170 शिकायतें प्राप्त हुई है जिनमें से 157 का निपटारा किया जा चुका है तथा जिला जींद से 152 शिकायतें प्राप्त हुई है जिनमें से 141 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है।

# श्रीगंगानगर-हनुमानगढ में लॉरेंस गैंग के ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

**श्रीगंगानगर ( हिंस )।** नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार सुबह प्रदेश की राजधानी जयपुर के अलावा, चूरू, अलवर, हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर जिले सहित अनेक स्थानों पर गैंगस्टरों की तलाश में छापे मारी की। इस दौरान कई जनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिले के सादुलशहर कस्बे में दो युवकों के घर दबिश दी गई। हालांकि जांच पड़ताल में कोई बड़ी सफलता नहीं मिली। जानकारी के अनुसार एनआईए ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई सहित अन्य गैंगस्टर के ठिकानों पर अल सुबह छापेमारी की। अन्य जिलों में बदमाशों के ठिकानों पर हथियार बरामद होने की सूचना है। श्री गंगानगर के सादुलशहर में पहुंची एनआईए टीम व्यापार मंडल के निकट व्यापारी के गलत घर में घुस गई। टीम ने तेजी से घर में प्रवेश किया। टीम को यह घर एक आरोपित का होने की आशंका थी। टीम के घर में प्रवेश करते ही परिवार की महिलाएं घबरा गई। टीम ने अपना परिचय देकर आरोपित के बारे में पूछा, लेकिन बाद में आरोपित का घर कुछ दूरी पर होने की जानकारी मिलने पर टीम वहां के लिए रवाना हो गई। गलत घर में घुसने पर एनआईए टीम को लोगों के विरोध का सामना करना पडा। स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंची एनआईए टीम को माफी मांगनी पडी। इसके बाद एनआईए टीम आगे पहुंची और अपराधी के घर दबिश दी। घर की तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एनआईए युवक को हिरासत में लेकर पुलिस थाना में पहुंची और पूछताछ के बाद युवक को रिहा कर दिया। टीम ने अपराधी गतिविधियों में शामिल रहे नवनीत गर्ग के घर भी दबिश दी। पंजाब में पेट्रोल पम्प की लूट में नवनीत गर्ग के साथ शामिल पम्प के सेल्समैन के घर भी जांच पड़ताल की गई।

# उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सीमावर्ती इलाकों का किया दौरा



**जम्मू ( हिंस )।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ की नियंत्रण रेखा के साथ लगते क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने सैनिकों से सभी आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने का आह्वान किया। जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह दौरा 22 से 24 मई तक श्रीनगर में होने वाली जी20 बैठक के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए पुंछ में नियंत्रण रेखा व राजौरी सेक्टरों में राष्ट्रीय राइफल्स की दो इकाइयों का दौरा किया और उन्हें घुसपैठ रोधी ग्रिड तथा अपनाई जा रही प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने अपनाए गए उपायों की सराहना की और व्यावसायिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए सैनिकों की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने आगे सभी आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने का आह्वान किया। सेना के वाहन पर 20 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पांच जवानों के बलिदान के बाद से जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) का राजौरी-पुंछ सेक्टर का यह चौथा दौरा है।

# गौकशी करने वालों पर लगे रासुका : रस्तोगी

**हरिद्वार( हिंस )।** वैदिक गौशाला लक्सर के राजेश रस्तोगी ने मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से पत्र प्रेषित कर गौकशी करने वालों के खिलाफ रासुका में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पत्र में राजेश रस्तोगी ने कहा कि पुलिस की सख्ती के बावजूद प्रदेश के बाहरी इलाकों से अपराधी उत्तराखंड खासकर हरिद्वार जनपद में आकर गौकशी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के बुग्गवाला व रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में गौकशी करने वालों के साथ पुलिस को दो बार मुठभेड़ हो चुकी है। इस मुठभेड़ में आरोपियों के साथ पुलिस कर्मी भी घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं राज्य की लिए अच्छा संकेत नहीं हैं। उन्होंने जनपद में गौकशी करने वालों के खिलाफ रासुका में कार्रवाई किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि गौकशी करने वालों के खिलाफ रासुका में कार्रवाई नहीं की जाती है तो वैदिक गौशाला के सदस्य गौकशी के स्थान पर जाकर गाय आरती का आयोजन करेंगे।

# शहर में प्रदर्शन कर विधायक के प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन



**फतेहाबाद ( हिंस )।** सरकार की वायदा खिलाफी से नाराज नगरपरिषद कर्मचारी बुधवार को एक बार फिर सड़कों पर उतरे। सरकार को जगाने के लिए कर्मचारियों ने सुबह 6 बजे हाथों में थालियां लेकर शहर में रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी भट्टू रोड स्थित विधायक दुड़ाराम के निवास पर पहुंचे और उनके प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व नगरपालिका कर्मचारी संघ के फतेहाबाद इकाई प्रधान नरेश राणा ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर अपना रोष जाहिर किया। प्रदर्शन का संचालन इकाई सचिव ओमप्रकाश लोट ने किया। इकाई प्रधान नरेश राणा ने कहा कि नगरपरिषद कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर अक्तूबर 2022 में 11 दिन की ऐतिहासिक हड़ताल की थी। कर्मचारियों के आंदोलन के दबाव में सरकार ने 29 अक्तूबर व उसके बाद 5 अप्रैल को सरकार से दो दौर की हुई बातचीत में अनेक मांगों पर सहमति बनी थी। इसमें सरकार ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, खाली पदों को भरने, समान काम-समान वेतन लागू करने, कच्चे कर्मचारियों को एलटीसी देने सहित अनेक मांगों पर सहमति जताई थी, लेकिन फिर से सरकार ने कर्मचारियों के साथ वायदाखिलाफी की और मानी गई मांगों को लागू नहीं किया जा रहा है। सरकार की इस वायदाखिलाफी से प्रदेशभर के कर्मचारियों में काफी रोष है। सरकार के इसी रवैये के विरोध में और सरकार को जगाने के लिए आज प्रदेशभर में नगरपालिका कर्मचारी संघ द्वारा थाली बजाओ प्रदर्शन किया गया है।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद चेता प्रशासन : अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू

**जोधपुर ( हिंस )।** शहर की मुख्य सड़क, फुटपाथ व सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर निगम उत्तर और दक्षिण की ओर से लगातार अभियान जारी है। गुरुवार को भी उत्तर निगम के दस्ते ने सेनापति भवन रोड रातानाडा में बाधित अतिक्रमणों को हटाया। निगम की ओर से सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम दक्षिण अतिक्रमण प्रभारी आशीष चांवरिया की टीम में बारहवीं रोड चौराहा, पाल रोड से मिल्कमैन कॉलोनी तक अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। दुकानदारों की ओर से फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त किया गया, वहीं मिल्कमैन कॉलोनी से गली नंबर 14 तक दुकानों के



बाहर रोड सीमा में लगे टिन शेड को भी हटाने की कार्रवाई की गई। स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन कर नगर निगम की इस कार्य को बाधित करने का प्रयास किया लेकिन नगर निगम की सख्ती और पुलिस की मौजूदगी के कारण विरोध के बावजूद भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की गई। नगर निगम उत्तर अतिक्रमण प्रभारी रवि प्रकाश बारासा की टीम ने भदवासिया पुलिया से पावटा होते हुए घंटाघर, सोजती गेट तक अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। रातानाडा सेनापति भवन रोड से भी अतिक्रमण को हटाया गया। सड़क पर रखे केबिनों को जब्त करने के साथ कई ठेला चालकों को दूरस्थ किया गया।

# सफाई कर्मचारी उतरे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**अजमेर ( हिंस )।** अजमेर जिले के रूपनगढ़ कस्बे में सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतर गए हैं। सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से वहां सफाई व्यवस्था चरमराई गई है। रूपनगढ़ बाल्मिकी समाज अध्यक्ष सीताराम लखन के अनुसार सफाई कर्मचारी न्यूनतम मजदूरी, नए सफाई उपकरण, समय पर वेतन, सफाई कर्मचारी की संख्या बढ़ाने की मांगों को लेकर हड़ताल पर उतरे हैं। बाल्मिकी समाज के लोगों द्वारा सफाई काम का अनिश्चितकालीन बहिष्कार करने से नगर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है। सरपंच हाजी इकबाल छिपा ने कहा बिना पूर्व सूचना के हड़ताल पर जाना गलत है, फिर भी बातचीत कर हल निकालेंगे।



# मुकेश अंबानी से मिले अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी : रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में रिलायंस के इनोवेशन पर चर्चा की, एनएमएसीसी का भी दौरा किया

**नई दिल्ली।**

भारत में अमेरिका के नए राजदूत एरिक गार्सेटी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में रिलायंस के इनोवेशन और भारत-अमेरिका के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने को लेकर चर्चा की। गार्सेटी ने इस मीटिंग की एक तस्वीर शेयर करते हुए ट्वीट किया, रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में रिलायंस के इनोवेशन के बारे में जानने और अमेरिका-भारत के बीच आर्थिक सहयोग के रास्ते तलाशने के लिए मुकेश अंबानी के साथ शानदार मीटिंग की।

**गार्सेटी ने एनएमएसीसी का भी दौरा किया** – मुकेश अंबानी से मिलने से पहले गार्सेटी ने नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर का भी दौरा किया, जिसे हाल ही में लॉन्च किया गया है। एनएमएसीसी के फैशन शो में उन्होंने भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री के बारे में जाना। इसके साथ ही, उन्होंने द ग्रैंड थियेटर में ब्रॉडवे क्लासिक द साउंड ऑफ म्यूजिक के आर्टिस्ट से भी मुलाकात की।

**शाहरुख खान से मिलने उनके घर मन्नत पहुंचे एरिक** – इससे पहले एरिक गार्सेटी बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान से मिलने उनके घर मन्नत पहुंचे। एरिक ने ट्विटर पर शाहरुख के साथ मुलाकात की तस्वीरें शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने ट्वीट किया, क्या यह मेरे बॉलीवुड डेब्यू का समय है सुपरस्टार के साथ शानदार बातचीत हुई। इस दौरान मैंने बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के बारे में जाना और मैंने बॉलीवुड और हॉलीवुड के उन पहलुओं पर बात की जिसका कल्चरल इम्पैक्ट दुनियाभर में देखने को मिला है।

**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से भी की मुलाकात** – गार्सेटी ने ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच बिजनेस, क्लाइमेट एक्शन और विमेंस वर्कप्लेस इन्क्लूजन के बारे में चर्चा हुई।

**जय शाह के साथ गार्सेटी ने देखा आईपीएल मैच** – गार्सेटी ने मुंबई में महात्मा गांधी के घर मणि भवन का दौरा किया। इसके साथ ही, उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह के साथ गुजरात टाइटन्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2023 मैच भी देखा। इससे पहले 11 मई को एरिक गार्सेटी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी। उन्होंने ट्वीट किया,राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना क्रेडेंशियल प्रस्तुत करते हुए अत्यंत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ घनिष्ठ और उपयोगी साझेदारी के लिए भारत सरकार को धन्यवाद।

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली से सिडनी जा रहे विमान में एयर टर्बुलेंस के दौरान घायल हुए यात्री, ऑस्ट्रेलिया में मिली मदद



**नई दिल्ली** । दिल्ली से सिडनी जा रहे एयर इंडिया के विमान में उस समय कई यात्री घायल हो गए थे, जब उड़ान के दौरान विमान बड़े एयर टर्बुलेंस का शिकार हो गया। एयर टर्बुलेंस के दौरान घायल यात्रियों को सिडनी हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई। किसी भी यात्री को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया। विमानन कंपनियों की नियामक संस्था डीजीसीए ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि यह घटना उड़ान के दौरान हुई। घटना में घायल यात्रियों को सिडनी हवाई अड्डे पर पहुंचने पर चिकित्सा सहायता मिली। डीजीसीए के अनुसार किसी भी यात्री को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है। उसी दौरान हवा में विमान तेज एयर टर्बुलेंस में फंस गया। इस दौरान विमान में सवार सात यात्रियों को मामूली चोटें आई। विमान के चालक दल के सदस्यों ने घायलों को प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई। विमान जिस टर्बुलेंस का शिकार हुआ इतना घातक था कि सिडनी एयरपोर्ट पर यात्रियों ने कई चोटों की शिकायत की। सिडनी में एयर इंडिया के एयरपोर्ट मैनेजर ने यात्रियों को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई। अब तक इस मामले में एयर इंडिया की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में नागपुर से मुंबई जा रहे एयर इंडिया के एक विमान में बिच्छू ने एक यात्री को डंक मार दिया था। विमानों में जीवित पक्षियों और चूहों के पाए जाने के उदाहरण तो पहले भी मिले हैं पर एक यात्री को बिच्छू के डंक मारने का यह एक दुर्लभ उदाहरण था।

### रूस से तेल खरीदने पर फिर उठा सवाल, विदेश मंत्री ने ईयू को दिया करारा जवाब



**नई दिल्ली** । रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत होने के बाद से ही तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का देखने को मिलने लगा। कई देशों ने नाराज होकर रूस पर प्रतिबंध लगाए। इसी बीच, भारत ने सस्ती दरों पर रूस से तेल खरीदना शुरू कर दिया। हालांकि, इसकी वजह से भारत को कई बार सवालों का सामना करना पड़ा है। एक बार फिर यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख ने सवाल उठाया, जिसका भारत ने 'मुंहतोड़' जवाब दिया है। दरअसल, यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेफ बोरेल ने भारत के रिफाइंड प्रोडक्ट्स पर कार्रवाई की मांग की, जिन्हें रूसी तेल के जरिए तैयार किया जा रहा है। इसके जवाब में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जोसेफ को सलाह दी कि उन्हें यूरोपीय संघ परिषद के नियमों को देखना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि यूरोपीय संघ परिषद के नियमों को देखें, रूसी कच्चे तेल को तीसरे देश में काफी हद तक बदल दिया गया है और अब इसे रूसी नहीं माना जाता है। साथ ही उन्होंने परिषद के नियमन 833/2014 को देखने का आग्रह किया।

### करदाताओं के बैंकिंग लेनदेन पर अब जीएसटी की निगरानी, फर्जी बिलों व आईटीसी में धांधली पर भी लगेगी रोक




**नई दिल्ली** । जीएसटी प्राधिकरण करदाताओं के रीयल टाइम बैंकिंग लेनदेन की जानकारी जुटाने की योजना पर काम कर रहा है। इसके जरिये कारोबारियों के नकली चालान और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के ज्यादा उपयोग का पता लगाया जाएगा। जीएसटी पंजीकरण के समय करदाता केवल एक बैंक खाते का विवरण देता है। लेकिन, ऐसा भी देखा गया है कि कारोबारी कई बैंक खातों का उपयोग करते हैं। ऐसे में बैंकिंग लेनदेन से ऐसे फर्जीवाड़े का पता चल सकेगा। हालांकि, ज्यादातर मामलों में यही पाया गया है कि जब तक बैंकिंग लेनदेन का पता लगाया जाता है, तब तक कंपनियां फरार हो जाती हैं। इसलिए, जीएसटी अधिकारी अब आयकर विभाग की तरह तेजी से रीयल टाइम बैंकिंग लेनदेन के आंकड़ों को जुटाना चाहते हैं। सूत्रों ने कहा, इस मुद्दे को अब केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) भी उठा रहा है, ताकि कर चोरी पर अंकुश लगाया जा सके। इसके लिए जरूरत पड़ी तो आरबीआई से भी मदद ली जा सकती है।

## अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सेबी को मिला 3 महीने का टाइम

# 14 अगस्त तक अपनी जांच रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपनी होगी, 11 जुलाई को अगली सुनवाई

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी-हिंडेनबर्ग मामले की जांच के लिए मार्केट रेगुलेटर सेबी को 3 महीने का अतिरिक्त समय दे दिया। अब सेबी को अपनी रिपोर्ट 14 अगस्त तक सौंपनी होगी। 2 मार्च को कोर्ट ने इस मामले में एक कमेटी बनाई थी और सेबी को भी जांच के लिए 2 महीने का समय दिया था। यानी उसे 2 मई तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी थी। सेबी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान जांच के लिए 6 महीने की मोहलत मांगी। हालांकि, बेंच ने 6 महीने का समय देने से इनकार कर दिया। बेंच ने कहा कि वह अनिश्चित विस्तार नहीं दे सकती। हमने 2 महीने का समय दिया था और अब इसे अगस्त तक बढ़ा दिया है। यानी सेबी को कुल 5 महीने का समय मिल चुका है।

**कमेटी की रिपोर्ट के मामले में अगली सुनवाई 11 जुलाई को** – उधर इंडिपेंडेंट कमेटी की सौंपी गई जांच रिपोर्ट पर कोर्ट ने कहा कि उसे इस रिपोर्ट के विश्लेषण के लिए समय चाहिए। कमेटी की रिपोर्ट पक्षकारों को भी दी जाएगी। इस रिपोर्ट पर अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी। डॉ. धनंजय यशवंत चंद्रचूड़, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जे बी पारदीवाला की बेंच ने इस पर सुनवाई की।

**प्रशांत भूषण ने किया था सेबी को समय दिए जाने का विरोध** – इससे पहले 15 मई को सुप्रीम कोर्ट ने सेबी की समय बढ़ाने की मांग वाली इस याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी थी। वहीं 12 मई को सुनवाई के दौरान एडवोकेट प्रशांत भूषण ने सेबी की इस याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि मार्केट रेगुलेटर 2016 से एक अन्य मामले में अडाणी ग्रुप की कंपनियों की जांच कर रहा है। ऐसे में सेबी को और समय देना सही नहीं है। इस दलील के बाद 15 मई को सेबी ने कोर्ट में एक एफिडेविट दायर किया था। इसमें बताया गया था कि अडाणी ग्रुप की कंपनियों की 2016 से जांच किए जाने के दावे फैक्चुअली बेसलेस है। सेबी ने बताया कि पहले जो जांच की गई थी वो 51 भारतीय कंपनियों की ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट्स से जुड़ा था। इनमें अडाणी ग्रुप की कोई भी लिस्टेड कंपनी शामिल नहीं थी।




### अब तक क्या क्या हुआ

**हिंडनबर्ग ने लगाए थे शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप** – 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप को लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। रिपोर्ट में ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट के बाद ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली थी। हालांकि, बाद में इसमें रिकवरी आई।

**अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में चार जनहित याचिका दायर** – मनोहर लाल शर्मा ने याचिका में हिंडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर नाथन एंडरसन और भारत में उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच करने और एफआईआर की मांग की थी। इसके साथ ही इस मामले पर मीडिया कवरेज पर रोक की भी मांग की गई थी। विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली एक कमेटी बनाकर हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच की मांग की थी। तिवारी ने अपनी याचिका में लोगों के उन हालातों के बारे में बताया था जब शेयर प्राइस नीचे गिर जाते हैं। जया ठाकुर ने इस मामले में भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक की भूमिका पर संदेह जताया था। उन्होंने एलआईसी और एसबीआई की अडाणी एंटरप्राइजेज में भारी मात्रा में सार्वजनिक धन के निवेश की भूमिका की जांच की मांग की थी। मुकेश कुमार ने अपनी याचिका में सेबी, ईडी आयकर विभाग, डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस से जांच के निर्देश देने की मांग की थी। मुकेश कुमार ने अपने वकीलों रूपेश सिंह भदौरिया और महेश प्रवीर सहाय के जरिए ये याचिका दाखिल कराई थी।

**कोर्ट ने 2 मार्च को बनाई थी 6 सदस्यीय कमेटी** – सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में जो कमेटी बनाई थी, उसके हेड रिटायर्ड जज एएम सप्रे हैं। उनके साथ इस कमेटी में जस्टिस जेपी देवधर, ओपी भट, एमवी कामथ, नंदन नीलेकणि और सोमशेखर सुंदरेसन शामिल हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ने कमेटी बनाने का यह आदेश 2 मार्च को दिया था।

**सेबी को इन 2 पहलुओं पर जांच करने के लिए कहा था** – क्या सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट रेगुलेशन रूल्स के नियम 19 ए का उल्लंघन हुआ क्या मौजूदा कानूनों का उल्लंघन कर स्टॉक की कीमतों में कोई हेरफेर हुआ मिनिमम पब्लिक शेयर होल्डिंग से जुड़ा है नियम 19 ए कॉन्ट्रैक्ट रेगुलेशन रूल्स का नियम 19 ए शेयर मार्केट में लिस्टेड कंपनियों की मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग से जुड़ा है। भारतीय कानून में किसी भी लिस्टेड कंपनी में कम से कम 25प्रतिशत शेयरहोल्डिंग पब्लिक यानी नॉन इनसाइडर्स की होनी चाहिए। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि गौतम अडाणी के भाई विनोद अडाणी विदेश में शेल कंपनियों को मैनेज करते हैं। इनके जरिए भारत में अडाणी ग्रुप की लिस्टेड और प्राइवेट कंपनियों में अरबों डॉलर ट्रांसफर किए गए।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में चमक बरकरार, यूएन की रिपोर्ट में दावा- 2024 में 6.7 प्रतिशत रहेगी वृद्धि दर



**नई दिल्ली ।**

कैंलेडर वर्ष 2024 में भारतीय आर्थव्यवस्था 6.7 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ सकती है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार घरेलू मांग में लचीलापन बरकरार रहने से अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी। हालांकि यूएन की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि उच्च ब्याज दरों और बाहारी मांग में कमजोरी से निवेश और निर्यात पर दबाव बना रहेगा। 2023 के मध्य तक विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं नामक रिपोर्ट जारी यूएन ने साउथ एशिया के सबसे बड़े देश भारत के बारे में 2023 के मध्य तक विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं नामक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार कैलेंडर वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्थ के वृद्धि की रफ्तार 5.8 प्रतिशत रह सकती है। जबकि 2023 में यह बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार घरेलू मांग में लचीलापन बरकरार रहने से भारतीय अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी। हालाकि ब्याज की ऊंची दरों और कमजोर वैश्विक मांगों के कारण 2023 में निवेश और निर्यात पर दबाव बना रह सकता है। भारत में मुद्रास्फीति 2023 में घटकर 5.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

भारत में मुद्रास्फीति 2023 में घटकर 5.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है क्योंकि वैश्विक कमोडिटी की कीमतों में नरमी है और मुद्रा में धीमी गिरावट से आयातित मुद्रास्फीति में आती है। वैश्विक आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2023 जिसे जनवरी में जारी किया गया था, उसके अनुमानों में ताजा रिपोर्ट में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

**यूएन के अधिकारी बोले- भारतीय अर्थव्यवस्था में कई सकारात्मक चीजें दिख रहीं** – संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा, आर्थिक विश्लेषण और नीति प्रभाग के प्रमुख हामिद राशिद ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि भारत विश्व अर्थव्यवस्था में एक ब्राइट स्पॉट यानी उवल बिंदू बना हुआ है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत के संबंध में हमारे अनुमान जनवरी से नहीं बदले हैं। भारतीय आर्थव्यवस्था के संबंध में कई सकारात्मक चीजें दिख रही हैं जिनमें मुद्रास्फीति में आई बढ़िया गिरावट शामिल है। उन्होंने कहा, हम इस साल के लिए अपने पूर्वानुमान को लेकर काफी आश्वस्त हैं।

# टाटा संस के चेयरमैन को फ्रांस का सर्वोच्च सम्मानः भारत-फ्रांस ट्रेड रिलेशनशिप को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया

**फ्रांस।**

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को फ्रांस के सर्वोच्च सम्मान शेवेलियर डे ला लेगियन डी होनूर से सम्मानित किया गया है। एन चंद्रशेखरन को भारत और फ्रांस के बीच ट्रेड रिलेशनशिप को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए फ्रांस ने यह सम्मान दिया है। टाटा ग्रुप ने ऑफिशियल ट्विटर से इसके बारे में जानकारी दी है। ग्रुप ने ट्वीट कर कहा कि हमारे चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री से शेवेलियर डे ला लेगियन डी होनूर रिसीव किया। भारत और फ्रांस के बीच ट्रेड रिलेशनशिप को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए उन्हें फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**प्रिय नटराजन चंद्रशेखरन, आप फ्रांस के मित्र हैं: कैथरीन कोलोना** – एन चंद्रशेखरन को सम्मानित करने के बाद मंत्री कैथरीन कोलोना ने उन्हें फ्रांस का मित्र बताया। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि टाटा कंपनी फ्रेंको-इंडियन पार्टनरशिप का मेजर प्लेयर है। मुझे रिपब्लिक के राष्ट्रपति की ओर से इसके सीईओ को शेवेलियर डे ला लेगियन डीहोनूर के प्रतीक



चिन्ह को पेश करने में खुशी हुई। प्रिय नटराजन चंद्रशेखरन, आप फ्रांस के मित्र हैं।

**इंडो-फ्रेंच चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की डायरेक्टर ने बधाई दी** – इंडो-फ्रेंच चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की डायरेक्टर जनरल, पायल एस कुमार ने बधाई दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि यूरोप और विदेश मामलों के फ्रांसीसी मंत्री द्वारा शेवेलियर डे ला लेगियन डीहोनूर से सम्मानित किए जाने पर एन चंद्रशेखरन को बधाई। इससे पहले किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट की चेयरपर्सन और शिव नादर फाउंडेशन की ट्रस्टी किरण नादर को इस सम्मान से नवाजा गया था। फ्रांस ने उन्हें यह सम्मान आर्ट के फील्ड में उनके योगदान के लिए दिया था।

# दो नई अफोर्डेबल ईवी लाएगी टेस्ला: शेयरहोल्डर्स मीटिंग में मस्क बोले- वो कंपनी के सीईओ बने रहेंगे, 2022 में 36 लाख जॉब एप्लीकेशन मिली

**ऑस्टिन।**

एलन मस्क ने इलेक्ट्रिक कार मेकर टेस्ला की एनुअल मीटिंग में कहा कि वो कंपनी के सीईओ बने रहेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि अगले 12 महीने इकोनॉमी के लिए कठिन होने वाले हैं। इसमें कई कंपनियां दिवालिया हो सकती है। मस्क ने इवेंट में बताया कि टेस्ला को 2022 में 36 लाख जॉब एप्लीकेशन मिली। वहीं उन्होंने दो नई ईवी भी टीज की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस साल के अंत तक साइबर ट्रक की डिवीलरी शुरू हो जाएगी।

**एलन मस्क टेस्ला के सीईओ बने रहेंगे** – ऐसी अफवाहें थी कि एलन मस्क टेस्ला के सीईओ का पद छोड़ सकते हैं। ऐसे में मीटिंग में शामिल हुए एक अटेंडी ने मस्क से पूछा कि क्या वह टेस्ला से हटने के बारे में सोच रहे हैं मस्क ने जवाब दिया- ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि टेस्ला (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और (आर्टिफिशियल जनरल इटेलिजेंस) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है और मुझे लगता है कि मुझे इसे देखने होगा कि सब कुछ अच्छा हो।



**इस साल के अंत तक साइबर ट्रक की डिलीवरी** – एलन मस्क ने कहा कि टेस्ला इस साल के अंत तक साइबरट्रक की डिलीवरी शुरू कर देगी। प्रोडक्शन शुरू होने के बाद कंपनी हर साल 250,000 से 500,000 साइबरट्रक की डिलीवरी करने में सक्षम होना चाहिए। मस्क ने ये भी कहा कि वह रोजाना साइबरट्रक चलाएंगे। टेस्ला ने पहली बार 2019 में साइबरट्रक की घोषणा की थी, लेकिन प्रोडक्शन में बार-बार देरी हुई है। मस्क ने देरी के लिए माफी मांगी और वादा किया कि प्रोडक्ट उम्मीदों से बेहतर होगा।

**इकोनॉमी के लिए अगले 12 महीने कठिन** – मस्क ने अनुमान लगाया कि कई फैक्टर्स के कारण अगला साल इकोनॉमी के लिए कठिन होगा। उन्होंने कहा, उच्च ब्याज दरों का कारों की अफोर्डेबिलिटी पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। आने वाले महीनों में बहुत सारी कंपनियां दिवालिया भी हो सकती है, लेकिन टेस्ला इस तूफान का सामना करने और पहले से कहीं ज्यादा मजबूत होकर उभरने के लिए अच्छी स्थिति में है। मेरी सलाह होगी कि अगले 12 महीनों के लिए बाजारों को मत देखो।

**मॉडल धरती पर सबसे ज्यादा बिकने वाली कार होगी** – एलन मस्क ने कहा कि इस साल मॉडल धरती पर सबसे ज्यादा बिकने वाली कार होगी। इवेंट के दौरान, मस्क ने दो नए इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को भी टीज किया जो टेस्ला के लाइनअप में शामिल होंगे। सीईओ ने कहा कि टेस्ला एक के निर्माण और दूसरे को डिजाइन करने की प्रोसेस में है। टेस्ला के लाइनअप में आने वाले दोनों नए व्हीकल्स के किफायती होने की उम्मीद है जो बहुत अधिक मात्रा में बिकेंगे।

**टेस्ला को 2022 में 3.6 मिलियन जॉब एप्लीकेशन मिली** – 2022 के अंत में टेस्ला के पास दुनिया भर में लगभग 130,000 कर्मचारी थे।

# पीएलआई का असर : चीन से कंप्यूटर लैपटॉप, सोलर सेल का आयात घटा

**नई दिल्ली।**

सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की वजह से 2022-23 के दौरान चीन से लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर, इंटीग्रेटेड सर्किट और सोलर सेल जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामानों के आयात में गिरावट आई है। आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के आयात में गिरावट उन क्षेत्रों में उल्लेखनीय रूप से देखने को मिली है, जहां पीएलआई योजना शुरू की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022-23 के दौरान भारत ने चीन से कुल 91 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात किया। 2021-22 में यह आंकड़ा 94.6 अरब डॉलर रहा था। इस अवधि में चीन से चिकित्सा उपकरणों का आयात सालाना आधार पर 13.6 फीसदी घटकर 2.2 अरब डॉलर रह गया। सोलर सेल के आयात में 70.9 फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस अवधि में 1.9 अरब डॉलर का सोलर सेल आयात किया गया। वहीं, लैपटॉप और पर्सनल कंप्यूटर का आयात 23.1 फीसदी की गिरावट के साथ 4.1 अरब डॉलर रह गया। मोबाइल फोन का आयात भी सालाना आधार पर 4.1 फीसदी घटकर 85.7



करोड़ डॉलर रह गया। 4.1अरब डॉलर के लैपटॉप-पीसी आयात हुए 2022-23 में 23.1फीसदी कम है 2021-22 के मुकाबले उर्वरक के आयात में भी गिरावट पिछले वित्त वर्ष के दौरान चीन से खाद और अन्य उर्वरक के आयात में 26 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। इस अवधि में 2.3 अरब डॉलर के खाद और अन्य उर्वरकों का आयात किया गया। इंटीग्रेटेड सर्किट के आयात में भी 4.5 फीसदी की गिरावट रही। लिथियम-आयन बैटरी में 96 फीसदी उछाल : भारत ने 2022-23 के दौरान चीन से 2.2 अरब डॉलर के लिथियम-आयन बैटरी का आयात किया। यह 2021-22 के मुकाबले 96 फीसदी ज्यादा है। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से लिथियम-आयन बैटरी के आयात में और तेजी आ सकती है।

### आईटी से जुड़े हार्डवेयर के लिए पीएलआई स्कीम को मंजूरीः कंपनियों को मिलेगी 17,000 करोड़ रुपए की फाइनेंशियल मदद, कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। इस दौरान कई अहम फैसले किए गए। बैठक में आईटी से जुड़े हार्डवेयर बनाने के लिए पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक्ड स्कीम) को मंजूरी दे दी है। इस स्कीम में करीब 17,000 करोड़ रुपए की फाइनेंशियल मदद दी जाएगी। आईटी हार्डवेयर में मेक इन इंडिया को बूस्ट देने के लिए यह बड़ा कदम साबित होगा। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और अश्विनी वैष्णव ने बैठक के दौरान लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के क्षेत्र में इस साल 100 बिलियन डॉलर का उत्पादन इस साल देश में हुआ है। इसके आलावा पिछले साल 11 बिलियन डॉलर के मोबाइल का रिकॉर्ड निर्यात किया गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ फसल के लिए 1.08 लाख करोड़ रुपए की फर्टिलाइजर (उर्वरक) सब्सिडी को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि खरीफ फसलों के लिए सरकार ने तय किया है कि भारत सरकार खाद की कीमत नहीं बढ़ाएगी। भारत सरकार खरीफ सीजन की फसल के लिए सब्सिडी में 1 लाख 8 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी। सरकार फर्टिलाइजर बनाने वालों या इंपोर्ट करने वालों को सब्सिडी का भुगतान करती है ताकि किसानों को बाजार दर से कम कीमत पर फर्टिलाइजर मिल सके। फर्टिलाइजर के उत्पादन या आयात की लागत और किसानों द्वारा चुकाई गई कीमत के बीच का अंतर सरकार द्वारा वहन किया जाता है। यह पैसा सरकार फर्टिलाइजर के उत्पादन या आयातक कंपनियों को देती है। इसे ही सब्सिडी कहा जाता है। इस योजना के अनुसार, केंद्र अतिरिक्त उत्पादन पर प्रोत्साहन देगा और कंपनियों को भारत में बने उत्पादों को निर्यात करने की अनुमति देगा। पीएलआई स्कीम का लक्ष्य प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बनाने के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित करना है।

# गोविंदा की पत्नी बैग लेकर पहुंची मंदिर, पुजारी को देंगे नोटिस

## -मंदिर के गर्भगृह में बैग, झोला, पॉलीथिन आदि ले जाने पर प्रतिबंध



**भोपाल (ईएमएस)।** धार्मिक नगरी उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में सोमवार को अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा बैग लेकर गर्भगृह में पहुंची थी। इसके बाद मंदिर प्रशासन ने पुजारी को नोटिस जारी करने निर्णय लिया है।मामले में मंदिर प्रशासन बुधवार को पं.रमण त्रिवेदी को नोटिस जारी करेगा। मंदिर के नियमानुसार गर्भगृह में बैग, झोला, पॉलीथिन आदि वस्तुएं ले जाने पर प्रतिबंध है। गर्भगृह, नंदी हाल निरीक्षक तथा जल द्वार पर तैनात गार्ड पर भी कार्रवाई होगी। महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में गर्भगृह में प्रवेश के लिए विशेष नियम है। कोई भी व्यक्ति बैग,झोला,शस्त्र, लाठी आदि प्रतिबंधित वस्तुएं लेकर प्रवेश नहीं कर सकता है। गर्भगृह में प्रवेश बंद रहने के दौरान पुरुषों को सोला तथा महिलाओं को साड़ी पहनना अनिवार्य है। नियमों का पालन कराने के लिए मंदिर समिति ने गर्भगृह व नंदी हाल निरीक्षक की नियुक्ति कर रखी है। कोई भी प्रतिबंधित वस्तुएं भीतर ना जाएं, इसके लिए विभिन्न द्वारों पर गार्ड तैनात रहते हैं। मंदिर के पुजारी व पुरोहितों का तो यह कर्तव्य है कि वे मंदिर की मयार्दा,पवित्रता तथा नियमों का अक्षरशः पालन करें तथा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं से कराएं, लेकिन सोमवार को फिल्म अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा बैग लेकर न सिर्फ गर्भगृह में पहुंची, बल्की पूजन के दौरान कंधे पर बैग टांगे खड़ी रही। हालांकि इस दौरान उन्हें बैग के कारण असुविधा भी हुई। पं.रमण त्रिवेदी ने उन्हें पूजन कराया। सुनीता आहूजा के मंदिर आने से लेकर गर्भगृह में पूजन करने तक किसी भी गार्ड, कर्मचारी यहां तक की पं.रमण त्रिवेदी ने भी उन्हें नियमों की जानकारी नहीं दी। इस बारे में महाकालेश्वर मंदिर के प्रशासक संदीप कुमार सोनी का कहना है कि मंदिर की परंपरा, मयार्दा व पवित्रा का ध्यान रखने का सबसे अधिक दाईत्व पुजारी, पुरोहितों का है। कर्मचारी भी समान रूप से दोषी हैं। मैंने वीडियो फुटेज देखे हैं, उसके अनुसार पं.रमण त्रिवेदी को नोटिस जारी होगा। कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चे का सम्मान होना जरूरी : दीया मिर्जा

## -एक्ट्रेस बोली-मुझे सौतेली बेटी शब्द से नफरत है



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म भीड में नजर आई दीया मिर्जा 2021 में व्यवसायी वैभव रेखी के साथ शादी के बंधन में बंधी। दीया मिर्जा ने वैभव की 14 वर्षीय बेटी समायरा रेखी के साथ अपने संबंधों पर बातचीत की है। दीया ने समायरा द्वारा अपने फोन पर दिए गए उपनाम के बारे में एक मजेदार कहानी भी साझा की। जूम एंटरटेनमेंट को दिए एक इंटरव्यू में दीया ने कहा कि बच्चे का सम्मान होना जरूरी है। दीया ने कहा, मैं उसे एक व्यक्ति के रूप में मानती हूं, जो वह है। मुझे लगता है कि एक बच्चे के लिए प्यार और देखभाल करना बहुत जरूरी है। लेकिन एक बच्चे के लिए एक व्यक्ति के रूप में सम्मान होना भी बहुत महत्वपूर्ण है, और मैं समायरा के साथ ऐसा इसलिए करती हूं क्योंकि मेरे माता-पिता ने मेरे साथ ऐसा किया। मुझे सौतेली बेटी शब्द से नफरत है। क्योंकि मैंने कभी अपने पिता को सौतेला पिता नहीं कहा। मेरे एक सौतेले पिता थे। मैं कभी भी दुष्ट सौतेली माँ की अवधारणा के साथ बड़ी नहीं हुई। यदि आप अच्छे लोगों को उठाना चाहते हैं जो हर किसी का सम्मान करना सीखते हैं तो आपको ऐसे लोगों को भी उठाना होगा जो समझते हैं कि कभी-कभी कुछ रिश्ते काम नहीं करते हैं और कुछ अन्य करते हैं। समायरा, वैभव की पहली शादी सुनैना रेखी से हुई, बेटी है। दीया और वैभव का एक बेटा है- अयान आजाद रेखी। समायरा के अपने लिए उपनाम के बारे में बात करते हुए, दीया ने कहा, सबसे लंबे समय तक, समायरा ने मेरा नाम अपने फोन पर अभी तक दुष्ट सौतेली माँ नहीं के रूप में सहेजा था। इसलिए मैंने अभी तक सौतेली माँ के रूप में योग्यता प्राप्त नहीं की है।

# बेटी के साथ मस्ती भरे मूड में नजर आई पीसी



अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा माँ बनने के बाद बेटी के साथ खूब इंजॉय कर रही है। प्रियंका अभी भारत में है उन्होंने अपनी कजिन परिणीति चोपड़ा की इंगेजमेंट सेरेमनी में शिरकत किया था। प्रियंका इस दौरान काफी रिलैक्स और मस्तीभरे मूड में नजर आईं। परिणीति की सगाई के बाद एक्ट्रेस ने अपनी मां और मालती के साथ मदर्स डे एंजॉय किया। इस मौके पर निक जोनस ने मदर्स डे पर अपनी पत्नी प्रियंका के लिए स्वीट मेसेज शेयर किया। उन्होंने मालती के साथ प्रियंका की क्वॉलिटी टाइम स्पेंड करते हुए एक फोटो शेयर की, जिसमें मालती अपनी मां के कंधे पर बैठी मुस्कुरा रही हैं। इस खूबसूरत फोटो और वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, हैप्पी मदर्स डे माय लव। आप बहुत अच्छी मां हो। आपकी वजह से हर दिन मेरा और मालती मैरी का दिन अच्छा बीतता है।

# दानिश खान होंगे सोनी लिव, स्टूडियो नेक्स्ट के व्यवसाय प्रमुख



**नयी दिल्ली (ईएमएस)।** सोनी लिव और स्टूडियो नेक्स्ट के अगले व्यवसाय प्रमुख दानिश खान होंगे। खान खासतौर से डिजिटल पेशकश पर ध्यान देंगे। यह जानकारी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने दी। खान और व्यास सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के प्रबंध निदेशक और सीईओ एन पी सिंह को रिपोर्ट करेंगे। ये नियुक्तियां एक जून 2023 से प्रभावी होंगी। कंपनी ने यह भी कहा कि नीरज व्यास हिंदी सामान्य मनोरंजन चैनलों सैट, सब, पल और हिंदी फिल्मों के व्यवसाय प्रमुख के रूप में हिंदी भाषा के मनोरंजन की देखरेख करेंगे।

# 100 करोड़ के क्लब में पहुंचने के करीब द केरल स्टोरी

## सात दिन में फिल्म का कुल कलेक्शन 81.36 करोड़ हो गया




**मुंबई (ईएमएस)।** निमार्ता विपुल अमृतलाल ने हिन्दी सिनेमा जगत को वक्त, आँखें, फोर्स, कमाण्डो सरीखी कई फिल्में दी हैं। द कश्मीर फाइल्स की सफलता को देखने के बाद उनके द्वारा बनाई गई फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर उन्होंने भी नहीं सोचा होगा फिल्म इस कदर हिट हो जाएगी। पिछले सात दिन से पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु को छोड़कर देश भर में चल रही द केरल स्टोरी ब्लॉकबस्टर बन गई है। बीते शुक्रवार को 8 करोड़ से शुरूआत करने वाली द केरल स्टोरी ने सिर्फ सोमवार को 10.50 करोड़ का कारोबार किया, वरना शेष दिनों में इसने लगातार बढ़ोतरी दिखाते हुए स्वयं को 81.36 करोड़ तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त कर ली है। फिल्म ने रिलीज के सातवें दिन 12.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। इस तरह फिल्म का कुल कलेक्शन 81.36 करोड़ हो गया है। फिल्म की कमाई को देखते हुए यह निश्चित हो गया है कि यह फिल्म शनिवार को 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी। 28 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने अपनी लागत पहले ही निकाल ली थी। अब यह पूरी तरह से निमार्ताओं के लिए फायदे का सौदा साबित हो रही है। अब फिल्म मुनाफे से भी आगे निकल चुकी है। ऐसा लग रहा है कि फिल्म पर बैन का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बाद अब उत्तराखंड और हरियाणा सरकार ने भी फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया है। इससे कमाई में और अधिक उछाल देखने को मिल रहा है।

# विजय को प्रैक्टिस के लिए दिया पुराना वाहन



एक्टर विजय वर्मा ने बताया कि बड़े वैन ड्राइव करने के अपने कौशल को मांजने के लिए उन्हें एक बड़ा और पुराना वाहन प्रैक्टिस के लिए दिया गया था। ओटीटी शो दहाड़ के लिए तारीफें बटोर रहे विजय सीरीज में विजय एक सीरियल किलर का रोल कर रहे हैं जो महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर उनकी हत्या कर देता है। वह एक स्कूल वैन में सभी वारदातों को अंजाम देता है जिसका इस्तेमाल वह परोपकार के लिए भी करता है। उन्होंने कहा, सीरीज का प्रोडक्शन शुरू होने से पहले मैं मुंबई के यारी रोड इलाके में पुराना एंबुलेंस चला रहा था। दहाड़ प्राइम वीडियो पर आ रहा है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, गुलशन देवैया और सोहम शाह भी हैं। एक्टर ने आगे कहा, मुझे एक पुराना एंबुलेंस दिया गया था ताकि मैं उस तरह के बड़े वाहन को चलाने की प्रैक्टिस कर सकूं।

# अरमान ने हीर नाम से एक सरप्राइज सिंगल किया रिलीज



प्लेबैक सिंगर अरमान मलिक ने हीर नाम से एक सरप्राइज सिंगल रिलीज किया है। अरमान को बोल दो ना जरा, बुद्धू सा मन और तेरे मेरे जैसे गानों से ही बालीवुड में पहचान मिली है। सिंगर ने ट्रैक के लिए, म्यूजिकल जोड़ी लॉस्ट स्टोरीज, किमेरा और हिप-हॉप आर्टिस्ट यशराज के साथ कोलैबोरेट किया है।सिंगल के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहाः मुझे खुशी है कि मैं अपने दोस्तों लॉस्ट स्टोरीज, यशराज और किमेरा के साथ मिलकर एक ट्रैक बना सका, जिस पर हम सभी गर्व कर सकते हैं और वास्तव में इसका आनंद ले सकते हैं। यह गाना कुछ सीमाओं को पार कर रहा है और पंजाबी पॉप, देसी हिप हॉप और यूके ड्रम और बास का एक अनूठा मिश्रण है। मैंने इस गाने में अलग टोन का इस्तेमाल किया है और मुझे यकीन है कि मेरे फैंस इसका आनंद लेंगे। उन्होंने आगे कहाः मैं वास्तव में मानता हूं कि हीर इंडियन म्यूजिक सीन में एक प्रमुख गेम चेंजर साबित हो सकता है।

# अमिताभ बच्चन और अनुष्का शर्मा की बाइक राइड पर मुंबई पुलिस करेगी कार्रवाई




सुपरस्टार अमिताभ बच्चन और एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के बाइक से शूट पर पहुंचने के वीडियो और फोटो इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हालांकि, बाइक की यह सवारी अब उनके लिए सिरदर्द बनने वाली है। कुछ नेटिजेंस ने इन अभिनेताओं के खिलाफ यातायात नियमों के उल्लंघन की शिकायत भी दर्ज की है। अब बिना हेलमेट के बाइक से यात्रा करने पर अमिताभ बच्चन और अनुष्का के खिलाफ मुंबई पुलिस कार्रवाई करेगी। सोमवार को अमिताभ ने शूट पर पहुंचने के लिए एक फैन से लिफ्ट ली थी। ऐसे में अनुष्का शर्मा अपने बॉडीगार्ड के साथ सड़क पर बाइक की सवारी करती नजर आईं।

वायरल हो रही तस्वीरों और वीडियो में दोनों ने हेलमेट नहीं पहना हुआ है। इसके चलते दोनों कलाकारों की आलोचना हो रही है। बिग बी की पोस्ट पर एक फैन ने मुंबई पुलिस को टैग करते हुए अपना रिएक्शन दिया है।

इस यूजर ने मुंबई पुलिस को टैग करते हुए लिखा, बाइक चलाने वाले और पीछे वाले दोपहिया वाहन दोनों के हेलमेट गायब हैं। @मुंबई पुलिस कृपया ध्यान दें अब इस मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है और लिखा है, हमने इसे ट्रैफिक पुलिस के साथ शेयर किया है। इसके साथ ही अनुष्का शर्मा का एक वीडियो भी मुंबई पुलिस को टैग किया गया है और लिखा गया है @मुंबई पुलिस ने हेलमेट। इन दोनों मामलों में मुंबई पुलिस ने ट्विटर पर जवाब दिया है। अब इन दोनों मामलों की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। ट्रैफिक पुलिस जल्द ही कार्रवाई कर सकती है।

# गौरी खान की कॉफी टेबल बुक 'माई लाइफ इन डिजाइन' लॉन्च



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान बॉलीवुड के पॉपुलर कपल्स में से एक माने जाते हैं। हाल ही में गौरी खान की कॉफी टेबल बुक माई लाइफ इन डिजाइन लॉन्च की गई। इस किताब में खान परिवार की जिंदगी में घटी कई बातों को लिखा गया है। इस किताब की कुछ तस्वीरें भी सामने आई थीं। तब से इस किताब में लोगों में काफी दिलचस्पी थी। इस मौके पर अभिनेता शाहरुख खान मौजूद थे। इस दौरान कुछ मीडिया ने गौरी से आर्यन खान के बारे में पूछा। उन्होंने बड़ा ही मजेदार जवाब देते हुए कहा कि आर्यन बिजी हैं। उस समय उन्होंने कहा, मेरी किताब के बारे में सबसे अच्छी बात परिवार की फोटो है। इस बुक को लॉन्च करने के लिए शाहरुख की तारीख लेना मेरे लिए बहुत आसान था, लेकिन आर्यन की डेट्स मिलना मेरे लिए बहुत मुश्किल थी। वह इस समय काम में बहुत व्यस्त हैं। इस बीच गौरी खान ने इससे पहले ड्रीम हाउस विद गौरी खान शो को होस्ट किया था। इसमें उन्होंने कई कलाकारों के घरों को रिडिजाइन किया था। उन्होंने प्रशंसकों को नेटफ्लिक्स के फैबुलस लाइफ ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में अपने डिजाइनर स्टोर की झलक भी दिखाई।

# रूही को आ रही अपनों की याद



टीवी अभिनेत्री रूही चतुवेर्दी खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन की तैयारी कर रही हैं, रुही को लंबे समय तक घर से दूर रहने और घर की कमी महसूस होने लगी हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि एक घरेलू व्यवहार होने के नाते, शो के लिए अकेले रहने का विचार चुनौतीपूर्ण है। रूही ने केप टाउन से बात करते हुए कहा, मैं अपने पति और घर को बहुत मिस कर रही हूं। जब आप अपनों से दूर होते हैं तो कोई भी चुनौती कठिन लगती है। लेकिन मैं पॉजिटिव रहने की कोशिश कर रही हूं और काम पर फोकस कर रही हूं। रुही ने कहाः शो के लिए जाने से पहले, मैंने अपने परिवार और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताया, जो सभी खतरों के खिलाड़ी के बहुत बड़े फैन हैं। उनका सपोर्ट और एडवाइज दोनों ही बेहद जरूरी है।

और निश्चित रूप से, इस पूरी यात्रा में मेरे पति मेरी हिम्मत बने रहेंगे, उन्होंने मुझे अपने डर का सामना करने और अपना बेस्ट देने के लिए लगातार प्रेरित किया है।

## सूडोकु नवताल- 6434

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6433 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7181

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गां | धी | न | ग | र | मा | ज | वा | ज | पे | यी |
| द | ह | ल | प्रे | व | जी | य | द | ह | कां | रा |
| वि | स | मा | म | को | ह | पु | म | ल | ख | म |
| मि | बैं | ग | लो | र | वा | र | ध | श्री | श | दु |
| श | आ | र | ग | बा | ज | ना | तू | न | झ | प |
| है | ल | ला | र | दि | द | मुं | ती | ग | घ | ट |
| द | व | भो | पा | ल | प | ब | ज | र | व | ना |
| रा | एं | वा | ई | द | ब | ई | डू | ए | श | न्हा |
| बा | ड | ल | को | ल | का | ता | आ | ग | शी | आ |
| द | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द |
| वि | ज | भु | व | ने | श्व | र | त | ब | प | म |

*शब्दजाल में देश के दस राज्यों की राजधानियां ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

जयपुर,गांधीनगर,बैंगलोर,हैदराबाद, भोपाल, श्रीनगर, पटना, कोलकाता, मुंबई,भुवनेश्वर

### शब्दजाल - 7180 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | क | ल | पा | कि | स्ता | न | धी | द | ल | ज |
| र | र | ल | दे | श्री | लं | का | इं | क्षि | ट | वा |
| त | स | त | ल | र्म | छ | रा | रा | ण | ख | द |
| आ | स्ट्रे | लि | या | पु | र | न्यू | प | अ | ली | ब |
| म | गा | दो | ग | ल्ता | लं | जी | तू | फ्री | झ | र्नि |
| बां | ग | ला | दे | श | न | लैं | ना | का | घ | हा |
| ल | अ | स | त | या | प | ड | श | ज | ला | लैं |
| पे | ता | दा | ई | ह | ब | सा | फ | रा | श | ड |
| स | बा | चे | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | रु |
| त्ता | पा | ला | ल | के | न्या | दु | र | शा | स्त्री | ता |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | इं | ग्लैं | ड | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6134

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 7 | 5 | | | 2 |
| 5 | 38 | | 32 | 1 | 27 | |
| | 4 | | 2 | 3 | 6 | |
| 3 | 32 | | 32 | | 33 | |
| 6 | | 4 | 7 | | 5 | |
| | 24 | | 36 | 4 | 30 | 5 |
| 1 | | | 7 | | 2 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6133 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 34 | 6 | 33 | 1 | 33 | 7 |
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |
| 1 | 22 | 2 | 35 | 4 | 34 | 5 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 30 | 4 | 37 | 5 | 33 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# बेसबॉल अंपायर ने धूल के बवंडर से बच्ची को बचाया : फ्लोरिडा के बेसबॉल ग्राउंड की घटना ; अंपायर की लोग कर रहे हैं तारीफ

**फ्लोरिडा।**

फ्लोरिडा में धूल के बवंडर में फंसी 7 साल की बच्ची को 17 साल के युवा ने बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। लोग युवा की तारीफ कर रहे हैं। यह घटना फ्लोरिडा के एक बेसबॉल ग्राउंड में रविवार को हुई। फ्लोरिडा के जैक्सनविले के फोर्ट कैरोलीन एथलेटिक्स एसोसिएशन बेसबॉल ग्राउंड पर कुछ लोग बेसबॉल खेल रहे थे। उसी दौरान धूल का बवंडर में 7 साल की लड़की फंस गई। लड़की पहचान जोया के रूप में हुई। जोया को फंसा देखकर 17 साल के अंपायर ऐडन विल्स ने तेजी से बच्ची को उसमें से खिंच लिया। जिसकी वजह से बच्ची की जान बच पाई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में सुना जा सकता है कि कुछ लोग यह कह रहे हैं कि तुमने उसकी जान बचा ली।

### बच्ची डर गई थी, सांस लेने में हो रही थी दिक्कत

जोया ने बाद में कहा कि मैं डर गई थी। मैं सोच रही थी कि कोई मुझे बाहर निकाल ले। जोया ने कहा कि वह कुछ सेंकेंड के लिए ही धूल के बवंडर में फंसी थी, पर उसे लगा कि वह 10 मिनट तक वह धूल के बवंडर में फंसी हुई थी।

बच्ची ने आगे कहा कि मुझे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। मैंने अपनी सांस रोक ली। मुझे ऐसा महसूस हो रहा था कि मैं जमीन को छू नहीं सकती। मैं थोड़ा ऊपर उठ गई थी।

### क्या होता है धूल का बवंडर

धूल का बवंडर गर्मी के दिनों में हल्की हवांओं के साथ धूप में बनती है। जमीन गर्म होने के कारण नमी के अभाव में धूल के कणों की आपस में पकड़ नहीं रह पाती है। ऐसे में ये हवा के साथ बहुत आसानी से ऊपर उठना शुरू कर देते है। हवा की गति चालीस किलोमीटर से अधिक होने पर ये धूल कण एक बवंडर का रूप धारण कर लेते है। बवंडर के साथ धूल कण दस से पचास फीट की ऊंचाई तक उठते हैं। कई बार ये इससे भी अधिक ऊंचाई तक पहुंच जाते है।

## न्यूज ब्रीफ

### नजम सेठी पर भड़के रमीज राजा: कहा- इंग्लैंड में एशिया कप खेलना अच्छा होगा, सुनकर चौंक गया; सेठी का मानसिक संतुलन ठीक हैं या नहीं



**नई दिल्ली ।** एशिया कप का आयोजन इंग्लैंड में कराने को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ नजम सेठी पर रमीज राजा ने निशाना साधते हुए कहा, मैं पीसीबी अध्यक्ष को यह कहते हुए सुनकर चौंक गया था कि इंग्लैंड में एशिया कप खेलना बहुत अच्छा होगा। पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष रमीज ने अपने यूट्यूब चैनल पर आगे कहा, हमें यह पता लगाना चाहिए कि नजम सेठी का मानसिक संतुलन ठीक हैं या नहीं। बता दें, हाल ही में सेठी ने बताया था कि एशिया कप इंग्लैंड में भी खेला जा सकता है। उन्होंने कहा था, एशिया कप की मेजबानी हमारे पास है और हम ये तय करेंगे कि न्यूट्रल वेन्यू पर मैचों का आयोजन कहां पर होना चाहिए। हो सकता है कि हम ये भी कहें कि हम इंग्लैंड में खेलना चाहते हैं। आईसीसी के कैलेंडर में 2023 में होने वाले एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को दी गई है। बीसीसीआई ने कैलेंडर जारी होते ही यह साफ कर दिया था कि भारतीय टीम खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। बीसीसीआई ने एशिया कप किसी न्यूट्रल वेन्यू पर कराने को कहा था, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड नहीं माना, क्योंकि अपनी बिगड़ी हुई आर्थिक स्थिति संवारने के लिए उसे एशिया कप से ही उम्मीद है। हालांकि, पाकिस्तान ने टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर कराने का प्रस्ताव भी दिया था। इसके मुताबिक, भारत के मैच बाहर करा दिए जाएंगे। टूर्नामेंट के बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे। भारत अगर फाइनल में पहुंचता है तो फाइनल भी पाकिस्तान के बाहर होगा।

### बंगाल सरकार ने सौरव गांगुली की सुरक्षा बढ़ाई: अब-श्रेणी के घेरे में रहेंगे दादा, पहले वाय श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त थी



**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की सुरक्षा को अपग्रेड किया गया है। अब उनको श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी। यानी अब उनके साथ हर समय एक एस्कॉर्ट कार चलेगी। गांगुली को पहले से ही श्रेणी की सुरक्षा बंगाल सरकार की ओर से प्राप्त है। हालांकि, सुरक्षा को बढ़ाने को लेकर सौरव गांगुली की ओर से बंगाल सरकार को कोई अनुरोध नहीं किया गया है। यह कदम बंगाल गवर्नमेंट ने खुद अपने स्तर पर उठाया है। सरकार की ओर से उनकी सुरक्षा को बढ़ाए जाने को लेकर कोई स्पष्ट वजह अब तक नहीं बताई गई है। ऐसे में बंगाल सरकार की ओर से उनकी सुरक्षा बढ़ाए जाने को लेकर राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। दरअसल बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले सौरव गांगुली के बीजेपी में जाने की चर्चा थी।

### आईपीएल में ऑलराउंडरों को होगा इंपैक्ट प्लेयर नियम से नुकसान : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा है कि आईपीएल में इसी सत्र से लागू



इंपैक्ट प्लेयर नियम से ऑलराउंडरों को नुकसान उठाना पड़ेगा। आईपीएल में अब तक ऑलराउंडरों की जबरदस्त मांग थी जो कम हो जाएगी। इस साल इंपैक्ट प्लेयर के आने से ही ऑलराउंडरों को पहले की तरह सफलता नहीं मिली है। आईपीएल के इस सत्र में ऑलराउंडरों को भारी भरपर जमकर रकम मिली। इंग्लैंड के हरफनमौला सैम कुर्रन को पंजाब किंग्स की टीम ने 18.50 करोड़ रुपए में जबकि कैमरुन ग्रीन को मुंबई इंडियंस ने 17.50 करोड़ तो बेन स्टोक्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने 16.25 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया पर ये तीनों ही प्रभावित नहीं कर पाये। इसका कारण इंपैक्ट प्लेयर नियम रहा है। इस नियम के आने से पहले ऑलराउंडरों का दबदबा था पर अब टीमें इंपैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल कर एक विशेषज्ञ बल्लेबाज और गेंदबाज को शामिल करती हैं। आकाश के अनुसार बेहतर ऑलराउंडर्स पर अभी भी पैसा खर्चा जाएगा। साथ ही कहा कि अगर आईपीएल में विदेशी खिलाड़ी को भी इंपैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल करने का नियम आ जाए तो ऑलराउंडर्स पर संकट आ सकता है।

क्रुणाल के रिटायर्ड हर्ट होने पर अश्विन ने उठाए सवाल

# ट्विटर पर लिखा, रिटायर्ड आउट यूजर बोले– चीटिंग

**नई दिल्ली ।**

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान क्रुणाल पांड्या 49* रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए। क्रुणाल के इस फैसले पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन ने ट्वीट कर सवाल किया, रिटायर्ड आउट शुरुआती 3 विकेट जल्दी खोने के बाद पांड्या ने मार्कस स्टोइनिस के साथ एलएसजी की पारी को संभाला। पांड्या और स्टोइनिस के बीच 82 रनों की साझेदारी हुई। क्रुणाल अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर सके। 16वें ओवर में क्रुणाल मैदान से बाहर चले गए, बल्लेबाजी के दौरान उनके पैर में चोट लग गई थी। बाहर जाते समय क्रुणाल लंगड़ाते हुए दिखे थे। क्रुणाल के इस फैसले पर अश्विन ने ट्वीट कर सवाल किया, रिटायर्ड आउट आश्विन के इस ट्वीट पर एक यूजर ने लिखा, ये चीटिंग है, अश्विन ने यूजर को जवाब देते हुए लिखा, नियम आपको ऐसा करने की इजाजत देता है, इसमें कोई बेईमानी नहीं है। हालांकि, दूसरी पारी में क्रुणाल वापस आए और उन्होंने पूरे 4 ओवर फेंके।

**रिटायर्ड हर्ट होने पर क्रुणाल का बयान** – मुझे ऐंठन हो रही थी, मैंने मांसपेशियों में खिंचाव महसूस किया। मोहसिन ने एक साल से कोई मैच नहीं खेला लेकिन अच्छा लगा कि वह सर्जरी के बाद भी इतना अच्छा कर सकता है। पिछले तीन मैच हमारे लिए यहां पर अच्छे नहीं गए, लेकिन यह मैच जीतकर अच्छा लग रहा है।

**लीग में रिटायर्ड आउट होने वाले पहले खिलाड़ी आश्विन** – आईपीएल के पिछले सीजन के 20वें लीग मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे रविचंद्रन अश्विन लखनऊ के खिलाफ रिटायर्ड आउट हो गए थे। अश्विन आईपीएल के इतिहास में रिटायर्ड आउट होने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। अश्विन बल्लेबाजी के दौरान अचानक क्रीज छोड़कर पवेलियन लौट गए। उन्हें इस मुकाबले में राजस्थान ने पारी के



10वें ओवर में छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतारा था। हालांकि, इससे पहले राजस्थान की ओर से इस नंबर पर रियान पराग उतरते रहे हैं।

**रिटायर्ड आउट और रिटायर्ड हर्ट** – जब कोई बल्लेबाज अंपायर या विपक्षी टीम के कप्तान के सहमति के बिना अपनी पारी बीच में ही छोड़कर पवेलियन चला जाता है, उसे रिटायर्ड आउट माना जाता है। नियमों के मुताबिक इसे विकेट माना जाता है। जब एक बार कोई बल्लेबाज रिटायर्ड आउट हो जाता है तो वह दोबारा बल्लेबाजी के लिए नहीं आ सकता। दूसरी ओर, रिटायर्ड हर्ट बल्लेबाज टीम की जरूरत के मुताबिक दोबारा बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतर सकता है।

**लखनऊ ने मुंबई को हराया** – लखनऊ और मुंबई के इस मैच मे मुंबई ने टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का फैसला किया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए इस लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई 20 ओवर मे 172 रन ही बना सकी लखनऊ की ओर से मार्कस स्टोइनिस ने अर्धशतकीय पारी खेली और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### शॉटपुट में तेजिंदरपाल सिंह तूर और भालाफेंक में रानी ने जीते खिताब

**रांची ।** एशियाई खेलों के मौजूदा चैम्पियन शॉटपुट खिलाड़ी तेजिंदरपाल सिंह तूर और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी अन्नु रानी ने फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के दूसरे दिन अपने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। तीस वर्ष की अन्नु हालांकि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी और 59.24 मीटर का निशाना लगाया लेकिन वह आगामी एशियाई चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने के लिए काफी था । उत्तर प्रदेश की अन्नु का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 63. 82 मीटर है जो राष्टीय रिकॉर्ड भी है। जुलाई 12 से 16 तक होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप में क्वालीफाइंग स्तर 54.73 मीटर है जबकि हांगझोउ खेलों के लिए यह 56.46 मीटर है। एशियाई रिकॉर्डधारी तूर ने 20.42 मीटर के साथ स्वर्ण जीता। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 21.49 मीटर है। पंजाब के तूर ने 19 मीटर का एशियाई खेल क्वालीफाइंग मार्क पार किया। दिल्ली के साहिब सिंह और पंजाब के करणवीर सिंह ने भी 19 मीटर की बाधा पार की। ओडिशा की स्रबानी नंदा ने महिलाओं की 100 मीटर दौड़ 11.57 सेकंड में जीती हालांकि एशियाई चैम्पियनशिप का क्वालीफाइंग आंकड़ा 11.44 सेकंड पार नहीं कर सकी। पुरूष वर्ग में ओडिशा के अमिय कुमार मलिक विजयी रहे जिन्होंने 10.31 सेकंड का समय निकाला। एशियाई चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाइंग आंकड़ा 10.19 सेकंड है। महिलाओं की 400 मीटर में महाराष्ट्र की ऐश्वर्य मिश्रा 52.57 सेकंड का समय निकालकर विजयी रही लेकिन बाद में लेन तोड़ने के कारण उन्हें अयोग्य करार दिया गया।

## इंटर मिलान 13 साल बाद चैंपियंस लीग के फाइनल में, एसी मिलान को एक ही स्टेडियम में दो बार हराया



**मिलान ।**

इटली के फुटबॉल क्लब इंटर मिलान ने यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। उसने अपने ही देश के क्लब और चिर-प्रतिद्वंद्वी एसी मिलान को हराया। दोनों टीमों का होमग्रांड मिलान स्थित सैन सिरो स्टेडियम है। इसी मैदान पर दोनों क्लब अपने-अपने घरेलू मैच खेलते हैं। इंटर ने एसी मिलान को सेमीफाइनल के दूसरे लेग में 1-0 से हराया। इससे पहले उसने पहला लेग 2-0 से अपने नाम किया था। इस तरह इंटर ने सेमीफाइनल को कुल 3-0 से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इंटर मिलान के दूसरे लेग में इकलौता गोल कप्तान लोटारो मार्टिनेज ने किया। मार्टिनेज ने इसी सीजन में अर्जेंटीना की टीम के साथ विश्व कप जीता है। वह एक सीजन में विश्व कप और चैंपियंस लीग जीतने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। फाइनल में इंटर मिलान का मुकाबला 10 जून को इंस्तानबुल में रियल मैड्रिड या मैनचेस्टर सिटी से हो सकता है। सिटी और मैड्रिड के बीच सेमीफाइनल का दूसरा लोग खेला जाएगा। दोनों टीमें पहले लेग में 1-1 की बराबरी पर थीं।

**इंटर छठी बार फाइनल में** – इंटर मिलान की टीम अब तक तीन बार चैंपियंस लीग जीती है। उसने 1964, 1965 और 2010 में खिताब अपने नाम किया था। वहीं, 1967 और 1972 टीम उपविजेता रही थी।

**चैंपियंस लीग फाइनल में इटली की टीमों का प्रदर्शन** - इटली की तीन टीमों ने अब तक चैंपियंस लीग का खिताब जीता है। इंटर से सेमीफाइनल हारने वाली एसी मिलान की टीम सात बार चैंपियन बनी है। वह पिछली बार 2007 खिताब जीती थी। उसके बाद फाइनल में भी नहीं पहुंच पाई। वह कुल 11 बार खिताबी मुकाबले में उतरी है। एसी मिलान 1963, 1969, 1989, 1990, 1994, 2003 और 2007 में जीती। वहीं, 1958, 1993, 1995 और 2005 में उसे हार मिली। युवेंटस की टीम अब तक नौ बार फाइनल में पहुंच चुकी है। 1985 और 1996 में उसने खिताब पर कब्जा किया। 1973, 1983, 1997, 1998, 2003, 2015 और 2017 उसे फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

## बीसीसीआई पाकिस्तान के खिलाफ बाइलैट्रल सीरीज के लिए तैयार नहीं: कहा- भविष्य में या आने वाले दिनों में इस तरह की सीरीज की कोई योजना नहीं

**नई दिल्ली ।**

**भारत और पाकिस्तान के बीच बाइलैट्रल सीरीज कराने की भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की कोई योजना नहीं है। बीसीसीआई के एक सोर्स ने बताया कि भविष्य में या आने वाले दिनों में इस तरह की सीरीज के होने की कोई योजना नहीं है। हम पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह की बाइलैट्रल सीरीज के लिए तैयार नहीं हैं।**

इससे पहले पाकिस्तान मीडिया ने खबर दी कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अध्यक्ष नजम सेठी ने न्यूट्रल वेन्यू पर पाकिस्तान और भारत के बीच टेस्ट सीरीज करना चाहते है। सेठी ने इंग्लैंड या फिर ऑस्ट्रेलिया में इस टेस्ट सीरीज को कराने की जगह के तौर पर बताया। सेठी के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में अगर दोनों टीमें खेलती हैं तो वहां पर स्टेडियम के पूरी तरह से भरे रहने की उम्मीद है।

### आखिरी टेस्ट सीरीज भारत 1-0 से जीता था

भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी टेस्ट



सीरीज साल 2007 में खेली गई थी। और तब तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली गई थी। इस टेस्ट सीरीज में भारत को 1-0 से जीत मिली थी। दोनों टीमों के बीच अब तक 15 टेस्ट सीरीज खेली जा चुकी है। इन टेस्ट सीरीज में भारत को 4 बार जीत मिली है जबकि पाकिस्तान ने भी 4 टेस्ट सीरीज में जीत दर्ज की है। वहीं 7 सीरीज ड्रा रही है।

10 साल में भारत-पाक के बीच 15 मैच दोनों देशों के बीच आखिरी बाइलैट्रल सीरीज जनवरी 2013 में भारत में हुई थी। पाकिस्तान ने इस दौरे पर 3 वनडे और 2 टी-20 खेले थे। इसके बाद दोनों देश मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में ही भिड़े। दोनों के बीच सभी फॉर्मेट के कुल 15 मुकाबले ही हो सके। इनमें 8 वनडे और 7 टी-20 खेले गए। इनमें भारत ने 11 और पाकिस्तान ने 4 जीते।

## हिमाचल में सितंबर और अक्टूबर में होगा ग्रामीण ओलंपियाड का आयोजन, करीब 40 हजार युवा लेंगे भाग- खेल मंत्री

**शिमला ।**

युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सितंबर और अक्टूबर में ग्रामीण ओलंपियाड आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के करीब 40 हजार युवा भाग लेंगे। ओलंपियाड के तहत ब्लॉक से लेकर जिला व उसके बाद प्रदेश स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसको लेकर जल्द ही पूरा खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने शिमला में खेल संघों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द ही एक खेल प्रोजेक्ट अपनों के नाम से नई योजना शुरू की जाएगी। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के प्रसिद्ध या कोई भी व्यक्ति किसी एक खेल मैदान को गोद ले सकता है। उस खेल मैदान का उसे पूरा विकास करना होगा तथा वहां पर मूल भूत सुविधाएं भी मुहैया करवानी होगी। विभाग उस मैदान का नाम उनके नाम पर रखेगा।

### स्पोर्ट्स मिनिस्टर रिलीफ फंड का होगा गठन

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को तत्काल



सहायता प्रदान करने के लिए स्पोर्टस मिनिस्टर रिलीफ फंड का भी गठन किया जाएगा, क्योंकि वर्तमान में विभाग के पास कोई अलग से फंड नहीं है, जिस कारण खिलाड़ियों की समय पर सहायता नहीं हो पाती है। इस मौके पर खेल विभाग के अधिकारी व खेल संघों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### कॉरपोरेट घरानों को खेलों की तरफ लाया जाएगा

उन्होंने कहा कि खेलों के लिए कॉरपोरेट फंडिंग का प्रयास किया जाएगा। इसके तहत एक कंपनी या औद्योगिक घराने को किसी एक खेल को एडॉप्ट करने को कहेंगे, ताकि प्रोफेशनल तरीके से खेल को बढ़ावा दिया जा सके। क्योंकि बिना पैसे, मूलभूत सुविधाओं व उपकरणों के बिना खेल का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि खेलों में प्रदेश का नाम रोशन करने वालों का सरकार पूरा सहयोग करेगी। सरकार उन खेलों को ए श्रेणी में शामिल करेगी, जिसमें सर्वाधिक मेडल आएंगे।

उन्होंने कहा कि किसी भी खेल संघ का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। पिछले दिनों में राजनीतिक लाभ के लिए खेल संघों का राजनीतिकरण किया गया है, जिसपर पूर्ण रोक लगाई जाएगी। इसके लिए खेल नीति लाई जाएगी। पुराने खेल बिल व खेल नीति को कानूनी पहलुओं पर चर्चा के उपरांत नई खेल नीति या खेल बिल तैयार किया जाएगा, ताकि खेल संघों में प्रोफेशनलिज्म लाया जा सके। खेल नीति तैयार करने के लिए केंद्र व अन्य राज्यों की खेल नीति के अलावा अन्य फैसलों का अध्ययन किया जा रहा है।

# स्कॉटलैंड ने वनडे विश्वकप के लिए टीम का किया एलान, दो खिलाड़ियों की लगी लॉटरी

**नई दिल्ली।**

**आईसीसी वनडे विश्व कप के क्वालीफाइंग मुकाबले के लिए टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। 10 टीमें 18 जून से 9 जुलाई तक जिम्बाब्वे की मेजबानी में मुकाबला खेलेंगी। इसी के मद्देनजर स्कॉटलैंड ने टीम घोषित कर दी है। स्कॉटलैंड ने फरवरी में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग 2 का खिताब जीतने वाली टीम के खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। रिची बेरिंगटन को टीम की कमान सौंपी गई है।**




स्कॉटलैंड ने टीम में दो बदलाव किए हैं। टीम में संन्यास ले चुके लियाम नाइलर और काइल कोएत्जर की जगह अलसादेयर इवांस और एड्रियन नील को शामिल किया गया है। इवांस को पिछले सप्ताह घोषित 2023-2024 के लिए 14 खिलाड़ियों के साथ राष्ट्रीय कट्रैक्ट में शामिल किया गया। इवांस ने अपना पहला एकदिवसीय मैच साल 2021 में खेला था।

### कोच ने बढ़ाया टीम का हौसला

स्कॉटलैंड के मुख्य कोच डौग वाटसन ने कहा, मुझे लगता है कि युवा और वरिष्ठ खिलाड़ियों की टीम में एक अच्छा मिश्रण है। रिची और जॉर्ज जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ जैक जार्विस और क्रिस मैकब्राइड जैसे युवाओं को मौका दिया गया है। जिन लोगों को हमने टीम में शामिल किया है वो जिम्बाब्वे जाने के लिए उत्साहित हैं। उन्हें पता है कि कितनी कठिन चुनौतियों को सामना करना है।

### 10 टीमें लेंगी क्वालीफायर मुकाबले में हिस्सा

बता दें कि इस साल के अंत में भारत में वनडे विश्व कप खेला जाएगा। सुपर लीग के जरिए 10 टीमें एक दूसरे से भिड़ेंगी। शीर्ष दो टीमें विश्वकप के लिए क्वालीफाइ करेंगी। इन 10 टीमों को तीन कटेगरी में रखा है। सुपर लीग में वेस्टइंडीज, श्रीलंका, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और नीदरलैंड को रखा गया है। वहीं, लीग-2 में स्कॉटलैंड, ओमान और नेपाल को शामिल किया गया है। प्ले-ऑफ फाइनलिस्ट संयुक्त राज्य अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात क्वालीफायर में भाग लेंगे।

### वनडे विश्व कप के लिए स्कॉटलैंड की टीम-

रिची बेरिंगटन (कप्तान), मैथ्यू क्रॉस, अलसादेयर इवांस, क्रिस ग्रीव्स, जैक जार्विस, माइकल लीस्क, टॉम मैकिन्टोश, क्रिस मैकब्राइड, ब्रैंडन मैकमुलेन, जॉर्ज मुन्से, एड्रियन नील, सफयान शरीफ, क्रिस सोल, हमजा ताहिर, मार्क वाट।

### एशेज की तैयारियों के लिए इंग्लैंड लौटेंगे स्टोक्स

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स अब एशेज की तैयारी के लिए आईपीएल छोड़कर स्वदेश लौट रहे हैं। वह सीएसके के अंतिम लीग मैच के बाद ही स्वदेश लौट जाएंगे जिससे उन्हें अगले महीने जून में शुरू हो रही एशेज श्रृंखला की तैयारियों के लिए पर्याप्त समय मिल सके। स्टोक्स को सीएसके ने दिसंबर 2022 की नीलामी में 16.25 करोड़ रुपए में खरीदा था पर वह आईपीएल के इस सत्र में विफल रहे हैं। वह सीएसके की ओर से केवल दो मैच ही खेल पाए थे जिसमें वह सात और आठ रन ही बना पाये। उन्होंने अपने एक ओवर में 18 रन दिए। स्टोक्स शनिवार की शाम को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले अंतिम लीग मैच के बाद स्वेदेश लौटेंगे। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला 16 जून से शुरू होगी। इससे पहले इंग्लैंड टीम आयरलैंड के खिलाफ एक टेस्ट भी खेलेगी।

**पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में अधिक होती है यूटीआई की समस्या, जानिए इससे बचने के उपाय... गर्मी के मौसम में पानी की कमी के कारण किडनी उचित मात्रा में यूरिन को शरीर से बाहर नहीं निकाल पाती है। ऐसे में यूटीआई का खतरा बढ़ने की आशंका रहती है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में इसके मामले अधिक हैं। जिसका कारण बैक्टीरियल इंफेक्शन है। ये बैक्टीरिया यूरेथ्रा के जरिए यूरीनरी ट्रैक में प्रवेश कर रोग का कारण बनते हैं। यूटीआई की समस्या एक्यूट और क्रांनिक दोनों तरह से हो सकती है। इसका खतरा उम्रवार सभी वर्गों को अलग-अलग कारणों से प्रभावित करता है।**



# महिलाओं में अधिक होती है युटीआई की समस्या

### कारण बच्चों में

बच्चों में यूरीनरी ट्रैक इंफेक्शन का कारण यूरिन के रास्ते में रुकावट, न्यूरोजेनिक ब्लैडर व अन्य जन्मजात विकृतियां हैं। उनमें यूरेथ्रा से यूरीनरी ट्रैक तक बैक्टीरिया का हमला इस रोग की वजह बनता है।

### पुरुषों में

पुरुषों में 50 साल की उम्र के बाद यूटीआई की समस्या अधिक होती है। जिसकी मुख्य वजह प्रोस्टेट का बढना है। ऐसे में यूरिन पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाता व लगातार स्टोर होने से इंफेक्शन का खतरा रहता है। डायबिटीज रोग में लापरवाही से पेक्रिंयाज शुगर के स्तर को असामान्य कर देता है जिससे यूटीआई की आशंका रहती है। ब्लैडर/किडनी संबंधी परेशानी या कमजोर इम्युनिटी से भी यूटीआई होता है।

### महिलाओं में

यौन संबंधों व अंग के आसपास इंफेक्शन होने और लंबे समय तक यूरिन रोकने की आदत क्रांनिक यूटीआई की समस्या को बढ़ाती है। यूरिन को रोके रखने की क्षमता वाली मांसपेशी कमजोर होने लगती हैं। इसे ओवर एक्टिव ब्लैडर कहते हैं। कई मामलों में सिजेरियन, सर्जरी व महिला का बार-बार गर्भधारण करना भी यूटीआई की आशंका बढ़ा देता है।

### लक्षण

एक्यूट यूटीआई में यूरिन करने के तुरंत बाद ही बार-बार यूरिन आने, रोकने की क्षमता कम होने, यूरिन करते समय दर्द व जलन और हल्का बुखार आता है। क्रांनिक यूटीआई में इलाज के बाद भी इंफेक्शन बार-बार होता है।
मूत्रतंत्र से जुड़े अन्य अंग प्रभावित होते हैं जिससे गहरे रंग का यूरिन आने, पेट व पीठ के निचले हिस्से में दर्द के साथ ही ब्लैडर के आसपास भी दर्द होता है।

### अन्य कारण

पानी की कमी : गर्मियों में पानी की पर्याप्त मात्रा न पीने से पेशाब कम बनता है और शरीर में मौजूद फ्लूड पसीने के जरिए निकल जाता है। संक्रमण : गंदे अंडरगारमेंट्स पहनने, साफ-सफाई के अभाव वाले टांयलेट या जगहों पर यूरिन करने से भी संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। इसके अलावा दूषित भोजन व पानी के संपर्क में आने के दौरान बाहरी कीटाणु यूरेथ्रा में पहुंचकर इंफेक्शन बढ़ाते हैं।



### तनाव

कई बार तनाव की स्थिति में यूरिन पूरी तरह से बाहर नहीं निकल पाता या व्यक्ति को बार-बार यूरिन आने की इच्छा होती है।

### ध्यान रखें

दिन में 4-5 लीटर पानी पीएं ताकि कीटाणु बाहर निकल जाएं। फलों का जूस पीते रहें। कब्ज न होने दें, पेट साफ रखें। यूरिन को लंबे समय तक न रोकें।

### जांच

यूरिन एग्जाम व यूरिन कल्चर टैस्ट कर इसका कारण का पता करते हैं।

### इलाज

एक्यूट की स्थिति में 2-3 दिन तक एंटीबायोटिक दवा और क्रांनिक यूटीआई की स्थिति में लो डोज में प्रोफाइलेक्सिस गर्भावस्था के दौरान या डायबिटिक को यह समस्या है तो 2-3 हफ्ते तक दवा देते हैं।

# गुणों से भरपूर है गन्ने का रस

**भारत** में सबसे ज्यादा गन्ना उगाया जाता है। गन्ने के रस से ज्यादा पोषक और स्वस्थ रखने वाला कोई और रस नहीं हो सकता। अगर आप दिर-भर की थकान को दूर करने के लिए एक गिलास गन्ने का रस पीएगें तो आपको स्वाद भरी ताजगी मिल जाएगी।

गन्ने का रस में सेहत के लिए बहुत गुणकारी है। यह रस विटामिन ए,सी ,बी, कैल्शियम, फास्फोरस, पोटेशियम, और कॉपर से भरपूर होता है। इसे पीने से हड्डियां मजबूत बनती हैं और दांतों की समस्या भी कम होती है। आज हम आपको बताएगें कि कैसे गन्ने का रस दूर करता है इन बिमारीयों से।

- **कैंसर से बचाव करता है:** गन्ने के रस में कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटेशियम, आयरन और मैंगनीज जैसे तत्व अच्छी मात्रा में हैं जो शरीर को कैंसर जैसी बिमारी से लड़ने के लिए सहायक होता हैं।
- **मुहांसों से छुटकारा:** गन्ने का रस पीने से त्वचा को अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड मिलता है जो मुहांसे दूर करने और सेहतमंद त्वचा के लिहाज से फायदेमंद है।
- **किडनी के लिए फायदेमंद:** गन्ने के रस में प्रोटीन अच्छी मात्रा में है। इसमें नींबू और नारियल पानी मिलाकर पीने से किडनी की युरीन इन्फेक्शन, एसटीडी और पत्थर जैसी समस्यामए दूर होती है।
- **पाचनतंत्र के लिए फायदेमंद:** गन्ने का रस पाचन तंत्र के साथ-साथ पेट की बीमारियों के लिए भी बहुत फायदेमंद है क्योकि इसमें पोटैशियम की मात्रा ज्यादा होती है। इसे पीने से कब्ज की समस्या भी दूर होती है।
- **नाखूनों में आती है चमक :** यह रस पीने से नाखूनों पर से सफेद धब्बे हटाते है और नाखून चमकदार होते हैं।

# वजन बढ़ाने वाला पाउडर खाने से पहले जान लें साइड इफैक्ट्स

इस तेज रफ्तार और टैक्नोलॉजी से भरपूर जमाने में लोग फटाफट से हर काम को करना चाहते हैं। बात सिक्स पैक, बढ़ते हुए वजन को कम करने की हो या फिर दूबले शरीर को मोटा करने की, लोग किसी काम में भी इंतजार नहीं करना चाहते। सिक्स पैक, बॉडी, वजन बढ़ाने की चाहत में वह प्रोटीन शेक या बांडी सप्लीमेंट्स लेने तक लेने शुरू कर देते हैं लेकिन शायद वह इनसे होने वाले साइड इफैक्ट्स के बारे में नहीं जानते। एक्सरसाइज, वर्कआउट और योग का हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता लेकिन गलत चीजों से बांडी बनाने से हम तरह तरह की बीमारियों को खुद ही न्योता देते हैं जो कि सही नहीं है।

**क्यों लेते हैं वजन बनाने वाले पाउडर ? :** हमारे शरीर को विटामिन, मिनरल्स, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और फाइबर अगर सही मात्रा में मिल जाएं तो हमारा शरीर तंदुरुस्त रह सकता है लेकिन बिगड़ती लाइफस्टाइल, वर्कआउट न करने और संपूर्ण आहार न लेने के कारण ही लोग वजन बढ़ाने वाले पाउडर लेने लगते हैं। आज हम आपको बताते हैं कि वजन बढ़ाने वाल पाऊडर लेने से हमारे शरीर में किस तरह की समस्याएं पैदा हो सकती हैं। वजन बढ़ाने वाले पाउडर लेने से किडनी (गुर्दे) को खतरा होता है। क्रिएटीन व कैल्शियम ज्यादा मात्रा में लेने से गुर्दे की पथरी की भी समस्या हो सकती है।



# डांस थेरेपी नाचें और स्वस्थ रहें



**नृत्य** का अब मनोरंजन के प्राचीन माध्यम से चिकित्सा के अत्याधुनिक औजार तौर पर इस्तेमाल किया जाने लगा है। डांस थेरेपी की शुरुआत बेशक कुछ दशकों पुरानी हो चुकी है, लेकिन इधर के वर्षों में दुनिया भर में इसका इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है और शारीरिक तथा मानसिक रोग निवारण में इसकी खुराक अचूक रही है।

### जिम के साथ डांस क्लास

देश में डांस थेरेपी की छोटे बड़े दर्जनों संस्थान संचालित हैं, जिसमें पंजीकरण कराने वालों में 23 से 45 वर्ष के युवावर्ग की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। व्यायाम में डांस थेरेपी का दखल एरोबिक एक्सरसाइज के साथ बढ़ा, जिसमें केवल वेस्टर्न ध्वनि पर शरीर की अतिरिक्त कैलोरी बर्न करने को ही डांस थेरेपी का हिस्सा माना जाता था, लेकिन संगठित जिम संचालन की तरह ही अब डांस थेरेपी का क्षेत्र भी व्यापक हो गया है।

### कुछ प्रचलित डांस विधियां

रूंबा मांसपेशियों का बेहतर सामंजस्य और मस्तिष्क की एकाग्रता के लिए रूंबा डांस कारगर माना गया है। साधारण व्यायाम से डांस थेरेपी की शुरुआत करने के बाद रूंबा की नियमित 20 से 30 मिनट की ट्रेनिंग फुर्तिला बनाती है, जिसे बैन बोन और कॉलर बोन के दर्द के लिए भी कारगर माना गया है।

### क्या हैं डांस के सीधे फायदे

कार्डियोवस्कुलर समस्याओं को दूर रखने के लिए डांस को बेहतर माना गया है, जिससे न सिर्फ कैलोरी बर्न होती है, बल्कि रक्तप्रवाह सही रहने से हार्ट अटैक की संभावना को दूर किया जा सकता है। बैले व सालसा डांस आत्मविश्वास बढ़ाता है, मस्तिष्क की एकाग्रता को बढ़ाने के लिए भी डांस थेरेपी को सबसे सटीक माना गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि नियमित डांस अभ्यास से नकारात्मक विचारों को दूर किया जा सकता है। डांस के साथ योग व आसान का प्रयोग स्वस्थ रहने का सबसे कारगर तरीका है। नियमित व्यायाम की अपेक्षा डांस को वजन कम करने का अधिक बेहतर उपाय माना गया है। डांस थेरेपी व्यायाम का अधिक रुचिकर विकल्प बनकर उभरा है, जिससे वजन को नियंत्रित रखा जा सकता है।

### स्वास्थ्य संस्थानों में भी बढ़ा दखल

जाने माने स्वास्थ्य संस्थानों के पुनर्निवास केन्द्र में डांस मूवमेंट थेरेपी डीएमटी का प्रयोग शुरू कर दिया गया है। इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर में वैकल्पिक चिकित्सा विधि के तहत मरीजों की डांस क्लास लगाई जाती है। फिजियोथेरेपिस्ट के सान्निध्य में मरीजों को शुरु में मामूली स्टेप सिखाए जाते हैं, जिसके बाद मांसपेशियों में खिंचाव व दोबारा मूवमेंट शुरू करने के लिए तीन से चार सप्ताह की क्लास लगाई जाती है। पार्किन्सन व सीएचडी बीमारियों के लिए डांस थेरेपी का चिकित्सीय प्रयोग शुरू किया जा चुका है।

**जीवा:** बोन डेन्सिटी को मजबूत करने के लिए जीवा की अहम भूमिका है। कार्डियोवस्कुलर समस्या को भी जीवा के जरिए ही दूर किया जाता है। देखा गया है कि श्वसन तंत्र संबंधी परेशानियां भी जीवा के नियमित अभ्यास से ठीक हो जाती हैं।

**सांबा:** कूल्हे की समस्याओं के निजात के लिए सांबा को किसी एक पार्टनर के साथ किया जाता है। पेलविस और पैरों की मांसपेशियों की दिक्कतों के लिए भी सांबा का प्रयोग बेहतर माना गया है।

**पास्को डोबल:** पास्को सिंगापुर का सबसे प्रसिद्ध डांस स्टेप है, जिसे रशियन संगीत के साथ किया जाता है। पास्को के लिए वजन का नियंत्रित होना जरूरी है। कैलोरी बर्न करने और शरीर की टोनिंग के लिए पास्को से बेहतर और कोई डांस स्टेप नहीं हो सकता।

**सालसा:** तनाव मुक्ति के लिए सालसा को सबसे सटीक माना गया है। डांस विशेषज्ञ की मानें तो 70 फीसदी युवा सालसा को तनाव दूर करने व आत्मविश्वास करने के लिए करते हैं, जिसके सफल परिणाम भी देखे गए हैं।

**नोट** इसके अलावा, वाल्ट्ज, फॉक्स ट्रॉट, क्विक, टैंगो, वाइनेक्स और बैल्बो जैसे पशिचमी नृत्य स्वस्थ रहने की कुंजी माने जाने लगे हैं।

# हाई हील से सेहत का कचूमर

## दिक्कत है, दर्द है, मगर फैशन है



**कॉरपोरेट** दुनिया हो या स्कूल कॉलेज की, पार्टी या फिर रैंप पर चलने की बात हो, पहनावे में हाई हील के जूते या सैंडल पहनना आम बात है। इन्हें पहन कर लगता है कि उनका आत्मविश्वास बढ़ गया है। चाल तो बदलेगी ही, लेकिन उन्हें पहन कर लटक-मटक के साथ चलने के लिए उन्हें क्या-क्या दांव पर लगाना पड़ता है, इसका अंदाजा पहले नहीं हो पाता। बाद में जब पैरों से लेकर रीढ़ की हड्डी तक में दर्द की शिकायत होने लगती है तो पता चलता है कि यह फैशन बड़ा ही दुखदायी है। चाल व शरीर का संतुलन बिगड़ जाता है।

आजकल की किशोरियों में यह खतरा अधिक माना जाता है क्योंकि वे छोटी आयु से ही ऊंची एड़ी के जूते पहनने लगती हैं। बड़े होने पर उन्हें कूल्हों का दर्द से लेकर कमर दर्द का जोखिम अधिक रहता है क्योंकि किशोरावास्था में उनकी मेरुदंड पर अधिक प्रभाव पड़ता है।

इससे मोच की समस्या आम तौर पर हो जाती है क्योंकि एड़ी उठा कर चलना कोई आसान काम नहीं है। परिणामस्वरूप स्प्रेन ऑफ द फुट यानी पैर में मोच। यह एक आम समस्या है जो अक्सर हाई हील के कारण ही होती है। यह समस्या 20 से लेकर 35 वर्ष तक की युवतियों को ज्यादा होती है क्योंकि आजकल ज्यादातर युवतियां फैशन परस्त हैं और अपने आप को मॉडर्न दिखाने के लिए हाई हील पहनना उनका शौक बनता जा रहा है।

शुरुआत में तो इसका प्रभाव सिर्फ पैरों में सूजन के रूप में देखने को ही मिलता है, लेकिन साल दो साल बाद लगातार हील पहनने की वजह से पांव में लगातार दर्द, नसों में खिंचाव, पीठ दर्द और घुटनों में दर्द के रूप में दिक्कतें सामने आती हैं। शुरुआत में बार-बार पांव में मोच आती है और गंभीर रूप से दर्द होता रहता है। इलाज के रूप में जो भी पहनते हैं, उसमें मैट्रोसॉल बार लगानी पड़ती है।

### कदम-कदम पर परेशानी

हाल के अनुसंधान से पता चलता है कि लंबे समय तक 'किलर हील्स' पहनने वाली एक-तिहाई महिलाओं की पैरों की अंगुलियों के फूलने (हैमरटोज) से लेकर टांग की नसों में गोखरू (बनियोन) जैसी दर्दनाक स्थायी बीमारियां होने लगती हैं। ऊंची एड़ी के जूतों से पूरे पैर में परेशानी शुरू हो जाती है। जब पैर का बड़ा अंगूठा ठीक से घूम नहीं सकता तो उसकी भरपाई करने के लिए घुटने को घुमाना पड़ता है। परिणामस्वरूप घुटने पर दबाव आने से स्थाई नुकसान हो सकता है। कुछ महिलाएं इस परेशानी से बचने के लिए अपनी चाल को बदल लेती हैं, लेकिन इससे कमर के निचले हिस्से में दर्द होने लगता है।



### पांव की शेप का सत्यानाश

हील किसी भी रूप में पहनी जाए तो वह पैर के अगले हिस्से को चौड़ा कर देती है। हाई हील पहनना किसी भी स्त्री के लिए कितना खतरनाक हो सकता है, यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि वो कितना चलती है और कितने समय तक खड़ी रहती है।

### अस्पताल ले जाती हैं हाई हील

हाई हील पहनने की वजह से पैरों में सूजन भी रहने लगती है और सबसे ज्यादा असर तो रीढ़ की हड्डी पर पड़ता है। हील पहनने से उस पर प्रेशर पड़ता है जिस कारण हड्डी के एक हिस्से में लगातार दर्द रहने लगता है। एक सर्वे के अनुसार देश की बीस लाख औरतें किसी न किसी रूप में हाई हील के कारण दुर्घटनावश अस्पताल पहुंचती हैं। चिकित्सकों के मुताबिक लंबे समय तक ऊंची एड़ी के जूते या सैंडिल पहनना खतरे से खाली नहीं है। लंबे समय तक ऊंची एड़ी के जूते पहनने से होने वाले नुकसान को लेकर विशेषज्ञों की चिंता बढ़ रही है।

दस में से एक महिला सप्ताह में कम-से-कम तीन दिन ऊंची एड़ी के जूते पहनती हैं और हाल के सर्वे से पता चला है कि उनमें से एक-तिहाई महिलाएं ऊंची एड़ी के जूतों की वजह से गिर जाती हैं। ऊंची एड़ी के जूते पहनने से आपकी एड़ी ऊंची हो जाती है और ऐसे जूते पहनते ही आपके शरीर का झुकाव आगे की ओर हो जाता है।





### कौन करेगा पैरोकारी

ऊंची एड़ी के जूतों की पैरवी में कुछ नहीं कहा जा सकता। औसत महिलाएं ऊंची एड़ी के जूते नहीं पहनतीं, यह उनके लिए बेशक अच्छी बात है। जब आपकी कमर का निचला हिस्सा आगे की ओर झुकता है तो इसका संतुलन बनाए रखने के लिए आपको मेरुदंड की स्थिति में बदलाव करना पड़ता है। इससे पीठ की नसों पर दबाव पड़ता है और इसकी वजह से स्थिति और बदतर हो जाती है। इसकी वजह से साइटिका नामक बीमारी हो सकती है जिसमें नसें खिंच जाती हैं और पैर के नीचे की ओर दर्द रहता है और वह सुन्न हो जाता है।

### कभी-कभी पहनें हील

जो महिलाएं अधिकतर ऊंची एड़ी के जूते पहनती हैं, उन्हें नस खिंचने की बीमारी हो जाती है क्योंकि जैसे ही एड़ी ऊपर की ओर उठती है, वैसे ही नस खिंचने लगती है। इसे पुनः खींचकर फैलाना बहुत पीड़ाजनक हो सकता है। तीन या अधिक महिलाओं का एचिली टेंडन खिंच सकता है। यह स्थिति तब की है जब वे प्रतिदिन ऊंची एड़ी नहीं पहनतीं या सप्ताह में एक या दो बार पहनती हैं। कई महिलाओं को हैमरटोज भी हो जाता है क्योंकि टाइट फिटिंग वाले जूते पैर की अंगुलियों को मोड़ देते हैं, अंदर की मांसपेशियां छोटी होने से अंगुलियां हमेशा के लिए मुड़ जाती हैं। अन्य आम शिकायतों में गोखरू, गलत फिटिंग वाले जूतों से अंगूठे के नीचे की हड्डी का बढ़ना, तथाकथित पम्प-बम्प शामिल है जिसमें बम्प स्टाइल के जूतों के फीतों तथा कठोर बैक से एड़ी की हड्डी बढ़ती है।

### समस्या होने पर क्या करें

- हाई हील के बजाए फुटवियर के रूप में प्लेन चप्पल पहनें, जिसमें एक समान बोझ पैर पर पड़े।
- अगर दर्द बढ़ने लगे तो डॉक्टर की सलाह लें।
- पैरों, घुटनों, रीढ़ की हड्डी में दर्द होने पर सिकाई करें। चाहें तो गर्म पानी में नमक डालकर सेंक सकते हैं।
- डॉक्टर का सलाह से एक्सरसाइज भी की जा सकती है।
- ज्यादा दर्द रहने पर सलाह से ही दर्द निवारक दवाएं लें।

ऊंची एड़ी के जूतों से होने वाले जोखिम को कम करने के लिए थोड़ी-सी मोटी एड़ी वाले जूते पहनें क्योंकि इससे भार अधिक समानता से फैलेगा। अंदर नरम इंसोल्स पहनने से घुटनों पर पड़ने वाले प्रभाव में कमी आती है। ध्यान रखें आपके जूते की फिटिंग सही हो ताकि वह आगे की ओर न फिसलें। ऐसा होने से उंगलियों पर अधिक दबाव पड़ता है।

नियमित रूप से ऊंची एड़ी के जूते पहनना स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छा नहीं होता। औपचारिक अवसरों पर थोड़ी देर के लिए उनका उपयोग करना ठीक हो सकता है। यदि आप कुछ घंटे के लिए ऊंची एड़ी के जूते पहनें तो कोई नुकसान नहीं होगा।

### कुछ चर्चित केस

- विक्टोरिया बैकहम को भला कौन नहीं जानता। ऊंची एड़ी के जूते पहनना उनका ट्रेडमार्क है, लेकिन ऊंची एड़ी के जूते के प्रति उनके इस प्रेम ने उन्हें अस्पताल पहुंचा दिया था। छह इंच की स्टिलैटो पहनने की वजह उनके पैर में गोखरू हो गया और उनका चलना-फिरना मुश्किल हो गया। लेकिन उनका हाई हील प्रेम इतना जबर्दस्त है कि वे इसे छोड़ना नहीं चाहतीं, बेशक इसकी वजह से उनके पैरों में दर्द रहता है। उनकी पहचान ही यही है।
- रैम्प पर चलते हुए एक मॉडल लड़खड़ा कर गिर गई। हाई हिल की वजह से उसके पैर में सूजन और नस खिंचाव की समस्या हो गई है।
- कई लड़कियां ऑफिस जाने के लिए हाई हील को प्राथमिकता देती थीं। उन्हें क्या पता था कि हाई हील का यह शौक उन्हें रीढ़ की हड्डी की बीमारी दे देगा।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय ) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, ( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )